
kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-15 ❐ अंक-104 ❐ गुरुवार, 14 मई 2026 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12



1998 में आज ही के दिन भारत द्वारा किए गए परमाणु परीक्षणों ने दुनिया को दिखाया कि हमारे राष्ट्र का संकल्प कितना अटल है। 11 मई को हुए परीक्षणों के बाद पूरी दुनिया भारत पर दबाव बना रही थी लेकिन हमने दिखा दिया कि कोई भी शक्ति भारत को झुका नहीं सकती। नरेंद्र मोदी

सीबीएसई 12वीं की बोर्ड परीक्षा में पास फीसद घटा, छात्राओं ने मारी बाजी 11

बाहुबली पूर्व विधायक समेत चार को हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा 11

## मोबाइल ऐप पर अश्लील सामग्री के कारण पूरी पीढ़ी को बर्बाद नहीं होने दिया जा सकता

### अश्लील ऐप्स पर दिल्ली हाईकोर्ट सख्त

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को गूगल और एप्पल को अपने ऑनलाइन मंचों पर मौजूद मोबाइल एप्लिकेशन के जरिये अश्लील सामग्री के प्रसार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अदालत ने टिप्पणी की कि वह पूरी पीढ़ी को ''बर्बाद'' होने की अनुमति नहीं दे सकता।

मुख्य न्यायाधीश डी. के. उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस कारिया की पीठ ने कहा कि वर्तमान कानूनी ढांचे में, सोशल मीडिया मध्यस्थों को 'सबसे महत्वपूर्ण भूमिका' निभानी होगी और उन्हें न केवल शिकायत मिलने पर, बल्कि अश्लील सामग्री अपलोड करते समय भी कार्रवाई




करनी चाहिए। इसके अलावा, इसने केंद्र की 'इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम' को इस तरह की सामग्री के प्रसार की जांच करने के लिए भी कहा। अदालत गूगल और एप्पल द्वारा संचालित मंचों पर मौजूद मोबाइल एप्लिकेशन के जरिये अश्लील सामग्री पेश किये जाने के खिलाफ रुबिका थापा द्वारा दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। अदालत ने कहा, ''हम देश की पूरी पीढ़ी को बर्बाद नहीं होने दे सकते। हम (संविधान के) अनुच्छेद 19 के तहत सभी प्रकार की स्वतंत्रता को समझते हैं, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि हम अश्लील सामग्री के प्रसार की अनुमति दें। इसने कहा, ''हम अपेक्षा करते हैं कि रिट याचिका में किए गए आरोपों/उल्लेखों को ध्यान में रखते हुए, प्रतिवादी संख्या दो, तीन और चार (गूगल एलएलसी, एप्पल इंक. और इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम) सख्ती से कार्रवाई करेंगे, ताकि ऐसे वीडियो के प्रसार पर तुरंत रोक लगाई ● शेष पेज 11 पर

## सप्ताह में एक दिन सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें मंत्री: योगी

### ईंधन संरक्षण राष्ट्रीय दायित्व, उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल बने आदर्श: मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश मंत्रिमंडल के सदस्यों से सप्ताह में कम से कम एक दिन सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने का आह्वान करते हुए शासन में मितव्ययिता, ऊर्जा संरक्षण और जनप्रेरक आचरण की नई कार्यसंस्कृति विकसित करने का संदेश दिया है। उन्होंने मंत्रियों से अपनी वाहन फ्लीट को 50 प्रतिशत तक कम करने का भी आह्वान किया है। साथ ही मुख्यमंत्री ने अगले छह माह तक प्रदेश सरकार के सभी मंत्रियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों को अपरिहार्य परिस्थितियों को छोड़कर विदेश यात्राओं से परहेज करने के निर्देश दिए हैं।

गुरुवार को मंत्रिमंडल विस्तार के बाद सम्पन्न विस्तारित मंत्रिमंडल की पहली



बैठक में मुख्यमंत्री ने शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली को अधिक उत्तरदायी, अनुशासित और संसाधन-संवेदनशील

- ❐ अगले छह माह तक विदेश यात्राओं से परहेज करें मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी
- ❐ मेट्रो, बस, ई-रिक्शा और कारपूलिंग उपयोग को कार्यसंस्कृति में अपनाएँ जनप्रतिनिधि
- ❐ 24 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच हो कार्यालय में एयरकंडिशनर का तापमान
- ❐ एलपीजी सिलेंडर के स्थान पर पीएनजी कनेक्शन को प्राथमिकता देने के निर्देश
- ❐ विस्तारित मंत्रिमंडल के साथ मुख्यमंत्री ने की पहली बैठक, नए मंत्रियों ने जताया आभार

बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में ईंधन संरक्षण केवल आर्थिक आवश्यकता नहीं, बल्कि राष्ट्रीय दायित्व भी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पेट्रोल और डीजल की खपत को न्यूनतम रखने संबंधी आह्वान का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल को स्वयं आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्री सप्ताह में एक निर्धारित दिन मेट्रो, बस, ई-रिक्शा, कारपूलिंग अथवा साइकिल जैसी सुविधाओं का उपयोग करें, ताकि समाज में सकारात्मक संदेश जाए और आमजन भी इससे प्रेरणा लें। उन्होंने शासन एवं प्रशासनिक कार्यों में डिजिटल और वर्चुअल माध्यमों के अधिकतम उपयोग पर बल देते हुए निर्देश दिए कि अंतरजनपदीय बैठकें, प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा विधानसभा एवं विधान ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप




### अमूल ने पूरे भारत में बढ़ाए दूध के दाम

**नई दिल्ली।** अमूल ने पूरे भारत में दूध के दाम बढ़ा दिए हैं। दूध के दामों में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। अमूल दूध पर नए दाम गुरुवार, 14 मई से लागू होंगे। अमूल की तरफ से दूध को दामों में बढ़ोतरी की वजह भी बताई गई है। अमूल का कहना है कि पैकेजिंग की लागत के बढ़ने से और पशुओं के आहार के महंगा होने के चलते दूध के दाम में इजाफा किया गया है। कंपनी का कहना है कि किसानों और डेयरी चलाने वालों को नुकसान न सहना पड़े, इसलिए कीमत में इजाफा किया गया है। अमूल ताजा के एक लीटर दूध की कीमत 59 रुपये हो गई है। ये आधा लीटर दूध का पैकेट जो 30 रुपये में मिलता था, अब 31 रुपये में मिलेगा। अमूल गाय के दूध का आधा लीटर (500 द्वद्य) पैकेट जो 31 रुपये में मिलता था, अब 32 रुपये में मिलेगा। अमूल भैंस के दूध का आधा लीटर पैकेट जो 38 रुपये में मिलता था, अब 39 रुपये में मिलेगा। अमूल गोल्ड फुल क्रीम के एक लीटर दूध की कीमत 71 रुपये हो गई है। ये आधा लीटर दूध का पैकेट जो 35 रुपये में मिलता था, अब 36 रुपये में मिलेगा।

### सोना 8,550 रुपये, चांदी ने लगाई 20,500 रुपये की छलांग

नयी दिल्ली। सरकार के बहुमूल्य धातुओं पर आयात शुल्क 15 प्रतिशत किए जाने के बाद बुधवार को स्थानीय बाजार में सोने की कीमत 8,550 रुपये बढ़कर 1.65 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम से ऊपर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 20,500 रुपये बढ़कर 2,97,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जो कल 2,77,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) थी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 8,550 रुपये या पांच प्रतिशत से अधिक बढ़कर 1,65,350 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। इसका पिछला बंद भाव 1,56,800 रुपये प्रति 10 ग्राम था।

### असम पुलिस के सामने पेश हुए पवन खेड़ा

**गुवाहाटी ।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा बुधवार को असम पुलिस की क्राइम ब्रांच के सामने पेश हुए। उनसे असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा की पत्नी रिंकी भुड्यां सरमा द्वारा दर्ज कराए गए मामलों के संबंध में पूछताछ की गई। खेड़ा ने आरोप लगाया था कि मुख्यमंत्री की पत्नी के पास कई पासपोर्ट और विदेश में अघोषित संपत्तियां हैं। इसके बाद रिंकी भुइयां सरमा ने खेड़ा के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कराया था। पवन खेड़ा ने कहा कि वह जांच में सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस ने मुझे समन भेजा था और मैं उसी के अनुसार आया हूं।

## अखिलेश के छोटे भाई प्रतीक का निधन

### मुख्यमंत्री योगी समेत तमाम राजनेताओं ने आवास पर पहुंच कर दी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के भाई प्रतीक यादव (38 वर्ष) का आज बुधवार सुबह निधन हो गया। पुलिस ने शव का किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम करायाद्य डॉक्टरों ने मौत की वजह कार्डियेक अरेस्ट बताया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर में किसी प्रकार का चोट का निशान नहीं है और आगे की जांच के लिए विसरा सुरक्षित रख लिया गया है। प्रतीक के निधन की खबर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव समेत तमाम राजनेताओं ने उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी और परिवार को ढांढस बंधाया। प्रतीक यादव की पत्नी अपर्णा यादव भाजपानेत्री के साथ साथ उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष हैं और घटना के समय वे प्रदेश से बाहर थीं। वे भी दोपहर बाद आवास पहुंची। प्रतीक का अंतिम संस्कार कल लखनऊ में होगा।

समाजवादी पार्टी के संस्थापक व पूर्व



- ❐ पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह की दूसरी पत्नी के थे बेटे
- ❐ प्रतीक की पत्नी अपर्णा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष व भाजपा नेत्री

मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव और उनकी दूसरी पत्नी स्वर्गीय साधना गुप्ता के बेटे प्रतीक यादव की बुधवार सुबह लगभग छह बजे किचेन में गिरने से अचानक तबियत बिगड़ गईद्य परिजन उन्हें लेकर सिविल अस्पताल हजरतगंज पहुंचे। जाँच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने उनके शव का किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम कराया।

प्रतीक यादव की मृत्यु की खबर फैलते ही लखनऊ से लेकर सैफई तक शोक की लहर दौड़ गयी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव छोटे भाई प्रतीक यादव की मौत की खबर पाकर तुरंत पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और दुख जताते हुए पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। उन्होंने प्रतीक को होनहार बताते हुए कहा कि उन्होंने एक अलग क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई। उन्होंने कहा कि अगर परिवार किसी प्रकार की जांच चाहता है तो होनी चाहिए। उन्होंने प्रतीक के साथ हुई अपनी मुलाकातों को भी साझा किया। लगभग दो घंटे तक छह डॉक्टरों की टीम ने पोस्टमार्टम किया और जांच के लिए विसरा को सुरक्षित रखा। इसके बाद प्रतीक का पार्थिव शरीर उनके लखनऊ के विक्रमादित्य मार्ग स्थित आवास लाया गया, जहां परिजनों और शुभचिंतकों द्वारा अंतिम दर्शन और श्रद्धांजलि दी जा रही है।

प्रतीक के असामयिक निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने प्रतीक यादव के आवास पहुंच कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, ● शेष पेज 11 पर

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कार्डियक अरेस्ट से मौत

प्रतीक यादव के शव का पोस्टमार्टम होने के बाद अब रिपोर्ट भी सामने आ गयी है। डॉक्टरों ने कार्डियक अरेस्ट से मौत होने की वजह बतायी है। रिपोर्ट के अनुसार आक्सीजन सप्लाई रुकने से हालात बिगड़ी है। बड़ा ब्लड क्लाट बनने से सांसें रुक गयी थीं जबकि खून के थक्के फ़ेफड़ों की धमनियों में फंस गये थे और इसलिए मौत हुई है। रिपोर्ट में यह भी यह है कि दिल के दाहिने हिस्से में दबाव अधिक बढ़ गया था। सिविल अस्पताल प्रशासन ने भी मृत्यु के लिए किसी प्रकार के जहर की पुष्टि नही की है।

## नीट-यूजी 2026 रद्द किए जाने का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

लखनऊ। प्रश्न पत्र लीक होने के बाद एमबीबीएस व अन्य स्नातक स्तरीय मेडिकल पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए आयोजित राष्ट्रीय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2026 रद्द किए जाने का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया। फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (एफएआईएमए) ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) में बड़े पैमाने पर बदलाव करने और परीक्षा दोबारा कराने की मांग की है। याचिका में, एनटीए पर लगातार समुचित व साफ सुथरी तरीके से मेडिकल प्रवेश परीक्षा करने में विफलता का आरोप लगाया है। शीर्ष अदालत में दाखिल याचिका में एफएआईएमए ने कोर्ट की निगरानी में दोबारा से नीट-यूजी कराने की मांग की है। याचिका में केंद्र सरकार को नीट आयोजित करने के लिए एनटीए की जगह एक अधिक प्रवाभी और तकनीकी रूप से उन्नत और स्वायत्त संस्था बनाने का आदेश देने की मांग की है या फिर एनटीए में ही व्यापक बदलाव करने का आदेश देने ● शेष पेज 11 पर

## ट्रंप को 10 फीसदी टैरिफ लगाने की अस्थायी अनुमति मिली

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका की एक अपीलीय अदालत ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नए 10 फीसदी आयात शुल्क को अवैध ठहराने वाले निचली अदालत के फैसले पर फिलहाल रोक लगा दी है। इससे ट्रंप प्रशासन के दौरान लगाए गए व्यापक टैरिफ अभी लागू रहेंगे। इससे पहले अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय व्यापार अदालत ने कहा था कि ट्रंप ने राष्ट्रपति के अधिकारों का दायरा पार करते हुए कई देशों से आयात पर व्यापक शुल्क लगाए थे। अदालत के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय आपात आर्थिक शक्तियां



अधिनियम राष्ट्रपति को इतने बड़े स्तर पर टैरिफ लगाने की अनुमति नहीं देता। हालांकि अपीलीय अदालत ने निचली अदालत के आदेश पर अस्थायी रोक लगाते हुए मामले की आगे सुनवाई का फैसला किया है। अंतिम फैसला आने तक शुल्क प्रभावी बने रहेंगे।

यह मामला ऐसे समय में सामने आया है जब अमेरिका में चुनावी माहौल तेज हो रहा है और ट्रंप फिर से चीन समेत कई देशों पर भारी आयात शुल्क लगाने की वकालत कर रहे हैं। ट्रंप का कहना है कि ऊंचे टैरिफ से अमेरिकी उद्योगों और नौकरियों की रक्षा होगी। वहीं आलोचकों का मानना है कि इससे उपभोक्ताओं पर महंगाई का दबाव बढ़ सकता

## धान के भाव में 72, अरहर में 450 तो मूंग में 12 रूपये ही बढ़े

### खरीफ फसलों के लिए एमएसपी 2026-27 घोषित

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने खरीफ फसल वर्ष 2026-27 के विपणन सीजन के लिए फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में बुधवार को इजाफ़े का ऐलान किया।

पिछले वर्ष की तुलना में एमएसपी में सूरजमुखी में 622 रुपये प्रति क्विंटल, कपास में 557 रुपये प्रति क्विंटल, नाइजरसीड में 515 रुपये प्रति क्विंटल और तिल में 500 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गयी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) ने विपणन सीजन



2026-27 के लिए इस वृद्धि को मंजूरी दी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां यह जानकारी देते हुए कहा कि विपणन सत्र 2026-27 के ● शेष पेज 11 पर

### कोयला गैसीकरण को बढ़ावा देगी सरकार

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट की वजह से ऊर्जा आपूर्ति पर बाधित होने और कच्चे तेल व गैस की कीमतों में वृद्धि के बीच सरकार ने कोयला से गैस बनाने की परियोजनाओं को बढ़ावा देने का ऐलान किया है। केंद्र सरकार ने कोयला गैसीकरण के लिए 37 हजार 500 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में देश में स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने और आयात पर निर्भरता कम ● शेष पेज 11 पर

## हिज्बुल का नार्को-आतंकी इकबाल पुर्तगाल से भारत लाया गया

एजेंसी

- ❐ पुर्तगाल से प्रत्यर्पण के बाद एनआईए ने किया गिरफ्तार

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को पुर्तगाल से वांछित नार्को-आतंकवादी इकबाल सिंह उर्फ शेरा का सफलतापूर्वक प्रत्यर्पण करने के बाद उसे गिरफ्तार किया।

हिज्बुल मुजाहिदीन के आतंकी वित्तपोषण मामले के मास्टरमाइंड शेरा को आज कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए भारत लाया गया। पुर्तगाल से भारत आते ही एनआईए की एक टीम ने उसे हिरासत में ले लिया। वह 2020 में पुर्तगाल भाग गया था। उसका सफल प्रत्यर्पण एवं गिरफ्तारी, पाकिस्तान समर्थित मादक पदार्थों की तस्करी और सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ एनआईए की लड़ाई के लिए एक बड़ी सफलता है। गिरफ्तार भगोड़े के खिलाफ अक्टूबर 2020 से ही हिज्बुल मुजाहिदीन नार्को-टेरर मॉड्यूल में गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी था। जून 2021 से ही उसकी गिरफ्तारी के लिए इंटरपोल नोटिस भी जारी था। इस मामले की जांच में एनआईए ने शेरा को भारत स्थित एक नार्को-टेरर मॉड्यूल का प्रमुख साजिशकर्ता एवं संचालक पाया, जो पाकिस्तान से हेरोइन की तस्करी करने में शामिल था। पंजाब के अमृतसर का निवासी शेरा पाकिस्तान से सीमावर्ती राज्य में मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़ी साजिश का मास्टरमाइंड था। उसने मादक पदार्थों की तस्करी एवं वितरण का समन्वय और देखरेख की थी और आतंकी गतिविधियों को सुविधाजनक बनाने के लिए हवाला नेटवर्क के माध्यम से पाकिस्तान और कश्मीर स्थित हिज्बुल मुजाहिदीन के गुर्गों तक पैसा पहुंचाता ● शेष पेज 11 पर

### पाकिस्तान से बातचीत का रास्ता खुला रहना चाहिए, लेकिन सुरक्षा सर्वोपरि: दत्तात्रेय होसबले


## मुस्लिम समुदाय में राष्ट्रवादी नेता अब दुर्लभ हैं: आरएसएस

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महासचिव दत्तात्रेय होसबले ने भारत-पाकिस्तान संबंधों को लेकर अहम बयान दिया है।

उन्होंने कहा कि भारत को पाकिस्तान के साथ बातचीत की संभावनाएं पूरी तरह खत्म नहीं करनी चाहिए और संवाद का रास्ता हमेशा खुला रखना चाहिए। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि देश की सुरक्षा और स्वाभिमान सर्वोच्च हैं और किसी भी आतंकी गतिविधि का जवाब सख्ती से दिया जाना चाहिए।

एजेंसी को दिए एक इंटरव्यू में होसबले ने कहा कि भारत ने हमेशा शांति और बातचीत की पहल की है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत ने कई बार



रिश्ते सुधारने की कोशिश की, लेकिन पाकिस्तान की ओर से बार-बार उकसावे वाली घटनाएं सामने आती रहीं। होसबले ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी लाहौर बस यात्रा पर गए थे और दोनों देशों के बीच शांति बहाली की कोशिश की थी। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने शपथ ग्रहण समारोह में

- ❐ 'सच्चा' अंतर-धार्मिक प्रेम सही, लेकिन हिंदू लड़कियों को बहकाने की साजिश चिंताजनक

पाकिस्तान को आमंत्रित किया था और बाद में पाकिस्तान यात्रा भी की थी। इंटरव्यू के दौरान दत्तात्रेय होसबले ने मुस्लिम नेतृत्व को लेकर भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज में राष्ट्रवादी नेतृत्व उभरना कठिन दिखाई देता है। उनके मुताबिक, समुदाय अक्सर ऐसे नेतृत्व का समर्थन करता है जो अलगाववादी सोच रखता हो। उन्होंने कहा कि इन पहलों के बावजूद पुलवामा जैसे आतंकी हमले हुए, जिससे साफ है कि पाकिस्तान की ओर से लगातार तनाव पैदा करने की कोशिशें होती रही हैं। महासचिव ने कहा कि किसी भी देश के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मसम्मान सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। अगर पड़ोसी देश लगातार 'सुई चुभाने' जैसी हरकतें करता है या आतंकवाद को बढ़ावा देता है, तो सरकार को परिस्थितियों के अनुसार कड़ा कदम उठाना पड़ता है।

हालांकि उन्होंने जोर देकर कहा कि तनाव के बावजूद संवाद का रास्ता पूरी तरह बंद नहीं होना चाहिए। उनके मुताबिक, देशों के बीच राजनयिक संबंध, व्यापार और वीजा व्यवस्था इसी सोच के तहत बनाए रखी जाती है ताकि बातचीत की संभावना बनी रहे। उन्होंने कहा कि अगर संवाद की खिड़की पूरी तरह बंद हो जाए, तो रिश्तों में सुधार की संभावनाएं भी खत्म हो जाती हैं। होसबले ने 'लव जिहाद' को एक सुनियोजित साजिश करार दिया। उन्होंने कहा कि अगर किसी रिश्ते के पीछे किसी विशेष एजेंडे के तहत हिंदू लड़कियों को निशाना बनाने की कोशिश हो, तो उसे सामान्य प्रेम संबंध नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों को गंभीरता से देखने की जरूरत है।

# आयुर्वेद और रामचरितमानस की दुर्लभ पांडुलिपियां बनीं आकर्षण का केंद्र

❒ राजकीय अभिलेखागार का मनाया गया 77वां स्थापना दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । ऐतिहासिक दस्तावेजों, दुर्लभ पांडुलिपियों और भारतीय ज्ञान परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की दिशा में उत्तर प्रदेश राजकीय अभिलेखागार का 77वां स्थापना दिवस खास अंदाज में मनाया गया। बुधवार को लखनऊ स्थित शहीद स्मृति भवन में 'भारतीय ज्ञान परम्परा में पाण्डुलिपियों का महत्व एवं भावी पीढ़ी के लिए उपयोगिता' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी और अभिलेख प्रदर्शनी का आयोजन हुआ, जिसमें इतिहास, संस्कृति और पांडुलिपि संरक्षण से जुड़े विद्वानों ने अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (BHU), डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों से आए लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। कार्यक्रम के पहले सत्र में विशेषज्ञों ने पांडुलिपियों की उपयोगिता, संरक्षण और वर्तमान समय में उनकी प्रासंगिकता पर चर्चा की। इस दौरान पांडुलिपियों को लिखने की पारंपरिक विधियों, उनके समक्ष मौजूद चुनौतियों और युवाओं की भागीदारी बढ़ाने जैसे विषयों पर भी विस्तार से विचार रखे गए। वहीं दूसरे सत्र में विशेषज्ञों ने कहा कि अभिलेख और पांडुलिपियां समाज को उसकी जड़ों से जोड़ने का कार्य करती हैं और इनके माध्यम से आने वाली पीढ़ियां भारतीय संस्कृति और इतिहास को बेहतर ढंग से समझ सकती हैं।

**ताड़पत्र पर लिखी प्राचीन पांडुलिपियों ने खींचा लोगों का ध्यान**

कार्यक्रम के दौरान दुर्लभ पांडुलिपियों और ऐतिहासिक अभिलेखों की विशेष प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रही। प्रदर्शनी में लगभग 50 दुर्लभ पांडुलिपियां प्रदर्शित की गईं। इनमें लगभग 200 वर्ष पुरानी ताड़पत्र पर लिखी संस्कृत भाषा की 'पुरुषोत्तम माहात्म्य' पांडुलिपि विशेष आकर्षण रही, जिसमें स्कन्द पुराण में वर्णित भगवान विष्णु की लीलाओं और वैष्णव भक्तों की कथाओं का उल्लेख है। इसके अंतिम पृष्ठ पर 'जगन्नाथाय नमः' लिखा हुआ है।

**दाराशिकोह की 'सिर-ए-अकबर' बनी प्रदर्शनी का खास आकर्षण**

प्रदर्शनी में आयुर्वेद से जुड़ी हिन्दी पांडुलिपि 'वैद्यक रामविनोद' भी प्रदर्शित की गई, जो सन् 1663 ईस्वी की मानी जाती है। इसमें मानव शरीर में होने वाले 201 रोगों के लक्षण और उनके उपचार का उल्लेख किया गया है। इसके अलावा मुगल शहजादा दाराशिकोह द्वारा फारसी भाषा में लिखित 'सिर-ए-अकबर' पांडुलिपि भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। वर्ष 1656-57 के आसपास लिखी गई इस पांडुलिपि में 50 उपनिषदों का फारसी अनुवाद संग्रहित है। इसके साथ ही 'गज चिकित्सा' नामक संस्कृत पांडुलिपि में हाथियों के रोग और उनके उपचार का वर्णन किया गया है। वहीं प्रदर्शनी में रखी गई दुर्लभ 'रामचरितमानस' पांडुलिपि भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों को सुंदर चित्रों के माध्यम से दर्शाया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा कि पांडुलिपियां हमारी अमूल्य धरोहर हैं, जिन्हें सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि भारत में पांडुलिपियों की परंपरा लगभग 6000 वर्ष पुरानी है और इनमें देश की गौरवगाथा, ज्ञान और इतिहास सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि पांडुलिपियां केवल इतिहास का प्रमाण नहीं हैं, बल्कि विद्यार्थियों के लिए ज्ञान और रोजगार का महत्वपूर्ण माध्यम भी हैं।

# भुगतान के बावजूद सड़क-नाली का काम अधूरा

❒ सहायक अभियंता ने एक सप्ताह में पूरा करने और निरीक्षण का आश्वासन दिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव, प्रयागराज । प्रयागराज के कोरांव विकास खंड में गक्क135 ए लिंक मार्ग से बैदवार तहसील तक करोड़ों की लागत से स्वीकृत सड़क और नाली का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। सूत्रों के अनुसार, इस परियोजना का भुगतान पूरा हो चुका है, लेकिन जमीनी स्तर पर काम अधूरा है।

परियोजना के तहत लगभग 1500 मीटर सड़क का चौड़ीकरण और डामरीकरण होना था, साथ ही नाली का निर्माण भी प्रस्तावित था। ठेकेदारों की नियुक्ति के बावजूद, लोक निर्माण विभाग द्वारा उचित निगरानी न होने के कारण सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। कई जगहों पर मिट्टी नहीं डाली गई है, जिससे बारिश के मौसम में सड़क के क्षतिग्रस्त होने का खतरा है।

जानकारी के अनुसार, लगभग 800 मीटर पक्की नाली का निर्माण होना था, लेकिन उसका आधा काम भी पूरा नहीं हो सका है। सड़क का कार्य भी अधूरा है। आरोप है कि जिम्मेदार ठेकेदार और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दे रहे हैं।।

पूर्व में लगी लाखों रुपये की इंटरलॉकिंग सड़क से निकाली गई थी, लेकिन उसकी नीलामी नहीं की गई और न ही उसका पैसा राजस्व कोष में जमा कराया गया। इसे कथित तौर पर गायब कर दिया गया। नाली न बनने से आसपास के किसान भी परेशान हैं। इस मामले में अवधेश कुमार पाल ने कोरांव तहसील दिवस में शिकायत दर्ज कराई है। यह शिकायत 02 मई से अधिशासी अभियंता, प्रांतीय खंड, लोक निर्माण विभाग के पास जांच के लिए लंबित है, जिसका संदर्भ संख्या 30089526001795 है। शिकायतकर्ता ने अभी तक कोई कार्रवाई न होने पर उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। इस संबंध में सहायक अभियंता अरशद खान से बात की गई। उन्होंने बताया कि नाली और सड़क का जो कार्य अधूरा है, उसे एक सप्ताह के भीतर पूरा करा दिया जाएगा। उन्होंने जल्द ही स्थल का निरीक्षण करने का भी आश्वासन दिया। वही दूसरी तरफ बार एसोसिएशन कोरांव के पूर्व अध्यक्ष लल्लन कुमार तिवारी ने कहा नाली सड़क का पूरा कार्य गुणवत्ता पूर्वक नहीं कराया गया अगले एथल दिवस में इस मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों की जाएगी।

## गोरखपुर में सुथनी प्लांट का नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश



**गोरखपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोरखपुर नगर निगम के आयुक्त अजय जैन ने बुधवार को ग्राम सुथनी में निर्माणाधीन वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति और कार्यप्रणाली की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं अभियंताओं के साथ विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।नगर आयुक्त ने निर्देशित किया कि एनटीपीएस प्लांट को हर हाल में 25 मई से प्रारंभ किया जाए, ताकि कचरा निस्तारण की प्रक्रिया को गति मिल सके। उन्होंने प्लांट से निकलने वाले इनर्ट के वैज्ञानिक निस्तारण हेतु कंपोस्टिंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही एमएसडब्ल्यू पिट के निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने पर जोर दिया।उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि एमएसडब्ल्यू प्रोसेसिंग यूनिट के संचालन में किसी प्रकार की बाधा आने की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था पहले से तैयार रखी जाए, जिससे कचरा प्रबंधन प्रभावित न हो। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए लगाए गए पौधों के समुचित रखरखाव और सिंचाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त अजय जैन ने सुथनी में बन रहे विभिन्न प्रकार के ब्लॉक एवं अन्य वेस्ट प्रोसेसिंग इकाइयों के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने के लिए मुख्य अभियंता को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान जीडीए वीसी अभिनव गोपाल, अपर नगर आयुक्त, मुख्य अभियंता, अधिशासी अभियंता, अवर अभियंता तथा एनटीपीसी के अभियंता सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रतीक यादव का आकस्मिक निधन अत्यंत दुःखद : गणेश केसरवानी

**प्रयागराज,कैनविज टाइम्स संवाददाता** । उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, मुलायम सिंह यादव के पुत्र एवं उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव के पति प्रतीक यादव के आकस्मिक निधन पर भाजपा प्रदेश संगठन पार्टी के सभी कार्यक्रम निरस्त कर दिए।महापौर गणेश केसरवानी ने प्रतीक यादव के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि प्रतीक यादव की अल्प आयु में आकस्मिक निधन अत्यंत दुःखद है। इस दुःख के क्षण में भाजपा परिवार उनके साथ खड़ा है। ईश्वर दिवंगत आत्मा स्वर्गीय प्रतीक यादव जी को शांति प्रदान करे और उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को दुःख सहने की शक्ति दे।पूर्व जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में राजेश केसरवानी, विवेक अग्रवाल, पार्षद किरन जायसवाल, मुकेश कसेरा, बब्बन प्रजापति, रुद्रसेन जायसवाल, रितेश मिश्रा, सुनीता चोपड़ा, आशीष द्विवेदी, ज्ञानेन्द्र मिश्रा, प्रमोद मोदी, राजू पाठक, गिरजेश मिश्रा, अजय अग्रहरि, शत्रुघ्न जायसवाल, नीरज केसरवानी, विष्णु त्रिपाठी, कमलेश केसरवानी, सुनील केसरवानी, दीपक केसरवानी आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत निःशुल्क कोचिंग के लिए आवेदन शुरू

**प्रयागराज,कैनविज टाइम्स संवाददाता** । मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत संचालित निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं में प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह कोचिंग के.पी.इंटर कालेज में संचालित की जाएगी। जहां यूपीएससी, यूपीपीएससी, जेईई, नीट, एसएससी एवं यूपीएसएसएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी। यह जानकारी बुधवार को जिला समाज कल्याण अधिकारी रामशंकर पटेल ने दी।उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र 13 मई 2026 से 10 जून 2026 तक कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, विकास भवन, प्रयागराज के कक्ष संख्या-78 में प्रत्येक कार्य दिवस पर पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 4 बजे तक जमा किए जा सकेंगे।उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र के साथ आवश्यक शैक्षिक अभिलेख एवं अन्य वांछित दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करनी होगी।यूपीएससी एवं यूपीपीएससी के लिए हाईस्कूल, इंटरमीडिएट एवं स्नातक की मार्कशीट, नीट एवं एसएससी के लिए हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के प्रमाण पत्र आवश्यक होंगे। इसके अतिरिक्त आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र तथा आधार कार्ड की प्रतियां भी जमा करनी होंगी।जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी दूरभाष संख्या 06392485722 एवं 08687855131 पर संपर्क कर सकते हैं।

## जानलेवा हमला के दो दोषियों को 10-10 वर्ष की सजा

**प्रयागराज,कैनविज टाइम्स संवाददाता** । उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित कैंट थाने की प्रभावी पैरवी के चलते बुधवार को अपर सत्र न्यायाधीश, कक्ष संख्या-22 प्रयागराज ने जान लेवा मामले के दो आरोपितों को दोषी करार देते हुए दस-दस साल की कठोर कारावास से दंडित किया। इतना ही नहीं न्यायालय ने दोनों दोषियों पर तीस-तीस हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया। यह जानकारी पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शांडिल्य ने दी।उन्होंने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज के ‟ऑपरेशन कन्विक्शन" अभियान के तहत प्रभावी पैरवी के चलते हत्या के प्रयास के मामले में दो अभियुक्तों को न्यायालय ने 10-10 वर्ष के कठोर कारावास एवं 30-30 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।‟ऑपरेशन कन्विक्शन" अभियान के अंतर्गत अभियोग की सशक्त पैरवी करते हुए महत्वपूर्ण गवाहों को समय से न्यायालय में प्रस्तुत कराया गया। इसके परिणामस्वरूप अपर सत्र न्यायाधीश, कक्ष संख्या-22 प्रयागराज ने थाना कैण्ट के मुकदमा अपराध संख्या-155/2016, धारा 307/34 भादवि में अभियुक्त अरविन्द कुमार एवं प्रहलाद को दोषी करार देते हुए प्रत्येक को 10-10 वर्ष के कठोर कारावास तथा 30-30 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।दोषसिद्ध अभियुक्त अरविन्द कुमार पुत्र संतोष कुमार एवं प्रहलाद पुत्र संतोष कुमार निवासी 459 राजापुर थाना कैण्ट, प्रयागराज के रहने वाले हैं।डीसीपी नगर ने बताया कि अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई और न्यायालय में मजबूत पैरवी पुलिस कमिश्नरेट की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ‟ऑपरेशन कन्विक्शन" के माध्यम से गंभीर अपराधों में शामिल आरोपियों को शीघ्र सजा दिलाने का अभियान लगातार जारी रहेगा।मामले की पैरवी एडीजीसी अमित मालवीय, कोर्ट मोहर्रिर हेड कांस्टेबल अब्दुल वहीद तथा थाना कैण्ट के पैरोकार कांस्टेबल विकास सिंह द्वारा की गई।

## ट्रैक्टर की टक्कर से भट्टा मजदूर की मौत, मुकदमा दर्ज

**औरैया,कैनविज टाइम्स संवाददाता** । उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में अजीतमल थाना क्षेत्र स्थित एक भट्टा मजदूर की ट्रैक्टर की टक्कर से मौत हो गई। उसकी बहन की तृत पर अजीतमल कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।इटावा जिले के थाना इकदिल अंतर्गत अड्डा सती, मानिकपुर मोड़ निवासी पप्पू पुत्र छोटेलाल औरैया जिला के अजीतमल क्षेत्र के फूटाकुंआ स्थित दर्शन ईंट भट्टे पर मजदूरी करता था। बीते 24 अप्रैल 2026 को सुबह करीब सवा चार बजे वह भट्टा परिसर में चारपाई पर सो रहा था। आरोप है कि भट्टे पर ईंटों की ढुलाई करने वाले एक ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही से चलाते हुए ट्रैक्टर बैक किया, जिसकी चपेट में आकर पप्पू घायल हो गया। भट्टे पर काम करने वाले साथी मजदूर उसको लेकर सीएचसी अजीतमल आये। जहाँ उसको रेफर कर दिया गया। सैफई में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।कोतवाली निरीक्षक ललितेश त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर के आधार पर दुर्घटना में मौत हो जाने का मामला दर्ज किया गया है। ट्रैक्टर और भट्टा मालिक को पूँछताछ के लिए बुलाया गया है।

# कोरांव में अवैध खनन परिवहन से राजस्व क्षति

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ जनता ने नवांगतुक तहसीलदार से कार्रवाई की मांग की

कोरांव , प्रयागराज। कोरांव तहसील क्षेत्र में अवैध खनन और परिवहन के कारण राजस्व को भारी क्षति हो रही है। इसके साथ ही, ओवरलोड वाहनों की वजह से सड़कें खराब हो रही हैं और आए दिन दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। ये वाहन बिना नंबर प्लेट और वैध प्रपत्रों के खुलेआम चल रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, मध्य प्रदेश से बिना वैध कागजात के बड़े-बड़े वाहनों द्वारा काली गिट्टी लाकर कोरांव क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पहुंचाई जा रही है। ये वाहन भोर में ही कोरांव में प्रवेश कर जाते हैं। इसके अलावा, विभिन्न नदी घाटों से जेसीबी और नावों का उपयोग करके बालू और बोल्डर का अवैध खनन किया जा रहा है। खनन सामग्री को घाटों के किनारे सूखी जगह पर रखकर, फिर जेसीबी और मजदूरों की मदद से ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरकर परिवहन किया जाता है, जिससे सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है। कई स्थानों पर पत्थरों का भी अवैध खनन हो रहा है।इनमें से अधिकतर वाहनों के पास बीमा, फिटनेस या परमिट जैसे वैध दस्तावेज नहीं होते हैं। क्षेत्र की जनता ने नवांगतुक तहसीलदार, कोरांव से मांग की है कि अवैध बालू निकासी और खनन परिवहन वाले घाटों का औचक निरीक्षण कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।सामाजिक कार्यकर्ता पंडित महेंद्र प्रसाद शुक्ला ने भी इस मुद्दे पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि यदि बिना लीज के नदियों से हो रही बालू निकासी पर समय रहते अंकुश नहीं लगाया गया, तो वे इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से करेंगे। तहसीलदार कोरांव प्रयागराज रोशनी सोलंकी ने कहा यदि अवैध खनन परिवहन हो रहा तो शिकायत मिलने पर निरीक्षण कर कार्यवाही की जाएगी।

# उप्र के हरदोई, लखीमपुर खीरी, शाहजहांपुर और सीतापुर जिले में बारिश-आंधी का अलर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मौसम का मिजाज इन दिनों लगातार बदल रहा है। दो दिनों की तेज धूप और बढ़ता पारा एक बार फिर बुधवार को उस वक्त नीचे लुढ़क गया जब तेज आंधी के साथ कानपुर समेत आसपास के कई जिलों में बारिश होने लगी। वहीं, मौसम विभाग ने अगले तीन घंटों में प्रदेश के तराई वाले हिस्सों में आने वाले हरदोई, लखीमपुर खीरी, शाहजहांपुर और सीतापुर जिलों और उनके आसपास स्थानों पर मौसम खराब होने का अलर्ट जारी किया है।

लखनऊ मौसम विभाग के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि, दो दिन पूर्व ही पश्चिमी विक्षोभ बनने के आसार का पूर्वानुमान जताया गया था। मौसम के इस बदलाव से आज उक्त जिलों में बिजली गिरने के साथ मध्यम गरज-चमक, 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने तथा 70 किलोमीटर प्रति घंटे तक तेज झोंके आने की संभावना है। इसके साथ कई स्थानों पर ओलावृष्टि के साथ मध्यम बारिश होने का भी अनुमान जताया गया है।मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है। मौसम विभाग लखनऊ ने यह चेतावनी दोपहर 12 बजकर 42 मिनट पर जारी की है। जिसकी वैधता आज दोपहर 3 बजकर 42 मिनट तक रहेगी। वहीं मौसम विभाग ने राजधानी लखनऊ समेत आसपास के कानपुर नगर, कानपुर देहात, उन्नाव, औरैया, बाराबंकी, बहराइच जिलों तथा आसपास के क्षेत्रों में मेघगर्जन, आकाशीय बिजली, अचानक तेज हवा-आंधी (50-60 किमी. प्रति घंटा झोके के साथ 80 किमी. के साथ ओलावृष्टि की संभावना है। वहीं प्रतापगढ़, फ़तेहपुर, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, आंबेडकर नगर, अयोध्या, संत कबीर नगर, बस्ती, हरदोई, गोंडा, सिद्धार्थ नगर, बलरामपुर, श्रावस्ती जिलों तथा आसपास के क्षेत्रों में मेघगर्जन,आकाशीय बिजली, अचानक तेज हवा 30-40 किमी. प्रति घंटा की रफ्तार के साथ हल्की वर्षा की संभावना है।

## धार्मिक स्थल पर अवैध रूप से विस्तार करने पर मुकदमा दर्ज

गाजियाबाद । गाजियाबाद के ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र में पहले से स्थापित धार्मिक स्थल का विस्तार करने के मामले में यूपीसीडा ने मुकदमा दर्ज कराया है। ट्रोनिका सिटी सेक्टर बी- 1 आवासीय क्षेत्र में वर्षों पुराना एक धार्मिक स्थल है।यूपीसीडा के सहायक प्रबंधक अनिल कुमार सिंह ने बुधवार को पुलिस को दी शिकायत में बताया कि विभाग द्वारा वर्ष 2000 में सेक्टर बी- 1 में विकास कार्य कराए गए थे। इस दौरान एक विशेष धर्म के अज्ञात लोगों ने धार्मिक स्थल का विस्तार करना प्रारंभ कर दिया था। उस समय काम रुकवा दिया था। अब फिर इसे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि इसके लिए भूखंड आवंटित नहीं है।

# पीएम के आह्वान पर मुक्त विवि के कुलपति ने पेश की मिसाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पेट्रोल-डीज़ल की खपत कम करने की अपील का असर उ.प्र. राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में व्यापक रूप से दिखा है। कुलपति प्रोफ़ेसर सत्यकाम ने लीड बाय एक्जाम्पल की भावना से खुद पैदल कार्यालय जाने का फैसला लिया है और साथ ही विश्वविद्यालय के सभी 12 क्षेत्रीय केंद्रों के समन्वयकों व समस्त शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों से भी ईंधन बचाने की अपील की है।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. सत्यकाम ने घोषणा की कि वे प्रतिदिन आवास से गंगा परिसर स्थित कार्यालय तक पैदल आएंगे। कुलपति ने कहा कि प्रधानमंत्री का आह्वान राष्ट्र निर्माण का संकल्प है। मैंने अपने सभी क्षेत्रीय केंद्रों के निदेशकों, समन्वयकों एवं शिक्षक साथियों से अनुरोध किया है कि वे भी सप्ताह में कम से कम एक दिन पैदल या साइकिल से कार्यालय आएं। जब 12 केंद्रों का परिवार एक साथ यह कदम उठाएगा, तो हजारों लीटर ईंधन बचेगा और लाखों छात्रों तक पर्यावरण का संदेश जाएगा। यह एक भारत श्रेष्ठ भारत की सच्ची भावना है।मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देशवासियों से पेट्रोल एवं डीज़ल जैसे जीवाश्म ईंधनों की खपत कम करने तथा भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने हेतु निरंतर प्रेरित किया जा रहा है। यह केवल आर्थिक आवश्यकता नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास एवं भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए एक राष्ट्रीय दायित्व भी है। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों से आग्रह किया कि वे ऊर्जा संरक्षण एवं ईंधन बचत को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाएं तथा छोटी दूरी की यात्रा हेतु साइकिल अथवा पैदल चलने को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि ऊर्जा संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने परिवार एवं समाज को भी जागरूक करें।मुक्त विवि के मीडिया प्रभारी डॉ प्रभात चंद्र मिश्र ने कहा कि विश्वविद्यालय सदैव सामाजिक उत्तरदायित्व, पर्यावरणीय चेतना एवं राष्ट्र निर्माण के मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहा है। आज आवश्यकता है कि हम सभी मिलकर स्वच्छ, हरित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें।

# अमेरिका में लापता मीरजापुर के युवक की तलाश तेज कराने की मांग

❒ केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने लिखा पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मीरजापुर। अमेरिका में लापता हुए मीरजापुर निवासी युवक मनीष द्विवेदी की तलाश को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने भारत सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में 12 मई को पत्र जारी कर अमेरिका स्थित भारतीय दूतावास से मामले में हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है।

मीरजापुर जिले के छटहां क्षेत्र अंतर्गत चौहानपट्टी निवासी संतोष द्विवेदी ने केंद्रीय मंत्री को पत्र भेजकर अपने पुत्र मनीष द्विवेदी के लापता होने की जानकारी दी थी। मनीष द्विवेदी पश्चिमी शिपिंग कंपनी में सेकेंड ऑफिसर के पद पर कार्यरत थे और सिंगापुर ध्वज वाले जहाज 'सिफनोस लेडी' पर तैनात थे। उनका पासपोर्ट नंबर एस-1342617 तथा सीडीसी नंबर एमयूएम 356223 बताया गया है।बताया गया कि 6 मई की शाम जहाज 'सिफनोस लेडी' अमेरिका के फिलाडेल्फिया स्थित मार्कस हुक पोर्ट पर पहुंचा था। इसी दौरान मनीष द्विवेदी अपने तीन साथियों के साथ शोर लीव पर कॉनकॉर्ड मॉल/बेस्ट बाइंग क्षेत्र गए थे। इसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल सका है और न ही उन्होंने परिवार या सहकर्मियों से कोई संपर्क किया है।परिजन के अनुसार लगातार खोजबीन और स्थानीय स्तर पर प्रयासों के बावजूद अब तक मनीष द्विवेदी के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। बेटे के अचानक लापता होने से परिवार गहरे सदमे और चिंता में हैं।केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने अपने पत्र में भारत सरकार से आग्रह किया है कि अमेरिका स्थित भारतीय दूतावास को निर्देशित कर स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए मनीष द्विवेदी की जल्द से जल्द तलाश सुनिश्चित की जाए तथा उनकी सुरक्षा और कुशलता का पता लगाया जाए। उन्होंने कहा कि मामले में त्वरित हस्तक्षेप से पीड़ित परिवार को बड़ी राहत और भरोसा दिलाया जाए।

## तेज रफ्तार डाले की टक्कर से युवक की मौत, दो गंभीर घायल

निगोहा , लखनऊ । निगोहां नगराम मार्ग पर स्थित रामपुर गांव के पास देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि बाइक सवार दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद कुछ देर के लिए सड़क पर जाम की स्थिति बन गई।जानकारी के अनुसार रायबरेली जनपद के थाना शिवगढ़ क्षेत्र के केसर खेड़ा निवासी मान सिंह अपने साथी वीरेंद्र उर्फ विजय बहादुर व मुन्नू के साथ एक बाइक से निगोहां थाना क्षेत्र के हरिवंश खेड़ा स्थित सियाराम की बेटी सोनम के तिलक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर नगराम की ओर से निगोहां के हरिवंश खेड़ा जा रहे थे।इसी दौरान तेज रफ्तार छोटा हाथी (डाला) ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक चला रहे मान सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दोनों अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद तीनों कुछ देर तक सड़क पर ही घायल अवस्था में पड़े रहे, जिससे मार्ग पर जाम लग गया।सूचना मिलते ही निगोहां पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सीएचसी मोहनलालगंज भेजा, जबकि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।थाना प्रभारी अनुज तिवारी ने बताया कि बाइक चालक ने हेलमेट नहीं पहना था।

# निः शुल्क आईएएस-पीसीएस कोचिंग के लिए 18 मई से शुरू होंगे ऑनलाइन आवेदन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ समाज कल्याण विभाग ने जारी किया प्रवेश परीक्षा का शेड्यूल

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मेधावी और आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं को प्रशासनिक सेवा में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में विभाग ने सत्र 2026-27 के लिए प्रदेश में संचालित 08 आवासीय निःशुल्क आईएएस, पीसीएस परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्रों में प्रवेश के लिए सम्मिलित प्रवेश परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया है।


समाज कल्याण विभाग के निदेशक संजीव सिंह ने बुधवार को बताया कि ऑनलाइन आवेदन 18 मई से 18 जून तक विभागीय वेबसाइट बबब.पधदद्बथद्य-बद्दद्यद्बथन्द्धफ़.फ्फपदद.द्दधफ.द्बद्ध पर किए जा सकेंगे। प्रवेश पत्र 25 जून से डाउनलोड होंगे, जबकि सम्मिलित प्रवेश परीक्षा 05 जुलाई को होगी। परीक्षा परिणाम 28 जुलाई तक घोषित किए जाने की संभावना है। वहीं नया शैक्षणिक सत्र 01 अगस्त से शुरू किया जाएगा।

आवदेन के लिये अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी इसके अलावा परिवार की वार्षिक आय 06 लाख रुपये या उससे कमविषय विशेषज्ञ और वरिष्ठ अधिकारियों का मार्ग दर्शन इन केंद्रों पर अभ्यर्थियों को निःशुल्क आवासीय सुविधा ,भोजन, पुस्तकालय, ऑनलाइन और ऑफलाइन क्लासेज, टेस्ट सीरीज और मुख्य परीक्षा के साथ ही इंटरव्यू के लिए विशेष सत्र आयोजित किए जाते हैं, जहां विषय विशेषज्ञों और वरिष्ठ आईएएस और पीसीएस अधिकारियों का मार्गदर्शन दिया जाता है। हाल ही में घोषित यूपीपीसीएस-2024 परीक्षा में 44 अभ्यर्थियों ने सफलता हासिल की है।

इस सम्बन्ध में समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने जारी अपने बयान में कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हर प्रतिभाशाली युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केंद्रों के जरिए निःशुल्क कोचिंग और आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, ताकि वे प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल कर प्रशासनिक सेवाओं में अपनी पहचान बना सकें।

# निगोहां पुलिस की तत्परता से बची महिला की जान, मिशन शक्ति टीम ने तोड़ा दरवाजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता





निगोहां , लखनऊ । घरेलू विवाद से परेशान होकर आत्महत्या का प्रयास कर रही महिला की जान निगोहां पुलिस की तत्परता और मिशन शक्ति टीम की सूझबूझ से बच गई। घटना बुधवार थाना निगोहां क्षेत्र के ग्राम रामपुर गढ़ी की है। एसओ निगोहां अनुज तिवारी अनुसार पति-पत्नी के बीच घरेलू बातों को लेकर विवाद हुआ। विवाद बढ़ने पर महिला ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर फांसी लगाने का प्रयास किया। सूचना मिलते ही एसआई आंनद प्रताप सिंह म.उ.नि. गायत्री, का मुनेन्द्र कुमार और म.का पूजा सक्सेना के साथ तुरंत मौके पर पहुंचें। दरवाजा बंद होने के कारण पुलिस टीम और मिशन शक्ति टीम ने बिना समय गंवाए दरवाजा तोड़कर महिला को सुरक्षित बाहर निकाला और उसकी जान बचाई। इसके बाद महिला को पति व अन्य परिजनों के साथ थाने लाया गया। पूछताछ में मामला घरेलू विवाद का निकला। मिशन शक्ति टीम ने महिला और उसके पति की काउंसलिंग कर समझाया। काउंसलिंग के बाद दोनों पक्षों ने भविष्य में आपसी विवाद न करने और समझदारी से रहने का आश्वासन दिया। महिला को सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। निगोहां पुलिस की तत्परता और संवेदनशील कार्यशैली की स्थानीय लोगों ने सराहना की।

# सीबीएसई इंटर में रानी लक्ष्मीबाई मेमोरियल स्कूल का शानदार प्रदर्शन

❒ अदिति ने 99.2% अंक हासिल कर विद्यालय में किया टॉप

कैनविज टाइम्स संवाददाता।




लखनऊ। बुधवार को सीबीएसई इंटरमीडिएट (12वीं) परीक्षा परिणाम घोषित होते ही रानी लक्ष्मीबाई मेमोरियल स्कूल के मेधावियों में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राएं एकत्र हुए और एक-दूसरे को गले लगाकर व मिठाई खिलाकर अपनी सफलता का जश्न मनाया। विद्यालय प्रबंधन ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

विद्यालय की विकास नगर शाखा की छात्रा अदिति मिश्रा ने 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाखा एवं विद्यालय समूह में प्रथम स्थान हासिल किया। ऐश्वर्या पांडे ने 99 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं इरम फातिमा ने 98.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर तीसरा स्थान हासिल किया। अविका द्विवेदी और सान्वी कटियार ने 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथा स्थान प्राप्त किया। अंशू यादव, आस्था मिश्रा, आंशिक मौर्या और दिव्यांश पांडेय ने 97.6 प्रतिशत अंक हासिल कर पांचवां स्थान प्राप्त किया। शिवांगी पाल और आभास कौशल ने 97.4 प्रतिशत अंक के साथ छठा स्थान हासिल किया, जबकि स्वाति साहनी ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सातवां स्थान प्राप्त किया। आंशिक सिंह, अनन्या वर्मा, अर्चना यादव, इकरा सिद्दीकी और श्वेता यादव ने 96.8 प्रतिशत अंक हासिल कर आठवां स्थान प्राप्त किया। बानी गुप्ता, अभिषेक अस्थाना, हिमांशू वर्मा, अध्या वर्मा, सिमरन कौर और कार्तिकेय अग्रवाल ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नौवां स्थान हासिल किया। वहीं सलोनी सिंह और अनु चंद रोशन ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर समूह में दसवां स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# जनभागीदारी से बदलेगी गांव की तस्वीर

❒ समेसी में ग्राम पंचायत विकास योजना पर मंथन, विकास कार्यों का तैयार हुआ ब्लूप्रिंट


कैनविज टाइम्स संवाददाता




नगराम, लखनऊ। मोहनलालगंज विकास खंड की समेसी ग्राम पंचायत में मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी ग्राम पंचायत विकास योजना के तहत विशेष प्रशिक्षण एवं जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक में गांव के समग्र विकास को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए भविष्य की विकास योजनाओं का ब्लूप्रिंट तैयार किया गया।

बैठक में प्रशिक्षकों ने ल्लहमारी योजना, हमारा विकासङ्क अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि ग्राम सभा के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता से गांव की वास्तविक जरूरतों के अनुसार विकास योजनाएं तैयार की जा रही हैं। सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, रोजगार और आजीविका जैसे मुद्दों को प्राथमिकता में शामिल किया गया।लखनऊ विश्वविद्यालय के राज्य स्तरीय प्रशिक्षक डॉ. हिमांशु श्रीवास्तव एवं डॉ. निरंजन कुमार तिवारी ने पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को ग्राम पंचायत विकास योजना की कार्यप्रणाली, योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और जनभागीदारी के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।बैठक के दौरान प्राथमिक विद्यालय समेसी के अध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं ने विद्यालय से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव के.पी. सिंह, ग्राम प्रधान अशोक कुमार, पंचायत सदस्य, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# नगर निगम की लापरवाही बन सकती है बड़े हादसे का सबब




❒ नगर निगम विभाग को हादसे के बाद जागने की आदत है

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । विभागीय लापरवाही कई बार उजागर हुई है कई बार उसकी खबरे भी प्रकशित की गई हैं मगर हर विभाग गलती से सबक ले ऐसा हर विभाग नही करता कम से कम नगर निगम तो बिल्कुल नही करता अगर करता होता तो ऐसी तस्वीरें ना सामने आती जो खबर बन जाती।

अब इसी तस्वीर को देख लीजिए ये नगर निगम की कूड़ा उठाने वाली गाडी है जिसका पीछे का लोहा हवा मे तैर रहा है जो कभी भी गिर सकता है जिससे बड़ा हादसा होना भी तय है लेकिन मजाल है कि विभाग या विभागीय ठेकेदार इसको सही करा ले क्योंकि उनके पास इसका फंड नही होगा बाकी सबका होता है ऐसा अमूमन देखा भी गया है जब तक काम चलता रहेगा चलाते रहेंगे और हादसा होने के बाद ज़िम्मेदारी बांटते रहेंगे।ये तस्वीर माड़ियाँव थाना क्षेत्र सीतापुर रोड के ताडीखाना से ली गई है जहाँ तेज़ रफ़्तार मे कूड़ा गाडी नंबर फ्क 60 थ्र 6042 चल रही है और उसके पीछे कूड़ा रोकने वाली लोहे की चादर हवा मे लहरा रही है ऐसी तमाम तस्वीरे हैं जहाँ कूड़ा ज़मीन पर गिरता हुआ जाता है पर गाडी चलती रहती है तो सवाल ये है कि नगर निगम अपने ठेकेदारों पर कुछ तो नकेल कसे कि जिस काम का ठेका दिया गया है वो काम सही से हो सके यहाँ समझ ही नही आता कि ठेका कूड़ा उठाने का है या किसी बड़े हादसे को दावत देने का।

# दुबग्गा पुलिस ने 48 घंटे में किया वाहन चोरी का खुलासा, एक्टिवा बरामद, शातिर चोर गिरफ्तार




कैनविज टाइम्स संवाददाता

दुबग्गा, लखनऊ । पुलिस ने वाहन चोरी के मामलों का खुलासा करते हुए 48 घंटे के भीतर एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की दो एक्टिवा स्कूटियां बरामद की हैं। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

पुलिस के अनुसार 10 मई को अवैध एन्क्लेव निवासी एक युवक की एक्टिवा स्कूटी चोरी हो गई थी। इसके बाद 12 मई को एक अन्य व्यक्ति की एक्टिवा स्कूटी भी अज्ञात चोर उठा ले गए। दोनों मामलों में थाना दुबग्गा में मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी थी।इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने रेड गेट क्षेत्र के पास घेराबंदी कर एक संदिग्ध युवक को पकड़ा। पूछताछ में उसकी पहचान शब्ब आलम पुत्र नूरूल हसन निवासी हरदोई हाल पता बेगारिया थाना दुबग्गा, लखनऊ के रूप में हुई।पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की दोनों एक्टिवा स्कूटियां बरामद कर लीं। बरामद वाहनों में एक ग्रे रंग की और एक सिल्वर रंग की एक्टिवा शामिल है।पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया गया। कार्रवाई करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय उपनिरीक्षक धीरज भारद्वाज सहित थाना दुबग्गा पुलिस के अन्य कर्मी शामिल रहे।

## चंपत राय लखनऊ में करेंगे विहिप के प्रान्तीय कार्यालय का भूमि पूजन




**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** विश्व हिन्दू परिषद (विहिप)के उपाध्यक्ष और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय गुरूवार को लालकुआं स्थित विहिप अवध प्रान्त के प्रान्तीय कार्यालय का भूमि पूजन करेंगे। इस अवसर पर विहिप के क्षेत्र संगठन मंत्री गजेन्द्र सिंह और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रान्त प्रचारक कौशल उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी विहिप के प्रान्त मंत्री देवेन्द्र मिश्र ने बुधवार को दी।उन्होंने बताया कि 02, महादेव नगरी लालकुआं निकट हुसैनगंज मेट्रो स्टेशन गेट नंबर 1 के पास विहिप का कार्यालय है। इसी स्थान पर अब परिषद के नवीन बहुमंजिला भवन का निर्माण होगा।

## दुख की घड़ी में हम सब अपर्णा के साथ : डॉ बबीता सिंह



**लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ बबीता सिंह चौहान ने प्रतीक यादव के आकस्मिक निधन की जानकारी पर कहा कि उनकी पत्नी अपर्णा यादव भले ही आयोग में मेरे साथ हैं, लेकिन हम लोग किसी के पर्सनल चीजों में इंटरफ़ेयर नहीं करते हैं। उनके निधन का समाचार टीवी चैनल्स के माध्यम से मिला है और अभी इस बारे में ज्यादा कुछ नहीं मालूम है। दुख की घड़ी में हम उनके परिवार के साथ है।यह बातें डॉ बबीता सिंह चौहान ने बुधवार को मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कही। उन्होंने प्रतीक के अचानक और कम आयु में निधन के सवाल पर कहा कि इधर देखा जा रहा कि 25-26 साल के लोगों की हार्ट अटैक से मृत्यु हो जा रही है तो कम उम्र में किसी को क्या हो जाता है, इस पर कुछ कहना ठीक नहीं। उनके दोस्त क्या आरोप लगा रहे हैं इससे अच्छा है कि अभी हम सब उनको (अपर्णा यादव) और परिवार को इस दुख की घड़ी में सांत्वना दे। अपर्णा से बातचीत के बाद ही कुछ कहना संभव होगा।उल्लेखनीय है कि प्रतीक यादव दिवंगत नेताजी मुलायम सिंह यादव के बेटे और समाजवादी पार्टी (सपा)के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के छोटे भाई एवं मौजूदा उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव के पति थे। प्रतीक यादव की बुधवार सुबह संदेहास्पद मौत हो गई है।

## जिला मुख्यालयों पर भाजपा महिला मोर्चा का विरोध प्रदर्शन स्थगित

**लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महिला मोर्चा की ओर से बुधवार को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर होने वाले विरोध प्रदर्शन को स्थगित कर दिया गया है। भाजपा नेता व महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव के पति प्रतीक यादव के निधन के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के निर्देश पर भाजपा महिला मोर्चा का विरोध कार्यक्रम स्थगित किया गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा अपर्णा यादव के पति प्रतीक यादव के निधन का समाचार अत्यंत दु:खद है। इस कठिन समय में मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवार के साथ है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा परिवार को इस अपार दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। उल्लेखनीय है कि समाजवादी पार्टी के सांसद व द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति की गई अमर्यादित एवं अशोभनीय टिप्पणी के विरोध में प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर भाजपा का विरोध प्रदर्शन का कार्यक्रम तय था।

## ग्राम पंचायत भवन में चोरी, इनवर्टर-बैट्री समेत महत्वपूर्ण अभिलेख गायब

**चिनहट, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चिनहट क्षेत्र के ग्राम सभा देवरिया स्थित पंचायत भवन में चोरी की घटना सामने आई। अज्ञात चोर पंचायत भवन से इनवर्टर, बैट्री, डीवीआर कैमरा, वाईफाई बॉक्स समेत महत्वपूर्ण अभिलेख और नकदी चोरी कर फरार हो गए। घटना से गांव में हड़कंप मच गया।ग्राम प्रधान ओम प्रकाश ने चिनहट थाने में दी गई तहरीर में बताया कि रात मे पंचायत भवन में चोरी की वारदात हुई। सुबह राहगीरों से सूचना मिलने पर मामले की जानकारी ग्राम प्रधान को हुई। मौके पर पहुंचने पर पंचायत भवन का सामान बिखरा मिला।तहरीर के अनुसार चोर इनवर्टर, बैट्री, डीवीआर कैमरा, वाईफाई बॉक्स के अलावा कार्यालय की अलमारी में रखे महत्वपूर्ण पत्रावली और अभिलेख भी उठा ले गए। साथ ही लगभग आठ हजार रुपये नकद भी गायब मिले।घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पर दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत भवन में चोरी की घटना से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## डीपीएस इंदिरा नगर के छात्र शिवांश आनंद ने किया विद्यालय टॉप

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सीबीएसई (12वीं) के परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित होते ही दिल्ली पब्लिक स्कूल, इन्दिरा नगर, लखनऊ में हर्षोल्लास का वातावरण छा गया। परिणाम घोषित होते ही छात्रों की वर्ष भर के परिश्रम की सफलता उनके चेहरे से झलक रही थी। विद्यालय के छात्रों ने अधिकतम अंक 98 प्रतिशत प्राप्त किये। जिसमें शिवांश आनंद ने 98 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में टॉप किया। तो वहीं 97 प्रतिशत अंकों के साथ इशिका सिंह ने दूसरा स्थान तथा 96.6 प्रतिशत अंकों के साथ ईशान सक्सेना ने तीसरा स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया।

# उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने अपनी फ्लीट में गाड़ियों की संख्या की आधी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पठक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील का पालन करते हुए राष्ट्रहित में अपनी फ्लीट की गाड़ियों को आधी करने का फैसला लिया है।उन्होंने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र के नागरिकों से जो अपील की है, उसका पूर्ण रूप से पालन किया जाएगा।

उप मुख्यमंत्री ने अपनी फ्लीट की गाड़ियों की संख्या आधी करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है। इससे ऊपर कुछ भी नहीं है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने देशवासियों से अपनी अपील में स्पष्ट किया है कि जहां तक संभव हो, वर्क फ्रॉम होम को प्राथमिकता दें। एक साल तक सोना खरीदने से बचें। पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने के लिए मेट्रो से सफर करें। पार्सल रेल से भेजें और कार का कम इस्तेमाल करें। खाने के तेल का भी कम उपयोग करें। रासायनिक खाद का इस्तेमाल आधा करें और प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ें। विदेशी ब्रांडेड उत्पादों का उपयोग कम करें और स्वदेशी को अपनाएं। एक साल तक विदेशों की यात्रा कम करें। तेल आयात पर खर्च होने वाली विदेशी मुद्रा बचाने का हम सभी को संकल्प लेना चाहिए।उन्होंने कहा कि हफ्ते में एक दिन कारपूल करना हो या फिर बैटरी चलित वाहनों को अपनाना, आपका हर छोटा कदम देशहित में बड़ा योगदान है। गैस चूल्हे की जगह इंडक्शन का उपयोग और घर पर सोलर पैनल लगाना एक बेहतरीन शुरुआत हो सकती है।

# सीबीएसई 12वीं में एसआर का जलवा

❒ 53 छात्रों ने 90% से अधिक अंक हासिल किए- प्रिया यादव बनीं स्कूल टॉपर, शानदार परिणाम से विद्यालय में जश्न का माहौल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बख्शी का तालाब,लखनऊ । सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में एसआर ग्लोबल स्कूल बख्शी का तालाब के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता का नया इतिहास रच दिया। विद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर न केवल अपने अभिभावकों और शिक्षकों का मान बढ़ाया, बल्कि विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता को भी नई पहचान दिलाई।

परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला।विद्यालय की छात्रा प्रिया यादव ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं कासनी मिश्रा ने 95.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा शौर्य चौहान ने 95 प्रतिशत, कावेरी अवस्थी ने 94 प्रतिशत तथा श्रेष्ठ वर्मा ने 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।विद्यालय प्रशासन के अनुसार इस वर्ष 53 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, जबकि अधिकांश छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की। लगातार उत्कृष्ट परिणामों ने एक बार फिर विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं अनुशासित शैक्षणिक वातावरण को साबित किया है। टॉपर छात्राओं प्रिया यादव एवं कासनी मिश्रा ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के चेयरमैन पवन सिंह चौहान, शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में मिला सकारात्मक माहौल और शिक्षकों का निरंतर मार्गदर्शन उनकी सफलता की सबसे बड़ी ताकत रहा।विद्यालय के चेयरमैन पवन सिंह चौहान ने सभी सफल विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और बेहतर शिक्षण व्यवस्था के चलते विद्यालय लगातार उत्कृष्ट परिणाम दे रहा है। उन्होंने सीबीएसई की ऑन स्क्रीन मूल्यांकन प्रणाली को पारदर्शी और निष्पक्ष बताते हुए इसकी सराहना की वहीं वाइस चेयरमैन पीयूष सिंह चौहान ने विद्यार्थियों के समर्पण और मेहनत की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

# एलपीएस ग्रुप में श्रेयांश सिंह बने टॉपर, हासिल किए 99 प्रतिशत अंक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । सीबीएसई इंटरमीडिएट (12वीं) परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित होते ही मेधावियों में खुशी की लहर दौड़ गई। छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और गले लगाकर अपनी सफलता का जश्न मनाया।

लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेज के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का गौरव बढ़ाया। विद्यार्थियों ने उच्च अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा, अनुशासन और कठिन परिश्रम का प्रभावशाली परिचय दिया। सीबीएसई 12वीं परीक्षा में विभिन्न शाखाओं के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। सीतापुर शाखा के श्रेयांश सिंह ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर एलपीएस ग्रुप में सर्वोच्च स्थान हासिल किया।

वहीं गोमती नगर शाखा के मोहम्मद सलमान ने 96.4 प्रतिशत, दिव्यांशी वर्मा ने 95.6 प्रतिशत, ध्रुव शर्मा ने 95.2 प्रतिशत तथा कुशाग्र सिंह ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वृंदावन योजना शाखा की श्रृष्टि दीक्षित और शान्वी गुप्ता ने 95.4 प्रतिशत, ऋषिका दुबे ने 95.2 प्रतिशत एवं जैस्मिन श्रीवास्तव ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं आम्रपाली योजना शाखा के अर्नव श्रीवास्तव ने 93.2 प्रतिशत, आयुष खत्री ने 93 प्रतिशत तथा आर्यन मौर्य ने 92.8 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय की उपलब्धियों में महत्वपूर्ण योगदान दिया।इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर संस्थान के चेयरमैन एवं सांसद डॉ एस पी सिंह ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों और प्रधानाचार्यों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## डूडा विभाग की समीक्षा बैठक में महापौर ने आवास और सड़क निर्माण कार्यों की प्रगति पर दिए निर्देश

लखनऊ। महापौर सुषमा खर्कवाल ने सोमवार को नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ स्मार्ट सिटी कार्यालय में डूडा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक का उद्देश्य शहरी विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना तथा आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कार्यों में तेजी लाना रहा। बैठक में अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, पंकज श्रीवास्तव, अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम एवं परियोजना अधिकारी डूडा लखनऊ चंद्रकांत त्रिपाठी सहित डूडा विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं, आवास आवंटन की स्थिति तथा निर्माणाधीन परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। समीक्षा बैठक के दौरान महापौर ने विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य शहरी आवास योजनाओं के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध तरीके से आवास उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पारदर्शिता के साथ पहुंचना चाहिए और किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

# शिक्षामित्रों की समस्याओं के समाधान को लेकर सरकार गंभीर : सुशील यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी, लखनऊ । उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक बीआरसी काकोरी परिसर में आयोजित की गई, जिसमें काकोरी ब्लॉक के शिक्षामित्रों ने प्रदेश महामंत्री सुशील यादव एवं जिला अध्यक्ष हरिनाम सिंह का भव्य स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री सुशील यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षामित्रों की समस्याओं के समाधान को लेकर गंभीर है और जल्द ही उनकी सभी समस्याओं का स्थायी समाधान किया जाएगा। उन्होंने शिक्षामित्रों से संगठन के साथ एकजुट रहने और अपनी आवाज को मजबूती देने का आह्वान किया। ब्लॉक प्रभारी देवी दयाल ने कहा कि प्रदेश महामंत्री सुशील यादव के लगातार संघर्ष और मेहनत का ही परिणाम है कि आज शिक्षामित्रों के मानदेय में बढ़ोतरी, कैशलेस चिकित्सा सुविधा तथा मूल विद्यालय वापसी जैसी व्यवस्थाएं लागू हो सकी हैं। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री एवं बेसिक शिक्षा मंत्री का आभार व्यक्त किया।ब्लॉक अध्यक्ष विजय बहादुर ने स्वागत भाषण में कहा कि जब शिक्षामित्र निराशा के दौर से गुजर रहे थे, तब संगठन के पदाधिकारियों ने पूरी निष्ठा के साथ संघर्ष कर शिक्षामित्रों को सम्मान दिलाने का कार्य किया। संगठन और सरकार के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित होने से शिक्षामित्रों की कई मांगें पूरी हुई हैं।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे खंड शिक्षा अधिकारी काकोरी रामशंकर ने शिक्षामित्रों को बेसिक शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ बताते हुए उनके शिक्षण कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षामित्र विद्यालयों में बच्चों के बेहतर भविष्य निर्माण में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर प्रदेश सचिव आनंद सिंह, जिला अध्यक्ष हरिनाम सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष विजय बहादुर, महामंत्री सतीश गौतम, शिव किशोर द्विवेदी, शालिनी सिंह, सबा समीम, सुमन राजपूत, रजनी, शबनम सिद्दीकी, पुष्पलता द्विवेदी, यासमीन, मोहित तिवारी, सुनील कुमार, जैनेंद्र सिंह, महेश कुमार, मोबिना बानो, राज किशोर सहित सैकड़ों शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

# सीतापुर में डीएम का औचक निरीक्षण दो डॉक्टरों का वेतन रोका

❒ एएनएम का 15 दिन का वेतन काटने के निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर मथुरा का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील कुमार वर्मा से अस्पताल की व्यवस्थाओं तथा चिकित्सकों की उपस्थिति के संबंध में जानकारी ली।

जांच में दो चिकित्सक शिवाकांत तथा अरुण अनुपस्थित पाए गए, जिस पर जिलाधिकारी ने दोनों का एक-एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए।डीएम ने लेबर रूम पहुंचकर वहां उपलब्ध उपकरणों का परीक्षण किया तथा रजिस्टरों की भी जांच की। इस दौरान एक गर्भवती महिला के अभिलेख में आवश्यक वैक्सीनेशन न लगे होने की जानकारी मिलने पर एएनएम पूनम त्रिपाठी की लापरवाही मानते हुए उनका 15 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए।इसके अलावा कार्यों में रुचि न लेने और लापरवाही बरतने पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील कुमार वर्मा को चेतावनी पत्र जारी करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनूप श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे। बताते चले कि जिधिकारी लोगों को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिये निरन्तर प्रयासरत है। इस सम्बन्ध में उन्होंने सम्बन्धित को सख्त निर्देश भी दे रखे है।

# मृदा की प्रकृति के अनुसार करें उर्वरकों का चयनः डॉ. एस. के. झा

❒ अम्लीय एवं क्षारीय मिट्टी के सुधार पर वैज्ञानिकों ने किसानों को किया जागरूक

❒ सतत कृषि एवं मृदा संरक्षण पर केवीके, कटिया का विशेष अभियान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सीतापुर। भारत सरकार द्वारा संचालित छ्रसंतुलित उर्वरक उपयोग अभियानङ्क के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र, कटिया, सीतापुर द्वारा ऐलिया विकास खंड के सहरौई गांव में किसान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कुल 62 कृषकों ने प्रतिभाग कर वैज्ञानिक खेती एवं मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं।कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि विज्ञान केंद्र कटिया, सीतापुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. दया शंकर श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने कहा कि संतुलित उर्वरक उपयोग वर्तमान समय की आवश्यकता है। मृदा परीक्षण आधारित उर्वरक प्रयोग से न केवल फसल उत्पादन में वृद्धि होती है, बल्कि भूमि की उर्वरता एवं पर्यावरण संरक्षण में भी सहायता मिलती है। उन्होंने किसानों से उर्वरकों का वैज्ञानिक एवं संतुलित प्रयोग अपनाने का आह्वान किया।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आईसीएआर-सीएसएसआरआई, क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, लखनऊ के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. एस. के. झा उपस्थित रहे। उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि छ्रअम्लीय एवं क्षारीय मृदा के अनुसार ही फसल प्रजातियों एवं उर्वरकों का चयन करना चाहिए।ङ्क उन्होंने बताया कि मृदा की प्रकृति के अनुरूप उर्वरक प्रबंधन अपनाने से फसल उत्पादन बेहतर होता है तथा मृदा स्वास्थ्य लंबे समय तक सुरक्षित रहता है।डॉ. झा ने बताया कि अम्लीय मृदा की स्थिति में बुआई से पूर्व खेत में चूना (ख्रद्धद्र) अथवा कैल्शियम कार्बोनेट का प्रयोग करना चाहिए, जिससे मिट्टी की अम्लीयता को नियंत्रित किया जा सके। वहीं, क्षारीय मृदा के रासायनिक सुधार हेतु जिप्सम (क्ष्भ्धफ्द्ध) अथवा आयरन पाइराइट्स का प्रयोग प्रभावी माना जाता है। इससे मिट्टी में उपस्थित सोडियम का विस्थापन होता है तथा जल निकास क्षमता में सुधार आता है।कार्यक्रम के दौरान किसानों को मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, उर्वरकों के संतुलित उपयोग तथा टिकाऊ कृषि तकनीकों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। किसानों ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता करते हुए कृषि संबंधी समस्याओं पर वैज्ञानिकों से चर्चा की।

# स्वगणना को लेकर जिले में दिखा जबरदस्त उत्साह केंद्रीय कर्मियों ने बढ़-चढ़कर निभाई जिम्मेदारी

❒ एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने किया जागरूक, बैंक, डाक, आयकर व सुरक्षा बलों ने भी अभियान में दिखाई सक्रिय भागीदारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी। जिले में बुधवार को स्वगणना अभियान को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। केंद्रीय कर्मचारियों, कोषागार कर्मियों और पेंशनर्स ने न सिर्फ अपनी स्वगणना पूरी की, बल्कि सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर साझा करते हुए अन्य लोगों को भी इस राष्ट्रीय अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

जिला जनगणना अधिकारी/एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह के आव्हान पर बड़ी संख्या में लोगों ने स्वगणना में सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। बैंक कर्मियों, आयकर विभाग, डाक विभाग और एसएसबी जवानों ने भी अभियान में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। जिला प्रशासन द्वारा इस दिन को विशेष रूप से केंद्रीय कार्मिकों के लिए समर्पित किया गया था।एडीएम ने बताया कि स्वगणना अभियान के प्रथम चरण में नागरिकों को मकान गणना एवं सूचीकरण करना होगा। पोर्टल पर 34 प्रश्नों के उत्तर देकर कोई भी व्यक्ति अपनी स्व-गणना पूरी कर सकता है। फाइनल सबमिट के बाद एक यूनिक आईडी जनरेट होगी, जिसे सुरक्षित रखना आवश्यक है। 22 मई से 22 जून तक प्रगणक घर-घर जाकर विवरण का सत्यापन करेंगे, जिसमें नागरिक अपनी जनरेटेड आईडी के माध्यम से डेटा की पुष्टि करा सकेंगे। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने जनपदवासियों से अपील की कि 15 दिवसीय इस अभियान में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें और इसे सफल बनाने में सहयोग दें।

### जिला जज ने की स्वगणना, न्यायिक अफसरों ने भी निभाई जिम्मेदारी

स्वगणना अभियान की गूंज अब न्यायालय परिसर तक पहुंच गई है। जिला न्यायालय में जनपद न्यायाधीश शिव कुमार सिंह ने स्वयं स्वगणना प्रक्रिया पूरी कर अभियान को मजबूती दी। तहसीलदार सदर मुकेश कुमार ने न्यायालय पहुंचकर न्यायिक अधिकारियों को स्वगणना की प्रक्रिया समझाई और ऑनलाइन प्रक्रिया पूर्ण कराई। न्यायिक अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी से अभियान को नई ऊर्जा मिली और छ्रपहले स्वयं, फिर प्रेरित करेंङ्क का संदेश भी मजबूती से सामने आया।

### अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़, अभियुक्त गिरफ्तार

शाहजहांपुर। थाना सिंधौली पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया और मौके से बने-अधबने तमंचे, कारतूस एवं शस्त्र बनाने उपकरण बरामद किए हैं।

थाना सिंधौली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के ग्राम तेरा के जंगल में संचालित अवैध शस्त्र फैक्ट्री पर दबिश दी और अवैध शस्त्र बनाते हुए मौके से गांव के रहने वाले शातिर अभियुक्त अतीक अहमद पुत्र सद्दीक अहमद को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से 02 तमंचा चालू हालत में, 02 तमंचा अधबने, 03 जिन्दा कारतूस, 02 खोखा कारतूस और अवैध तमंचा बनाने के विभिन्न उपकरण बरामद किए। पकड़े गए अभियुक्त पर थाना सिंधौली पर हत्या का प्रयास, अपहरण, लूट, गैंगस्टर, गुण्डा एक्ट, आयुध अधिनियम, आबकारी अधिनियम आदि के करीब 02 दर्जन अपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने अभियुक्त अतीक अहमद के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना सिंधौली के उपनिरीक्षक सचिन कुमार और राकेश कुमार के साथ आरक्षी राहुल बैसला, प्रवीण भाटी, आसिफ हुसैन आदि मौजूद रहे।

# डीएम का औचक निरीक्षणः एआरटीओ दफ्तर से लेकर एडीटीसी तक खंगाली हकीकत, दिए निर्देश

❒ काउंटर, अभिलेख और आवेदन की डीएम ने खुद की जांच, सेंसर ट्रैक व सिम्युलेटर सिस्टम का लिया जायजा, अफसरों को जनता-केंद्रित व्यवस्था के सख्त निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी । जिले में प्रशासनिक कार्यप्रणाली को पारदर्शी और प्रभावी बनाने के अभियान के तहत डीएम अंजनी कुमार सिंह ने बुधवार को एआरटीओ कार्यालय और प्रत्यायन चालन प्रशिक्षण केंद्र छाउछ का औचक निरीक्षण कर पूरी व्यवस्था की गहन पड़ताल की। डीएम के अचानक पहुंचने से कार्यालय में अफसरों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया।

निरीक्षण के दौरान डीएम स्वयं एक-एक काउंटर पर पहुंचे और वहां मौजूद अभिलेखों को बारीकी से देखा। उन्होंने आवेदकों से जुड़े दस्तावेजों की जांच करते हुए मौके पर मौजूद कार्मिकों से उनके कार्य दायित्वों की जानकारी ली। डीएम ने कार्यालय के तीनों तल का विस्तृत निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की स्थिति परखी और संबंधित अधिकारियों को जरूरी सुधारात्मक निर्देश दिए। एआरटीओ शांति भूषण पांडे से डीएम ने कार्यालय की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि अधिकारी नियमित रूप से राउंड करें और कार्यालय में आने वाले आवेदकों से सीधे संवाद कर यह सुनिश्चित करें कि किसी भी स्तर पर अनावश्यक परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान डीएम ने परिसर में मौजूद लोगों से भी बातचीत की और उनके आवेदन एवं दस्तावेजों की जांच कर कार्य प्रगति की पुष्टि की। साथ ही उन्होंने जिले में ड्राइविंग टेस्ट एवं प्रशिक्षण हेतु संचालित प्रत्यायन चालन प्रशिक्षण केंद्र की व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

इसके बाद डीएम अंजनी कुमार सिंह सीधे प्रत्यायन चालन प्रशिक्षण केंद्र छाउछ पहुंचे, जहां उन्होंने व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। डीएम ने सेंसर बेस्ड ट्रैक, सिम्युलेटर मशीनों और ऑटोमेटेड टेस्टिंग सिस्टम का बारीकी से अवलोकन करते हुए प्रशिक्षक दीपक शुक्ला से केंद्र की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान रंजीत कुमार पुत्र सुरेश का ऑटोमेटेड टेस्टिंग सिस्टम के माध्यम से ड्राइविंग कौशल का मूल्यांकन किया जा रहा था। रंजीत ने डीएम के समक्ष निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए कार्ड स्कैन कर अपनी टेस्ट प्रकिया पूरी की। डीएम ने पूरी प्रक्रिया को करीब से देखा और प्रशिक्षक से केंद्र के संचालन एवं तकनीकी व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इसके बाद डीएम ने सिम्युलेटर कक्ष एवं प्रशिक्षण कक्ष का भी निरीक्षण किया और व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाए जाने के निर्देश दिए।

# जिलेभर में उर्वरक बिक्री पर कड़ी निगरानी सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष सतर्कता

❒ पीओएस मशीन से ही होगी खाद बिक्री, तय रेट से ज्यादा वसूली पर होगी कार्रवाई : डीएम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी। खरीफ सीजन 2026 से पहले जिले में उर्वरकों की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था, निगरानी एवं किसानों को निर्धारित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से मंगलवार देर शाम को को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में डीएम अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उर्वरक समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसमें कृषि, सहकारिता और गन्ना विभाग के अधिकारियों के साथ उर्वरक कंपनियों के प्रतिनिधि व थोक विक्रेता मौजूद रहे।डीएम अंजनी कुमार सिंह ने निर्देशित किया कि सभी उर्वरक विक्रेता प्रातः 9:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक बिक्री केन्द्र संचालित रखें तथा पीओएस मशीन के माध्यम से ही उर्वरकों का वितरण करें। किसानों से खतौनी एवं फार्म रजिस्ट्री की प्रति लेकर ही बिक्री की जाये। स्टॉक एवं वितरण रजिस्टर अद्यतन रखा जाये तथा विक्रय निर्धारित दरों पर ही किया जाये।बैठक में संतुलित उर्वरक उपयोग पर भी जोर दिया गया। डीएम ने अधिकारियों से कहा कि किसानों को पीएम प्रणाम योजना के तहत यूरिया के संतुलित प्रयोग और एनपीके उर्वरकों के इस्तेमाल के लिए जागरूक किया जाए। कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से विभिन्न फसलों के लिए अनुशंसित उर्वरक मात्रा अपनाने की अपील की गई।डीएम ने दो टूक कहा कि उर्वरकों की कालाबाजारी, टैगिंग या निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत वसूलने की शिकायत मिलने पर संबंधित विक्रेताओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। इसके लिए जनपद, तहसील और विकासखंड स्तर पर गठित निगरानी समितियों को सक्रिय रखने और नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए।बैठक में जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह व सहायक आयुक्त एवं निबंधक (सहकारिता) ने अवगत कराया कि खरीफ 2026 हेतु जनपद में यूरिया, डीएपी, एनपीके, एमओपी एवं एसएसपी उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करायी जा रही है। सहकारिता, गन्ना एवं निजी क्षेत्र के माध्यम से विकासखण्डवार उर्वरकों का आवंटन किया गया है, ताकि किसानों को समय से उर्वरक उपलब्ध हो सके।भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्रों और प्रमुख खाद बिक्री केंद्रों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश देते हुए डीएम ने कहा कि शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए कंट्रोल रूम भी सक्रिय रखा जाए।

# सीबीएसई 12वीं में कर्नल्स एकेडमी ग्लोबल का शानदार प्रदर्शन



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

शाहजहांपुर। सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) द्वारा बुधवार को 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने के बाद कर्नल्स एकेडमी ग्लोबल में खुशी का माहौल रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्कूल और शहर का नाम रोशन किया।

विद्यालय की छात्रा नाव्या यादव ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में पहला स्थान हासिल किया। वहीं क्रीति च्वयन ने 94.2 प्रतिशत, शिविका शुक्ला ने 94 प्रतिशत तथा जाह्नवी सक्सेना और वेदिका ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों में उत्साह देखने को मिला।विद्यालय की अध्यक्ष नीला चौधरी और डायरेक्टर एजुकेशन पूनम अभिनव चौधरी ने मेधावी छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय उनके कठिन परिश्रम, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। इस दौरान विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### एल्पिस ग्लोबल स्कूल का सीबीएसई कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम शानदार

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान Elpis Global School ने सीबीएसई कक्षा 12 बोर्ड परीक्षा में एक बार फिर उत्कृष्ट परिणाम देकर शिक्षा जगत में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं नगर का नाम गौरवान्वित किया। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का माहौल छा गया। विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की।विद्यालय प्रबंधन समिति, निदेशक, प्रधानाचार्य एवं समस्त शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रशासन ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं में विभूति वर्मा ने 96.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं उम्मे हानी ने 94.20 प्रतिशत तथा भाव्या अग्रवाल ने 93.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।अन्य प्रमुख विद्यार्थियों में अनमोल वर्मा ने 93.20 प्रतिशत, आकृति अग्रवाल ने 92.60 प्रतिशत, कशिश खेतान एवं रेहान अंसारी ने 92.40 प्रतिशत, शौनक शुक्ला ने 91.00 प्रतिशत, श्रेयांश अवस्थी ने 90.80 प्रतिशत, रोहन राज एवं अविनाश वर्मा ने 90.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।इसी क्रम में दैविक रस्तोगी ने 89.00 प्रतिशत, आयुषी शर्मा ने 88.80 प्रतिशत, स्तुति अग्रवाल ने 88.60 प्रतिशत, सक्षम अग्रवाल ने 88.00 प्रतिशत, माही अग्रवाल एवं आत्यंतिक रस्तोगी ने 87.20 प्रतिशत, मोहम्मद हसन बदर, महक दीप कौर एवं अक्षत वर्मा ने 87.00 प्रतिशत अंक अर्जित किए।इसके अतिरिक्त कौस्तुभ द्विवेदी ने 86.60 प्रतिशत, अल्तमश ने 86.20 प्रतिशत, आयुषी त्रिवेदी ने 85.80 प्रतिशत, अनमोल वर्मा ने 85.40 प्रतिशत तथा पियूष मिश्रा ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की।विद्यालय के निदेशक एवं प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यालय भविष्य में भी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर मार्गदर्शन प्रदान करता रहेगा ताकि छात्र-छात्राएं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। इस शानदार सफलता पर नगरवासियों एवं अभिभावकों ने भी विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दीं।

### तमंचे के बल पर दंपति से लूट, नगदी-जेवर और मोबाइल लेकर फरार हुए बदमाश

**मिश्रित, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गजोधरपुर मजरा बरमी निवासी कृष्णपाल यादव पुत्र देशराज यादव ने पुलिस क्षेत्राधिकारी मिश्रित को एक शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है । कि दिनांक 11 मई को समय लग भग 9 से 10 बजे रात के बीच वह अपनी पत्नी व पुत्री को लेकर ग्राम खानपुर से मोटर साइकिल व्दारा घर वापस आ रहे थे । तभी ग्राम करमसेपुर के आगे सौंरी पुलिया के पास पल्सर मोटर साइकिल सवार तीन लुटेरों ने उनकी मोटर साइकिल को रोक लिया और नाजायज तमंचा लगाकर पत्नी के पास रखी 10 हजार रुपए की नगदी व पत्नी के सोने चांदी के जेवर जिनकी कीमत लग भग 1 लाख 50 हजार रुपए तथा 17 हजार रुपए का वीवो मोबाइल सेट और मोटर साइकिल की चावी साथ में लेकर चंपत हो गए । पीड़ित ने मांमले का शिकायती पत्र पुलिस क्षेत्राधिकारी को देकर अज्ञात लुटेरों के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की हैं ।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत गोष्ठी सम्पन्न

मछरेहटा,सीतापुर । सरकार द्वारा चलाए गए अभियान के तहत दिशा-निर्देशन में मिशन शक्ति कार्यक्रम फ़ेज 05 के द्वितीय चरण के अंतर्गत महिला पुरुषों एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया। पुलिस ने इस दौरान मिशन शक्ति अभियान व सुरक्षा आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून के बारे में जानकारी व सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं व टोल फ्री नंबर के बारे में जानकारी दी गई। 1090( वूमेन पावर हेल्प लाइन नम्बर) 1076(मुख्य मंत्री हेल्प लाइन नम्बर) 1098(चाइल्ड हेल्प लाइन नम्बर)112, 102, 108, 181, 1930 आदि नंबरों की जानकारी दी गई व सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला योजना, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, राष्ट्रीय पोषण मिशन , प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना आदि योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। महिलाओं पर हो रहे अपराध से अवगत कराया गया व उनकी समस्या का निवारण किया गया।बालिकाओं की काउंसलिंग कर उनसे उनकी समस्या पूछी गई।

# रामपुरमथुरा ब्लॉक में डीएम का औचक निरीक्षण लापरवाही पर कई अधिकारियों को नोटिस

❒ जनसुनवाई से आवास योजना तक डीएम ने खंगाली व्यवस्थाएं, कर्मचारियों पर गिरी गाज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सीतापुर । जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने मंगलवार को विकास खण्ड रामपुरमथुरा का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी प्रतिभा जायसवाल के जनसुनवाई रजिस्टर का अवलोकन करते हुये शिकायतकर्ताओं से दूरभाष के माध्यम से वार्ता की एवं उनका फीडबैक लिया।

खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि शिकायकर्ताओं की शिकायत का जल्द से जल्द एवं गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित किया जाये तथा डिस्पैच रजिस्टर का भी गहनतापूर्वक अवलोकन किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री आवास पटल पहुंचकर जिलाधिकारी ने पात्र लाभार्थियों को आवंटित किये गये आवासों की जानकारी लेते हुये संबंधित को निर्देश दिये जिन पात्रों के आवास हेतु आवेदन प्राप्त हो गये हैं, उनको आवास दिलाये जाने की कार्यवाही की जाये। खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि शासन की मंशानुरूप कार्यो को प्राथमिकता के आधार निस्तारित किया जाये। जिलाधिकारी ने आवंटित हुये आवास के लाभार्थियों से दूरभाष के माध्यम से वार्ता करते हुये फीडबैक लेते हुये किश्त के बारे में जानकारी ली। आवास की पत्रावलियों का रैण्डम अवलोकन करते हुये कमियां मिलने पर खण्ड विकास अधिकारी को नोटिस जारी करने एवं पटल बाबू का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये।

मनरेगा पटल पहुंचकर जिलाधिकारी ने एफ0टी0ओ0 पेमेंट रजिस्टर, निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केन्द्र की पत्रावलियों का अवलोकन किया तथा कराये जा रहे कार्यो की फोटोग्राफ का अवलोकन किया। अन्नपूर्णा भवन की पत्रावलियों का भी अवलोकन करते हुये उसमें गम्भीर त्रुटि मिलने पर ए0पी0ओ0 विनय कुमार का स्पष्टीकरण जारी करने एवं खण्ड विकास अधिकारी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये मानीटरिंग किये जाने हेतु निर्देशित किया। लेखाकार कक्ष पहुंचकर ग्रांट-1, 2 व 3 के रजिस्टर का अवलोकन करते हुये क्षेत्र पंचायत की बैठक के बारे में जानकारी ली, जिसमें क्षेत्र पंचायत की बैठक का रजिस्टर अद्यतन न होने पर खण्ड विकास अधिकारी को कठोर चेतावनी पत्र जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। ए0डी0ओ0 पंचायत कक्ष पहुंचकर मास्टर रजिस्टर देखा, जो अद्यतन नही होने पर ए0डी0ओ0 पंचायत पर अनुशासनिक कार्यवाही करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। खण्ड विकास अधिकारी को कड़े निर्देश दिये कि यदि कार्यों में सुधार न हुआ तो उच्च स्तर की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। एन0आर0एल0एम0 पटल पहुंचकर जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूहों के रजिस्टर का अवलोकन करते हुये फोन नम्बर रजिस्टर में अंकित न होने पर एवं उनके द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन न करने पर पटल बाबू रूकशी अहमद को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी प्रतिभा जायसवाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### सुगम यातायात के लिए एकल व्यवस्था जारी, सहयोग करने की अपील

**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** डीएम-एसपी के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी यातायात शुभम वर्मा ने महानगर की बाजारों का भौतिक निरीक्षण कर एकल व्यवस्था जारी करने की कार्य योजना बनाई है। जिसका ट्रायल 14/15 मई को सायं 03 बजे से 20.00 बजे तक किया जाएगा। एकल मार्ग व्यवस्था के तहत पंखी होटल चौराहे से घंटाघर की ओर दोपहिया वाहनों के अलावा सभी वाहनों का जाना पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगा। पंखी चैराहे से निसात टाकीज तिराहा से कटिया टोला मार्ग होते हुए पचराहे से लाल इमली- घंटाघर रोड का प्रयोग करना होगा। बिस्मिल पार्क से पंखी चौराहे की ओर जाने के लिए अल्का गेस्ट हाऊस के पास से सिटी कार्ट, चौधरी डायग्नोस्टिक के पास से अपने गंतव्य को प्रस्थान करेगें। लाल इमली चौराहे की ओर से पंखी चौराहे की ओर आने के लिए कुशल होम्योपैथ के पास से नगर निगम तिराहा होते हुए जाएंगें। लोहा मण्डी सें घंटाघर जाने के लिए लकडी मण्डी वाले मार्ग का प्रयोग होगा। जेल पार्किंग/ पचराहा से बाजार की ओर दोपहिया वाहनों के अलावा सभी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। लकडी मण्डी रोड, गोविन्दगंज - जेल के पीछे पार्किंग का प्रयोग सुनिश्चित कर वाहनों को बाजार क्षेत्र में मार्ग पर खडा कर असुविधा उत्पन्न नही करेगें। आमजन से अपील की गई है कि बाजार के अन्दर मार्गों पर अपने वाहन खडे कर यातायात आवागमन बाधित ना करें तथा यातायात पुलिस का सहयोग करें।



# विद्युत उपकेंद्रों व नलकूपों से तार चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा,11 अभियुक्त गिरफ्तार

❑ भारी मात्रा में चोरी का तार, तमंचा-कारतूस, पिकअप, बाइक व 02 लाख रूपए नकद बरामद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। थाना जलालाबाद पुलिस ने विद्युत उपकेंद्रों और नलकूपों से तार चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने भारी मात्रा में चोरी का तार, 02 तमंचा-कारतूस, घटना में प्रयुक्त बोलेरो पिकअप, बुलेट मोटर साइकिल व 02 लाख रूपए नकद बरामद किए हैं।

बीती 12 मई को जलालाबाद, मदनापुर विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता बृजमोहन पांचाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 04 मई की रात अज्ञात चोरों ने 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र मदनापुर से जलालाबाद की ओर जा रही 33 केवी लाइन के लगभग 12 पोलों का डॉग कण्डक्टर (विद्युत तार) एवं अन्य विद्युत सामग्री चोरी कर ली तथा 05 पोल क्षतिग्रस्त कर दिए। इसी तरह जलालाबाद ग्रामीण के अवर अभियंता जगदीश सिंह ने अज्ञात चोरों के खिलाफ भंवरपाल के निजी नलकूप सहित अन्य स्थानों से 02 मई की रात लगभग 100 मीटर विद्युत लाइन एवं डॉग कण्डक्टर चोरी कर लेने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी क्रम में बीती रात पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि उक्त घटनाओं में संलिप्त चोर एवं चोरी का माल खरीदने वाले व्यक्ति पाल धर्मकांटा हीरानगर स्थित गोदाम में चोरी के विद्युत तार सहित मौजूद हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और 11 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने भारी मात्रा में चोरी का तार, 02 तमंचा-कारतूस, घटना में प्रयुक्त बोलेरो पिकअप, बुलेट मोटर साइकिल व 02 लाख रूपए नकद बरामद किए। पकड़े गए अभियुक्त थाना जलालाबाद क्षेत्र के रंजीत वर्मा, राहुल गुप्ता, देवांश गुप्ता उर्फ गोलू, विनीश वर्मा, विपिन गुप्ता उर्फ नन्हें, रोहित पाल, थाना सदर बाजार क्षेत्र का संजीव कुमार उर्फ मुंशी, रचित सिंह उर्फ देवा, थाना अल्हागंज क्षेत्र का पंकज मिश्रा और जनपद बरेली के थाना भोजीपुरा का नसरूद्दीन शाह और थाना बारादरी का अब्दुल रहीम हैं। पकड़े गए अभियुक्तों पर आसपास के जनपदों और शाहजहांपुर के विभिन्न थानों में चोरी, गैगस्टर आदि के दर्जनों अपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना जलालाबाद के प्रभारी निरीक्षक अरविन्द सिंह चौहान के साथ अपराध निरीक्षक रविशंकर यादव, एसएसआई सकतावत सिंह, एसआई पवन कुमार, अतुल कुमार, गौरव सिंह आदि मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री की ईंधन बचत, ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा की अपील प्रदेश में बड़े प्रशासनिक और सामाजिक अभियान का रूप ले रही: दयालु

❑ मंत्री डा. दयाशंकर मिश्र दयालू ने इलेक्ट्रिक व्हीकल (क्ष्ङ्ख) सिंगल कार का उपयोग शुरू कर दिया है



कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देशवासियों से की गई ईंधन बचत, ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा की अपील अब उत्तर प्रदेश में बड़े प्रशासनिक और सामाजिक अभियान का रूप लेती दिखाई दे रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुपालन में उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष मंत्री डा. दयाशंकर मिश्र दयालू ने इलेक्ट्रिक व्हीकल (EV) सिंगल कार का उपयोग शुरू कर दिया है। इसे सरकार की पर्यावरण हितैषी नीतियों को व्यवहारिक रूप से लागू करने की दिशा में एक बड़ी और प्रतीकात्मक पहल माना जा रहा है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार ल्लग्रीन इंडियाङ्क, ऊर्जा संरक्षण, स्वदेशी संसाधनों के उपयोग और ईंधन की बचत को लेकर देशवासियों से अपील करते रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी प्रदेश में ऊर्जा बचत और सरकारी संसाधनों के संयमित उपयोग को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। सरकार ने मुख्यमंत्री और मंत्रियों के काफिलों में 50 प्रतिशत तक कटौती करने तथा अनावश्यक वाहनों को हटाने को कहा है।इसके तहत आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने इलेक्ट्रिक वाहन अपनाते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और ईंधन बचत आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ल्लग्रीन इंडियाङ्क विजन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पर्यावरण हितैषी नीतियों से प्रेरित होकर उन्होंने क्ष्ङ्ख वाहन का उपयोग शुरू किया है।डॉ. दयालू ने कहा कि आने वाले समय में वे अपने दैनिक जीवन में भी कई अन्य पर्यावरण अनुकूल बदलाव अपनाएंगे, ताकि समाज में ईंधन और स्वच्छ वातावरण के प्रति सकारात्मक संदेश जाए। उन्होंने कहा कि यदि जनप्रतिनिधि स्वयं इस दिशा में पहल करेंगे, तभी समाज में व्यापक जागरूकता पैदा होगी और यह अभियान जनआंदोलन का रूप ले सकेगा।वाराणसी में जनसंपर्क अधिकारी गौरव राठी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालू' ने काशीवासियों और प्रदेशवासियों से अधिक से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों एवं ईंधन बचत उपायों को अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और हरित उत्तर प्रदेश के निर्माण के लिए जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है।

# सीबीएसई इंटरमीडिएट परीक्षा में डीएवी फर्टिलाइज़र पब्लिक स्कूल और जेकेईटी कॉन्वेंट स्कूल का शानदार प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गुन्नौर । सीबीएसई बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा के घोषित परिणामों में क्षेत्र के विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता का परचम लहराया है। विद्यार्थियों की उपलब्धियों से विद्यालयों में हर्ष का माहौल है।डीएवी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। कॉमर्स वर्ग में हेमका वार्ष्णेय ने 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। भूमिका यादव ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा तथा हर्षिका यादव ने 91.8 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एवं बिजनेस स्टडीज़ विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की।वहीं विज्ञान वर्ग में आदर्श ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। प्रिंस वार्ष्णेय ने 93.2 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा तथा अदिति वार्ष्णेय ने 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया।उधर, जेकेईटी कान्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने भी इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के 93 विद्यार्थियों में से 78 छात्र सफल घोषित हुए। विद्यालय के निदेशक उमेश यादव ने बताया कि छात्रा निकिता वार्ष्णेय ने 89.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। आयुष वार्ष्णेय ने 89 प्रतिशत अंक पाकर दूसरा तथा स्वयं वार्ष्णेय ने 88.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया।दोनों विद्यालयों के प्रबंधन एवं शिक्षकों ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ अभिभावक संघ ने किया जोरदार प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिजनौर। उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर में निजी स्कूलों द्वारा की जा रही मनमानी और अवैध वसूली के विरोध में बुधवार को अभिभावक संघ ने जिला कलक्ट्रेट व डीआईओएस कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए निजी शिक्षण संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन दिया।

इससे पहले अभिभावक संघ की बैठक शहर के मोहल्ला जाटान स्थित एक आवास पर आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता सोनल चौहान तथा संचालन अभिषेक वत्स ने किया। बैठक में अभिभावक संघ के अध्यक्ष मृगेंद्र कुशवाहा ने कहा कि निजी स्कूल किताबों और अन्य शुल्कों के नाम पर अभिभावकों का आर्थिक शोषण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब एक ही पाठ्यक्रम सभी स्कूलों में लागू है तो निजी स्कूल मनमाने तरीके से अलग-अलग किताबें क्यों लगवा रहे हैं। उन्होंने डीआईओएस कार्यालय द्वारा कोई कार्यवाही नही किये जाने पर भी रोष प्रकट किया तथा आरोप लगाया कि कई वर्षों से चल रहें छात्रों के शोषण को रोकने को कोई कदम नहीं उठाया जाता है , जबकि अभिभावक हर वर्ष प्रशासन का ध्यान इस शोषण के प्रति आकृष्ट कराते हैं म्बैठक के बाद अभिभावकों ने डीआईओएस कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपते हुए आरोप लगाया कि कई निजी स्कूलों में अवैध वसूली की जा रही है। अभिभावकों का कहना था कि स्कूल प्रबंधन द्वारा एनसीईआरटी के बजाय महंगी किताबें और अन्य सामग्री खरीदने का दबाव बनाया जाता है।अभिभावकों ने मांग की कि डीआईओएस द्वारा जिले के सभी निजी स्कूलों की जांच कर अवैध वसूली पर तत्काल रोक लगाई जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।प्रदर्शन में अभिषेक वत्स, सीमा भारती, ममता शर्मा, सोनल चौहान, मोहित, सुनीता, संजीव, अर्चना निवारी, सीमा सिंह, कोमल, पूजा, ममता, प्रीति, मनीष, नीलम, डॉ. सुधा, मीना चौधरी, रेखा शर्मा, देवेंद्र कुमार, सुभाष, अक्षय कुमार सहित बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

## पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक

**संभल, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिण मनोज रावत के निर्देश अनुसार चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक चंदौसी परामर्श केंद्र प्रभारी डाध रुकम पाल सिंह की देखरेख में गौशाला रोड पिंक चौकी चंदौसी में संपन्न हुई जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी डॉ रूकम पाल सिंह के द्वारा काउंसलरों के सहयोग से सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास काउंसलरद्वारा किया गया जहां कुल 16 पत्रावली को सुना गया 3 पत्रावली का निस्तारण किया गया 3 परिवारों को पुनः मिलाकर समझौता कराया गया इस अवसर पर काउंसलर श्वेता गुप्ता संगीता भार्गव हेड कांस्टेबल मनोहर सिंह रुचि आदि लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार किया

**देवरिया, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले की पुलिस वांछित और वारंटियों के खिलाफ अभियान चल रही है। इसके तहत थाना बनकटा क्षेत्र से दो आरोपित बुधवार को गिरफ्तार किए गये हैं।अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) सुनील कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि थाना बनकटा पुलिस ने दो वारंटियों को उनके घरों से गिरफ्तार किया हैं। इनके नाम सोनू कुशवाहा (32) और रमेश उर्फ रम्फू यादव (40) है। दोनों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सुशांत पाठक, उपनिरीक्षक संतोष कुमार, मुख्य आरक्षी राजेश वर्मा तथा आरक्षी शिव गोविन्द शामिल रहे।

## गोवध निवारण अधिनियम मामले में वांछित आरोपित शाहरुख गिरफ्तार

**देवरिया, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर प्रदेश केदेवरिया जनपद में थाना बनकटा पुलिस ने गोवध निवारण अधिनियम के मामले में बीती अर्ध रात्रि मंगलवार को वांछित एक आरोपित को गिरफ्तार किया है।अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) सुनील कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बनकटा पुलिस ने रात इंगुरी सराय मोड़ के पास से आरोपित शाहरूख खान (32) पुत्र फूल मोहम्मद निवासी कोल्हुआ दरगाह, थाना मैरवा, जिला सिवान (बिहार) को गिरफ्तार किया है।उस पर थाना बनकटा पर दर्ज मुकदमा संख्या 95/2026, धारा 3/5इ/8 गोवध निवारण अधिनियम एवं धारा 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम का मुकदमे में वांछित था। उसकी पुलिस को तलाश थी। गिरफ्तार आरोपित के खिलाफ नियमानुसार विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार, इसी मामले में दो अन्य आरोपित यूनुस नट और संदीप राम को थाना बनकटा पुलिस पहले ही 15 अप्रैल 2026 को गिरफ्तार कर चुकी है। तीसरे आरोपित शाहरुख कोगिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार, उपनिरीक्षक मनोज कुमार तथा आरक्षी आकाश राय शामिल रहे।

## देसी शराब ठेके में लाखों की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**देवरिया, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के समरौना पुल के पास स्थित देशी शराब ठेके में मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने गेट का ताला तोड़कर कैश बॉक्स से एक लाख से अधिक रुपये चोरी कर फरार हो गये। बुधवार सुबह चोरी की जानकारी होने पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की छानबीन की।थाना प्रभारी कल्याण सिंह सागर ने बताया कि अनुज्ञापी निशा सिंह की ओर से दी गई तहरीर में बताया कि सेमरौना पुल के लवे चौराहा क्षेत्र स्थित देशी शराब ठेका है। यहां पर चंदन और महेंद्र निगम मुनीम के रूप में कार्य करते हैं। मंगलवार की रात बिक्री की रकम करीब एक लाख दो हजार रुपये कैश बॉक्स में रखा और ठेका बंद करके कर्मचारी चले गये थे। बुधवार सुबह जब ठेके पर पहुंचे तो मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ और कैश बॉक्स से नकदी गायब थी। ठेके में लगे सीसीटीवी कैमरे भी क्षतिग्रस्त थे, जिससे आशंका जताई गई कि चोरों ने ठेके का ताला तोड़कर चोरी की गई है।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कल्याण सिंह सागर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। चोरों की पहचान के लिए पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

## भूमि समतल कराने के विवाद में चली गोली, चक्की संचालक समेत दो घायल

**हाथरस, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में कोतवाली क्षेत्र के गांव मिडावली स्थित नगला दुर्जिया में भूमि समतल कराने को लेकर चल रहा विवाद बुधवार को हिंसक झड़प में बदल गया। आरोप है कि तीन दिन पुराने विवाद को लेकर कुछ लोग अवैध हथियारों के साथ चक्की की दुकान पर पहुंच गए। गाली-गलौज करते हुए फायरिंग कर दी। मारपीट में चक्की संचालक समेत दो लोग घायल हो गए। पीड़ित पक्ष ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।पीड़ित नंदू पुत्र चोब सिंह के अनुसार तीन दिन पूर्व खेत की भूमि समतल कराने और ट्रैक्टर चलाने की बात को लेकर गांव के कुछ लोगों से विवाद हुआ था। उसी रंजिश को लेकर आज बुधवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे आरोपित पक्ष उसके चक्की प्रतिष्ठान पर पहुंच गया। आरोप है कि वहां पहुंचते ही गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर फायरिंग की।पीड़ित ने बताया कि आरोपितों ने उसके साथ मारपीट की, जिससे उसे अंदरूनी चोटें आईं। फायरिंग और शोर-शराबा सुनकर उसका चाचा मौके पर पहुंचा तो उसके साथ भी मारपीट कर घायल कर दिया गया। घटना के दौरान इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग घरों से बाहर निकल आए। भीड़ जुटती देख आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।पीड़ित पक्ष ने घटना का वीडियो होने का दावा करते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। सूचना पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं घायलों का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया है।

## देवरिया : गो तस्करी का एक आरोपित गिरफ्तार, तीन गोवंश व पिकअप बरामद

**देवरिया,कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में थाना बरहज पुलिस ने बुधवार को चेकिंग के दौरान एक आरोपित को गिरफ्तार कर तीन गोवंशीय पशुओं एवं एक पिकअप वाहन को बरामद किया।क्षेत्राधिकारी बरहज राजेश कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि थाना बरहज पुलिस टीम ने चौकी कपरवार पुल के पास वाहन चेकिंग दौरान एक संदिग्ध पिकअप वाहन संख्या यूपी 53 एलटी 7112 को रोका। तलाशी में वाहन से तीन गोवंशीय पशु, जिनमें दो गाय और एक बछिया शामिल हैं, बरामद की गई।पुलिस ने मौके से पिंटू पुत्र रुदल प्रसाद निवासी मंगलपुर थाना बड़हलगंज जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने आरोपित के खिलाफ थाना बरहज में गोवध निवारण अधिनियम, पशु क्रूरता अधिनियम तथा बीएनएस की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक राघवेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल मंशोक कुमार, कांस्टेबल संतोष कुमार यादव, कांस्टेबल जोगेंद्र यादव तथा रिजर्व कांस्टेबल अभिषेक पटेल शामिल रहे।

# नगर आयुक्त ने साजन तिराहा पर नाला सफाई कार्य का किया औचक निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल द्वारा साजन तिराहा पर बड़े एवं गहरे नाले का सफाई कार्य कराए जा रहे का मौके पर औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गहरे नाले की सफाई कराए जाने के प्रगति कार्य के स्थलीय जायजा के दौरान दुकानदारों/ प्रतिष्ठानों एवं अन्य लोगों द्वारा नाले के ऊपर के पाथवे को भी जगह जगह अतिक्रमण किए गए देखने को मिला इस संदर्भ में संबंधित अतिक्रमण कर्ता को जोनल अधिकारी के माध्यम से चेतावनी देते हुए कि नाले पर किए गए अतिक्रमण कर्ता स्वयं हटा ले अन्यथा की स्थिति में जुर्माना वसूल करते हुए अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा। जिससे नाले की सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से किया जाना सुनिश्चित किया जाय । आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए समयबद्ध तरीके से हर हाल में नाला सफाई कार्य करा लिया जाना है। उक्त सजन तिराहा के पास गहरे नाले में अत्यधिक सिल्ट जमा होने के कारण इनकी तल्ली झाड़ सफाई कराए जाने के साथ ही निकलने वाले सिल्ट की उठान 24 घंटे के अंदर उक्त स्थान से हर हाल में हटाकर निर्धारित स्थान पर निस्तारण कराया जाना सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए। जिससे स्वच्छता के साथ ही यातायात भी सुचारू रहेंगे। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता सिविल, सहायक अभियंता सिविल मौके पर उपस्थित थे।

# निराश्रित गोवंश को मिला सरकार का सहारा 1645 गोवंश को मिला नया ठिकाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मीरजापुर । सड़कों पर भटकने वाले निराश्रित गोवंश अब सुरक्षित आश्रय और बेहतर देखभाल पा रहे हैं। प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना जिले में उम्मीद की नई तस्वीर पेश कर रही है। योजना के जरिए अब तक 1645 गोवंश को संरक्षण मिल चुका है, जबकि 518 पशुपालक उनकी सेवा में आगे आए हैं।

जिले के 12 विकासखंडों में संचालित 49 गोवंश आश्रय स्थलों में कुल 14435 गोवंश संरक्षित किए गए हैं। सरकार की पहल से न सिर्फ बेसहारा गोवंश को छत मिली है, बल्कि ग्रामीण परिवारों को आर्थिक मजबूती भी मिल रही है।मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. भूपेंद्र कुमार पाठक ने बुधवार को बताया कि मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना के तहत पशुपालकों को प्रति गोवंश 1500 रुपये प्रतिमाह सीधे बैंक खाते में दिए जा रहे हैं। योजना के तहत एक लाभार्थी अधिकतम चार गोवंश अपने पास रख सकता है। उन्होंने बताया कि जिले में 518 पशुपालकों को अब तक 1645 गोवंश सुपुर्द किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य सिर्फ गोवंश संरक्षण ही नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना भी है। आश्रय स्थलों में गोवंश के लिए चारा, पानी और उपचार की समुचित व्यवस्था की गई है। बीमार गोवंश के इलाज की सुविधा भी विभाग द्वारा लगातार उपलब्ध कराई जा रही है।गोसेवा के साथ मिल रहा आर्थिक सहारा अटारी गांव निवासी अजय कुमार ने बताया कि योजना के माध्यम से उन्हें बेसहारा गोवंश की सेवा करने का अवसर मिला है। समय पर आर्थिक सहायता मिलने से चारे-पानी की व्यवस्था आसानी से हो जाती है। वहीं देवपुरा गांव की लाभार्थी उषा भारती का कहना है कि यह योजना छोटे पशुपालकों के लिए बेहद लाभकारी साबित हो रही है। इससे गोवंश संरक्षण के साथ परिवार को आर्थिक संबल भी मिल रहा है। सरकार की इस पहल से जिले में गोसंरक्षण को नई दिशा मिल रही है और पशुपालकों में भी योजना को लेकर उत्साह बढ़ रहा है।

# केडीए का बड़ा ध्वस्तीकरण अभियान, 66 बीघा में अवैध प्लाटिंग ध्वस्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कानपुर। कानपुर विकास प्राधिकरण (केडीए) ने बुधवार को प्रवर्तन जोन-थ्री में बड़ी कार्रवाई करते हुए फत्तेपुर क्षेत्र में लगभग 66 बीघा में विकसित की जा रही अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया। करीब तीन घंटे पैंतालीस मिनट तक चली कार्रवाई में चार जेसीबी मशीनों की मदद से सड़क, नाला, बाउंड्रीवाल, बिजली के खंभे, पिलर, एंट्री गेट, सीवर लाइन समेत कई निर्माणाधीन भवनों को ध्वस्त कर दिया गया।यह कार्रवाई उपाध्यक्ष अंकुर कौषिक और सचिव अभय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में विशेष कार्याधिकारी एवं उपजिलाधिकारी डॉ. रवि प्रताप सिंह के नेतृत्व में की गई। केडीए के अनुसार, मनोज सिंह भदौरिया व अन्य लोगों ने आराजी संख्या 454, 456, 472, 473, 474, 475, 478 समेत अन्य भूमि पर बिना मानचित्र स्वीकृति और बिना अनुज्ञा के अवैध प्लाटिंग विकसित की जा रही थी।केडीए ने बताया कि फत्तेपुर क्षेत्र में लगभग 66 बीघा में विकसित अवैध प्लाटिंग को पूरी तरह समाप्त करने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान अवर अभियंता हिमांशु बर्नवाल, अमर नाथ यादव, सुपरवाइजर लाल सिंह, राजकुमार, राम औतार, मनोज कुमार, संजय कुमार, राजेन्द्र, ओम प्रकाश तथा संबंधित थाने का पुलिस बल मौजूद रहा।इसके अलावा प्रवर्तन जोन-थ्री में छह अन्य अवैध प्लाटिंग को भी चिन्हित किया गया है। इनमें बिनगवां मौरंग मंडी क्षेत्र में महेश यादव पुत्र राम सजीवन यादव द्वारा लगभग दो हजार वर्गमीटर में प्लाटिंग, डॉ. प्रभाकर व अन्य लोग बिनगवां टीकापुर में लगभग तीन बीघा में प्लाटिंग, धर्मेन्द्र, महेन्द्र व अन्य लोग रमईपुर में लगभग तीन बीघा में प्लाटिंग शामिल है।इसी तरह सूरज एण्ड सन्स बिल्डकॉन प्रा.लि. ने बिधनू के सूरज नगर क्षेत्र में लगभग 36 हजार वर्गमीटर में प्लाटिंग, चै. मनी यादव ने सेन पश्चिम पारा में लगभग तीन बीघा तथा श्याम सोसाइटी, जैनेन्द्र यादव, मिथुन सिंह व अन्य लोगों ने सेन पश्चिम पारा क्षेत्र में लगभग चार बीघा में अवैध प्लाटिंग किए जाने का मामला सामने आया है। केडीए ने इन सभी को नोटिस जारी करते हुए चेतावनी दी है कि निर्धारित समय सीमा में संतोषजनक जवाब न मिलने पर सीलिंग और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।डॉ. रवि प्रताप सिंह ने आम लोगों से अपील की कि प्राधिकरण क्षेत्र में किसी भी प्लाट या भूमि की खरीद से पहले केडीए से ले-आउट स्वीकृति की जानकारी अवश्य प्राप्त करें और मानचित्र स्वीकृत कराकर ही निर्माण कराएं, ताकि भविष्य में आर्थिक और मानसिक नुकसान से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि अवैध निर्माण और अवैध प्लाटिंग के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# सीबीएसई इंटर में मेघा यादव बनीं स्कूल टॉपर हिंद एंजिल्स पब्लिक स्कूल में मेधावियों का सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले मे सीबीएसई इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद हिंद एंजिल्स पब्लिक स्कूल राठ में मेधावी छात्र-छात्राओं की सफलता का उत्सव मनाया गया। विद्यालय की छात्रा मेघा यादव ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया।

इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में विद्यालय प्रबंधन ने टॉपर सहित अन्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया।विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रिंसिपल अली उल्ला खान और डायरेक्टर शिवांगी राजपूत ने छात्र-छात्राओं को माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। साथ ही सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। प्रिंसिपल अली उल्ला खान ने बताया कि मेघा यादव, पुत्री दिनेश यादव, ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। वहीं आर्यन सिंह ने 89.8 प्रतिशत, रिया राजपूत ने 89.0 प्रतिशत, ख्याति सोनी ने 84.6 प्रतिशत तथा प्रांशु सिंह ने 8.6 प्रतिशत अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। डायरेक्टर शिवांगी राजपूत ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनकी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल अच्छे अंक दिलाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को अनुशासन, आत्मविश्वास और नैतिक मूल्यों के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए तैयार करना भी है। प्रधानाचार्य अली उल्ला खान और उप-प्रधानाचार्य आदर्श कुमार खरे ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि मेहनत, अनुशासन और निरंतर अध्ययन से ही सफलता प्राप्त होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को आगे भी इसी लगन और समर्पण के साथ अध्ययन जारी रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

# वीबी जी राम जी योजना में की जा रही सरकारी धन की बंदरबांट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । वीबी जी राम जी योजना के तहत गाँवो में विकास और मजदूरों को 125, दिन रोजगार देने के उद्देश्य से चल रहे कार्यों में अब बड़े स्तर पर गड़बड़ी सामने आ रही है।इटियाथोक विकास खंड की ग्राम पंचायत जगतापुर में नान बाबू के खेत से पंचम के खेत तक मिट्टी खुदाई कार्य के दौरान फोटो युक्त हाजिरी प्रणाली में भारी फर्जी वाड़ा उजागर हो रहा है।आरोप है कि एक ही व्य क्ति के चेहरे को कई मजदूरों के नाम पर दिखाकर हाजिरी दर्ज की जा रही है, जिससे सरकारी राशि के दुरुपयोग की आशंका बढ़ गई है।जानकारी के अनुसार 12 मई को मस्टर रोल संख्या 281 श्रमि कों में पांच मजदूरों की




हाजिरी फोटो के साथ अप लोड की गई।जांच में पाया गया कि जिन पांच मज दूरों में दो महिला और तीन पुरुष का नाम दर्ज है।

लेकिन पोर्टल पर सिर्फ एक महिला का चेहरा ल गाया गया है।इतना ही नहीं,इनमें एक महिला मज दूर को भी पुरुष के चेहरे से दर्शाया गया है,जो नि यमों की खुली अनदेखी है।इसी दिन ग्राम पंचायत

हरदैया भटपुरवा के मस्टर रोल में 6

**वीबी जी राम जी योजना की सही से जांच हो जा ए तो फिर एपीओ का पुराना चिट्ठा खुल जाएगा**

**इटियाथोक ब्लॉक में एक चेहरे पर कई मजदूरों की हाजिरी मनरेगा...में फर्जीवाड़े का खुलासा, महिला को बना दिया पुरुष**

मजदूरों इंदर,

मुन्नालाल,बगारू,श्रीधर,राधेश्याम,अ ौर माया देबी की हाजिरी भी एक ही पुरुष के चेहरे से दर्ज की गई।जबकि जॉब कार्ड में एक महिला हैं,बाकी सब पुरुषों की हाजिरी लगी हुई है इससे स्पष्ट होता है कि फोटो अपलोड प्रक्रिया में जानबूझकर हेरफ़ेर किया गया है।मामला यहीं नहीं रुका। मस्टर रोल संख्या 256 में चार मजदूरों की हाजिरी एक ही तस्वीर के जरिए दर्ज की गई। इसमें श्याम राजी

लक्ष्मी देवी, जगदीश,दुर्गा प्रसाद मजदूर के नाम शामिल हैं,लेकिन फोटो एक ही महिला का है ज़ब

कि मस्टर रोल में दो महिला और दो पुरुष का नाम दर्ज है ज़ब कि मस्टर रोल में अपलोड सिर्फ एक महिला का ही चेहरा दिखाया गया है।स्थानीय लो गों का आरोप है कि पिछले कई दिनों में दर्जनों से अधिक मस्टर रोल में इसी प्रकार की गड़बड़ी की जा रही है। सुबह और शाम दोनों समय की फोटो में एक ही व्यक्ति को अलग-अलग मजदूरों के रूप में दिखाकर उपस्थिति दर्ज की जा रही है।इससे य ह स्पष्ट होता है कि वीबी राम जी योजना के तहत मिलने वाली मजदूरी में बड़े स्तर पर घोटाला किया जा रहा है।सरकार ने पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए फ़ेस आंखों की रेटिना युक्त हाजिरी अनि वार्य की थी,ताकि किसी प्रकार की धांधली न हो सके,लेकिन इटियाथोक ब्लॉक में तैनात बीडीओ और एपीओ के द्वारा इन नियमों को नजरअंदाज कर मनरेगा योजना को ही सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया गया है।लोगो का कहना है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए,ताकि मजदूरों के हक का पैसा सुरक्षित रह सके और योजना का सही लाभ जरूरतमंदों तक पहुंच सके।मामले की जांच कराई जाएगी।अगर गड़बड़ी सामने आई तो पेमेंट रोक दिया जाएगा। फर्जीवाड़ा बर्दास्त नहीं किया जाएगा।उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीडीओ गोंडा

# चिकित्सा शिविर जैसे आयोजन आयोजित होते रहना चाहिए : धनन्जय सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। आदर्श समाज सहयोग समिति के तत्वाधान में एक वृहद चिकित्सा शिविर का आयोजन शहर के ममता कंपलेक्स में आयोजित हुआ । शिविर में लगभग आधा दर्जन से अधिक चिकित्सकों ने मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण किया एवं उन्हें दवाएं भी उपलब्ध कराई। शिविर के मुख्य अतिथि धनन्जय सिंह एडवोकेट जिलाध्यक्ष हिंदू जागरण मंच ने शिविर का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान समिति की अध्यक्ष किरण मिश्रा एवं सचिव बेबी श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र व माला पहनकर एवं बैच लगाकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर उन्हें उपचार प्रदान किया जाना रहा। मुख्य अतिथि धनन्जय सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज के संपन्न लोगों को आयोजित करने चाहिए जिससे समाज के दबे कुचले व आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य परीक्षण के बाद बेहतर चिकित्सा मिल सके उन्होंने कहा कि मुझे यहां आकर अत्यंत प्रसन्नता का भाव उत्पन्न हो रहा है।



मैं समिति के सभी जिम्मेदारों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करना चाहता हूं इस दौरान लगभग सैकड़ो मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उन्हें दवाएं आदि उपलब्ध कराई गई। चिकित्सा शिविर में डॉक्टर आफाक अहमद के नेतृत्व में डॉक्टर सहाबुद्दीन, डॉक्टर अकरम, डॉक्टर सैयद जफर हुसैन संक्रामक रोग विशेषज्ञ, मकबूल हैदर जाफरी चिकित्सा अधिकारी, सुधीर पांडे फार्मासिस्ट, अब्दुल रहीम ऑप्ट?ोमेटिक , उमेश चंद्र, अमरजीत गुप्ता ने उपस्थित मरीज का बेहतर ढंग से स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान समिति की अध्यक्ष किरण मिश्रा, सचिव व कोषाध्यक्ष बेबी श्रीवास्तव रीता श्रीवास्तव, सृष्टि श्रीवास्तव, रामेश जायसवाल, मुस्कान गुप्ता, संतोष दिक्षित, अमन सहित दर्जनों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# चुनावी रंजिश में फायरिंग,दो घायल,गांव में तनाव जांच में जुटी पुलिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । थाना क्षेत्र उमरी बेगमगंजके ग्राम सभा मुकुं दपुर में बुधवार सुबह चुनावी रंजिश और वर्चस्व की लड़ाई ने हिंसक रूप ले लिया।दो पक्षों के बीच हुए विवाद में ताबड़तोड़ गोलियां चलने से दो लोग घायल हो गए, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से चोटिल बताया जा रहा है। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई और भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया।जानकारी के अनुसार मंगलवार रा त गांव के पूर्व प्रधान दल बहादुर की पुत्री की शा दी समारोह में प्रधान पद की दावेदारी को लेकर वर्तमान प्रधान अशोक सिंह और विपिन सिंह के बीच किसी बात पर कहासुनी हो गई थी।उस सम य मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया था।बुधवार की सुबह करीब सात बजे विवाद फिर भड़क उठा।आरोप है कि अशोक सिंह गांव में विपिन सिंह के घर के पास पहुंचे,जहां दो नों पक्षों में कहासुनी के बाद हाथापाई शुरू हो गई।इसी दौरान अचानक गोलियां चलने लगीं। फायरिंग में



विपिन सिंह की जांघ में गोली लगी, जबकि उनके भाई अमित सिंह के हाथ में गोली लगने से वह घायल हो गए।वहीं दूसरे पक्ष के अ शोक सिंह के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं।घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक चंदन कुमार, क्षेत्राधिकारी यूपी सिंह,एडिशनल एसपी राधेश्याम राय तथा एसओजी टीम मौके पर पहुंच गई।पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्ष ण कर ग्रामीणों से पूछताछ की और घटना में प्रयु क्त असलहे की तलाश शुरू कर दी।पूरे गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।दोनों पक्षों ने थाने में तहरीर देकर एक-दूसरे पर आरोप लगाए हैं।घायलों को मेडिकल परीक्षण और उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।एडिशनल एसपी राधेश्याम राय ने बताया कि पुलिस घटना में प्रयुक्त असलहा विपिन सिंह के चचेरे भाई अमित सिंह के घर के पीछे से बरामद कर ली है। दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर मामले की गहन जांच की जा रही है।जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# गांव में विकास को बढ़ावा देकर उनके जीवन स्तर को बेहतर करेगा उन्नत भारत अभियान: प्रो.जितेंद्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य प्रोफ़ेसर जितेंद्र सिंह ने कहा उन्नत भारत अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण निवासि यों और शैक्षणिक संस्थाओं के बीच संबंध स्थापित करना है जिससे ग्रामीण क्षेत्रवासियों के साथ मिल कर देश के विकास के लिए सकारात्मक कार्य कि या जाए और ग्रामीण क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं का वैज्ञानिक ढंग से समाधान किया जा सके और हमारा डिग्री कॉलेज जनपद के ग्रामीण क्षेत्र के विकास की पहल उन्नत भारत अभियान के अंतर्ग त करने के लिए संकल्पित है,प्राचार्य प्रोफ़ेसर जितेंद्र सिंह के निर्देशानुसार डॉ.रेखा शर्मा प्रभारी ,उन्नत भारत अभियान के मार्गदर्शन में विज्ञान की उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों द्वारा बिछलेपुरवा एवं तनिहन पुरवा में जल परीक्षण कर ग्रामी णों को जागरूक किया गया है डॉ.रेखा शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा उच्च शिक्षण संस्थान के ज्ञान,




तकनीकी क्षमता और संसाधनों का उपयोग करके हम ग्रामीण क्षेत्र के विकास में परिवर्त नका री बदलाव लाना चाहते हैं और इसके लिए श्री ला ल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज का उन्नत भारत अ भियान जनपद के सुदूर ग्रामीण इलाकों में शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार और वैज्ञानिक जीवन शैली अप नाने के लिए ग्राम वासियों को जागरूक करता रहेगा वहीं वनस्पति विज्ञान विभाग के प्राध्यापक अमित द्विवेदी ने जल का परीक्षण करते हुए जल जनित बीमारियों पर प्रकाश डाला एवं इससे बचने के उपाय भी बताए,ग्राम वासियों ने उक्त कार्यक्रम में रुचि दिखाते हुए श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज को इस पुनीत कार्य के लिए धन्यवाद भी ज्ञापित किया,उक्त जागरूकता कार्यक्रम में अनू पा यादव ,कमलवासनी तिवारी ,रिचा,गुनगुन भूमि ,सौम्या पांडे ,मुस्कान बानो ,गुलशन एवं मनसा भारती का सहयोग सराहनीय रहा।

# सावधान ! कही आप तो नहीं हो रहे हैं झोलाछापों का शिकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जनपद मे आपको हर गली और मोहल्ले मे डाक्टरों के पैनल से सजे बोर्ड अस्पताल के बाहर मिल जायेगे,और उनमे से आते और इलाज कब करते है या सिर्फ कागजी मानक पूरा करके सीएम ओ आफिस से रजिस्ट्रेशन करवा कर बचने का रास्ता निकालते है जब कि हकीकत कुछ और ही है,जब कि इनका पूरा पैनल बनाने के लिए आफि स मे बाबू बैठे है जो कि सभी रास्ते के द्वार खोल देते है, बाकी वही बैठे बैठे डिग्री मानक और एन ओ सी सब मिल जाती है और झोलाछापों कि पौ बारह होने लगती है और जब भी कुछ छापे की भनक लगती है तो सीएमओ आफिस से टीम के निकालते ही झोलाछापों को पता हो जाती है और वह वहाँ से सब समान निकाल कर दूसरे स्थान पर या ताला डाल देता है फिर क्या टीम गयी और भ्रम ड कर वापस आ जाती है फिर सीएमओ आफिस में सम्बन्धित बाबू के पास भीड लगना शुरू हो जा ती है ऐसा मामला




सीएमओ के पास अनेको बार आता है।झोलाछाप के खिलाफ सम्बंधित उच्चधि कारियों से शिकायत किया और आजतक झोला छाप के ऊपर कोई कार्यवाही नही की गयी जनपद मे बात करे तो अस्सी प्रतिशत मानकबिहीन अस्प ताल चल रहे है और फर्जी है सबसे बड़ी बात तो यह है कि हो न हो कुछ इलाज पर पैथोलॉजियो से जांच होने पर कमीशन तो मिलेगा ही और फिर म रीज के परिजन तीमारदार को लेकर जायेगे कहा, ऐसे ही झोलाछाप सर्जन जो कि मरीज को मौत के मुह तक ले जाने तक का काम करते है और समय समय पर सम्बंधित बिभाग के अधिकारी अपने उच्चधिकारियों को सब कुछ ठीक की मोहर लगाते रहते है जहाँ खुलेआम झोलाछाप डाक्टर चन्द पैसों के लिए मरीजो से खेलता रहता जिसमें झोलाछापों को चलवाने में सरकारी डाक्टरों की अ हम भूमिका होती है क्योकि या तो सरकारी डाक्ट र इलाज नहीं दे पाता और सरकारी अस्पतालों में लगने वाली रात्रि में इमरजेंसी ड्यूटी में फार्मासि स्टो के सहारे छोड दिया जाता है,और नही तो स रकारी अस्पताल बगल मे हो और आदमी झोला छाप के पास जाये क्यो,यह एक बडा और विचार णीय बिषय है और जब भी कोई पीडित इन झोला छापों कि शिकायत करता है तो उस शिकायत पत्र को रद्दी की टोकरी मे डाल दिया जाता है और झो लाछाप डाक्टर तक यह खबर पहुंच जाती है कि आपकी शिकायत हुई है,और फिर धीरे धीरे समय बीतता रहता है और फिर झोलाछापों का काम अ पने पुराने रास्ते मे आ जाता है।

# शादाब हुसैन, फ़ौक बहराइची, शैलेंद्र मिश्रा व श्रचा श्रीवास्तव को अवध वाटिका सम्मान से किया गया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच। वाटिका साहित्य संस्थान बहराइच के तत्वावधान में आयोजित पाक्षिक कवि गोष्ठी का आयोजन सेनानी भवन सभागार बहराइच में किया गया। जिसकी अध्यक्षता पी0के0प्रचंड ने की, संचालन तिलक राम अजनबी ने किया तथा माँ वीणा पाणि की वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में अवध वाटिका साहित्य संस्थान बहराइच की ओर से युवा कवयित्री डा0ऋचा श्रीवास्तव को अवध वाटिका हिंदी साहित्य गौरव सम्मान 2026, कवि शैलेन्द्र मिश्रा को अवध वाटिका हिंदी साहित्य गौरव सम्मान 2026, शायर फ़ौक़ बहराइची को अवध वाटिका उर्दू साहित्य गौरव सम्मान 2026 साथ ही पत्रकारिता जगत में 30 वर्षों से निर्भीक पत्रकारिता करने वाले उत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसियेशन के मण्डल अध्यक्ष शादाब हुसैन को अवध वाटिका पत्रकार गौरव सम्मान 2026 का सम्मान पत्र अंग वस्त्र मेमोंटो संस्था के अध्यक्ष पी0 के0 प्रचण्ड, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राम प्रसाद कौशल, विशिष्ट अतिथि डा0दिनेश त्रिपाठी शम्स, उपाध्यक्ष रईस सिद्दीकी व अन्य सदस्यों ने प्रदान कर सम्मानित किया। तत्पश्चात कवि विनोद कश्यप, सुनील कुमार, शैलेन्द्र मिश्रा, अब्दुल रफी खान बम्पर बहराइची, कलीम खान ,विनोद पाण्डेय ,फ़ौक बहराइची, रईस सिद्दीकी, डा0ऋचा श्रीवास्तव, डा0दिनेश त्रिपाठी शम्स,विनोद पाण्डेय,सेनानी भवन प्रभारी रमेश चन्द्र मिश्र सहित सभी कवियों व शायरों ने अपनी अपनी रचनाएं पढ़ी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीराम प्रसाद कौशल ने तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कल्याण परिषद के संगठन मंत्री रमेश चन्द्र मिश्र ने सभी कवि एवं साहित्य प्रेमी बंधुओं की सराहना की तथा आशीर्वचन प्रदान किया। अंत में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पी0के0प्रचंड ने अध्यक्षीय काव्य पाठ करते हुए पढ़ा-सालगिरह की मिली बधाई व्हाट्स अप पर। डिब्बा भरके मिली मिठाई व्हाट्स अप पर। ऐ बड़कऊ तुम्हीं बतावौ अब हमका, येहिका हम कैसे अब खाई व्हाट्स अप पर। इस अवसर पर आलोक शुक्ला एडवोकेट, सहित अन्य साहित्य प्रेमी बंधु उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम का आनन्द प्राप्त किया।

## बख्से नहीं जाएंगे लापरवाह अधिकारी: सीडीओ




गोंडा कैनविज टाइम्स संवाददाता । शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी एवं विकासपरक योजनाओं को पारदर्शिता से आम जन तक पहुंचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।यह बात नवागत मुख्य विकास अधिकारी दयानन्द प्रसाद (आईएएस) ने शिष्टाचार मुलाकात के दौरा न कैनविज टाइम्स संवाददाता से कही।उन्होंने बताया कि विकास कार्यक्रमों और सरकार की योजनाओं में और तेजी लाने के निर्देश सभी विभागों को जारी कर दिए गए हैं।उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि जो अधिकारी/कर्मचारी योजना ओं के क्रियान्वयन में फिसडडी साबित होंगे, उन पर कार्यवाही अवश्य सुनिश्चित की जाएगी। सीडी ओ ने कहा कि टीम भावना के साथ कार्य करते हुए जिले के विकास को नई दिशा और गति देने का प्रयास किया जाएगा।बताते चलें कि मूल रूप से बलिया जनपद निवासी आईएएस दयानन्द प्रसाद गोण्डा सीडीओ का चार्ज ग्रहण करने से पहले प्रयागराज जनपद में माघ मेला व कुम्भ मेला अधिकारी जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत रह चुके हैं।

## प्रतिभा सम्मान समारोह में विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल व स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित




नानपारा, बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। पं0 सच्चिदानंद इंटर कॉलेज में बुधवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटकर किया गया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह में यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र–छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद जमील कुरैशी ने किया। मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत सेमरी बाजार के प्रधान अनिल जायसवाल रहे। प्रधानाचार्य राहुल मिश्रा ने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। मोहम्मद जमील कुरैशी ने कहा, मंजिल से आगे बढ़कर मंजिल तलाश कर, मिल जाए तुझको दरिया तो समंदर तलाश कर। वहीं प्रवक्ता प्रेम सागर यादव ने शिक्षा को सफलता का सबसे सशक्त माध्यम बताया।इस अवसर पर प्रबंधक रोहित कुमार मिश्र, अध्यक्ष नवनीत कुमार मिश्र सहित शिक्षक–शिक्षिकाएं, छात्र–छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## प्रभारी मंत्री का जनपद आगमन आज

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । प्रदेश के मा. मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/कउप्रभारी मंत्री जनपद बहराइच श्री सूर्य प्रताप शाही का 14 मई 2026 को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। मा. प्रभारी मंत्री श्री शाही 14 मई 2026 को पूर्वान्ह 10:30 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कैसरगंज का निरीक्षण करेंगे तथा पूर्वान्ह 11:00 बजे तहसील कैसरगंज में जन समस्याओं के निस्तारण हेतु जनसुनवाई करेंगे तदोपरान्त अपरान्ह 12:45 बजे लो.नि.वि. निरीक्षण भवन बहराइच में भाजपा एवं सहयोगी दलों के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। मा. प्रभारी मंत्री श्री शाही अपरान्ह 03:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार बहराइच में समन्वय समिति/कोर कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक करेंगे तदोपरान्त मा. मंत्री श्री शाही अपनी सुविधानुसार अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। यह जानकारी देते हुए प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि मा. प्रभारी मंत्री श्री शाही सांय 06:00 बजे लखनऊ प्रस्थान कर जायेंगे।

## जुलाई अगस्त एवं सितम्बर माह के चतुर्थ शनिवार को खुले रहेंगे न्यायालय

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । जनपद न्यायाधीश ने बताया कि मकर संक्रांति के अवसर पर 15 जनवरी 2026 तथा न्यायिक अधिकारियों की खेल प्रतियोगिता के अवसर पर 24 एवं 25 अप्रैल 2026 को घोषित किये गये अवकाश के एवज में माह जुलाई 2026 के चतुर्थ शनिवार 25 जुलाई 2026, माह अगस्त के चतुर्थ शनिवार 22 अगस्त 2026 तथा माह सितम्बर के चतुर्थ शनिवार 26 सितम्बर 2026 को सिविल एवं क्रिमिनल कोर्ट बहराइच, ग्राम न्यायालय नानपारा व महसी न्यायिक कार्य हेतु खुले रहेंगे।

# सिफारिशें हड़प रही हैं उपभोक्ताओं के हिस्से की रसोई गैस सिलेंडर

**नियमों के जाल में उलझकर रह गए हैं रसोई गैस के उपभोक्ता..**

**ओटीपी व्यवस्था,घटती आपूर्ति और बढ़ती सिफा रिशों ने बढ़ाई उपभोक्ताओं की मुसीबत,**

**एजेंसियों पर हर दिन बन रहा तनाव का माहौल, घंटों लाइन में लगने के बाद भी खाली हाथ लौट रहे है उपभोक्ता**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा: रसोई गैस उपभोक्ताओं की परेशानी अब के वल घरेलू असुविधा तक सीमित नहीं रह गई है, ब ल्कि यह एक बड़ी जनसमस्या का रूप लेती जा र ही है।गैस वितरण कार्य प्रणाली में लगातार बढ़ते नियम-कायदे,केवाएसी,ओटीपी सत्यापन की अनि वार्यता, मांग के अनुरूप गैस सिलेंडरों की आपूर्ति में भारी कमी और जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों




की सिफारिशों के बढ़ते दबाव ने आम उपभोक्ता ओं की मुश्किलें कई गुना बढ़ा दी हैं। हालात ऐसे बन गए हैं कि सुबह से गैस एजेंसियों के बाहर लग ने वाली लंबी कतारें अब रोजमर्रा का दृश्य बन चु की हैं।आंधी,पानी,गर्मी,उमस और घंटों इंतजार के बावजूद जब उपभोक्ताओं को गैस नहीं मिलती तो उनका गुस्सा एजेंसी कर्मियों पर फूट पड़ता है जि ले में कई गैस एजेंसियों पर तीखी नोकझोंक,हंगा मा, मारपीट और विवाद जैसी स्थितियां भी सामने आने लगी हैं। एजेंसी संचालक और कर्मचारी भी खुद को असहाय महसूस कर रहे हैं, क्योंकि मांग अधिक होने के बावजूद उन्हें पर्याप्त गैस उपलब्ध नहीं हो पा रही है।

**ओटीपी व्यवस्था उपभोक्ताओं की बनी मुसीबत**

गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं के लिए ओटीपी

तकनीकी खामियों और नेटवर्क समस्या से उपभो क्ता हो रहे परेशान गैस वितरण प्रक्रिया में पारदर्शि ता लाने के उद्देश्य से लागू की गई ओटीपी व्यव स्था अब उपभोक्ताओं के लिए सिरदर्द बनती जा रही है।सिलेंडर प्राप्त करने के लिए उपभोक्ताओं के मोबाइल पर आने वाला ओटीपी कई बार समय पर नहीं पहुंचता।ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क समस्या के कारण उपभोक्ता घंटों इंतजार करते रहते हैं, जबकि एजेंसी कर्मी नियमों के चलते बिना ओटी पी गैस देने में असमर्थ रहते हैं।कई बुजुर्ग उपभो क्ता और अशिक्षित परिवार तकनीकी प्रक्रिया को समझ नहीं पा रहे हैं।ऐसे में उन्हें बार-बार एजेंसी के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।उपभोक्ताओं का कह ना है कि व्यवस्था को सरल बनाने के बजाय और अधिक जटिल बना दिया गया है।

**रसोई गैस की है मांग अधिक,मगर आपूर्ति कम**

गैस एजेंसी संचालकों का कहना है कि वर्तमान स मय में मांग की तुलना में बहुत कम गैस सिलेंडर उ पलब्ध कराए जा रहे हैं। रोजाना सैकड़ों उपभोक्ता गैस लेने पहुंच रहे हैं,लेकिन एजेंसियों के पास सी मित स्टॉक होने के कारण सभी को सिलेंडर देना संभव नहीं हो पा रहा।कई एजेंसियों में स्थिति यह हो गई है कि सुबह पहुंचे लोगों को ही गैस मिल पा ती है, जबकि देर से आने वाले उपभोक्ताओं को अगले दिन आने की सलाह देकर वापस भेजना पड़ता है।इससे लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है। एजें सी संचालकों का कहना है कि उपभोक्ताओं का गुस्सा उन्हें झेलना पड़ रहा है,जबकि आपूर्ति व्य वस्था उनके नियंत्रण से बाहर है।

**सिफारिशें हड़प ले रही उपभोक्ताओं का गैस**

गोंडा जिले में कुछ प्रभावशाली लोगों के कारण आम उपभोक्ताओं में असंतोष बढ़ रहा है गैस सं कट के बीच सिफारिशों का खेल भी तेजी से बढ़ ता दिखाई दे रहा है।स्थानीय स्तर पर यह चर्चा आ म है कि दबंग,प्रभावशाली लोग और सरकारी तंत्र से जुड़े कुछ लोग अपने प्रभाव का उपयोग कर प्रा थमिकता के आधार पर सिलेंडर हासिल कर लेते हैं इससे घंटों लाइन में लगे सामान्य उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ रही है।कई उपभोक्ताओं का आरो प है कि एजेंसियों पर सिफारिशी फोन और दबाव लगातार बढ़ रहे हैं।इसका सीधा असर उन गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है,जिन्हें वा स्तव में गैस की आवश्यकता होती है।रसोई गैस संकट के पीछे कालाबाजारी को भी बड़ी वजह मा ना जा रहा है।सूत्रों के अनुसार कुछ ब्लैक मार्केटिं ग करने वाले लोगों ने ऐसे परिवारों के गैस कार्ड इ कट्ठा कर लिए हैं,जिनके यहां गैस की खपत कम होती है।इन्हीं कार्डों के माध्यम से बार-बार सिलेंडर हासिल करने की कोशिश की जाती है।बताया जा ता है कि ऐसे लोग एजेंसियों पर लाइन लगाने, गैस न मिलने पर अधिकारियों से शिकायत करने और एजेंसी कर्मचारियों से बहस करने में सबसे आगे रहते हैं।कई बार यह लोग आम उपभोक्ताओं की तरह खुद को प्रस्तुत कर व्यवस्था का फायदा उठा लेते हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रशास न कालाबाजारी पर सख्ती से कार्रवाई करे तो का फी हद तक स्थिति सुधर सकती है।

**गैस एजेंसी संचालकों के छूट रहे पसीने**

एक तरफ उपभोक्ताओं का बढ़ता दबाव और दूस री ओर कंपनियों के सख्त नियमों ने एजेंसी कर्मि यों की स्थिति भी कठिन बना दी है। कर्मचारियों को हर दिन सैकड़ों लोगों की शिकायतें सुननी पड़ रही हैं। कई बार मामूली बातों पर विवाद की नौ बत आ जाती है।एजेंसी संचालकों का कहना है कि यदि पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और वितरण व्यवस्था को व्यावहारिक बनाया जाए, तो विवाद की स्थिति काफी हद तक खत्म हो सकती है।वही स्थानीय लोगों और उपभोक्ताओं का मान ना है कि जब तक मांग के अनुरूप पर्याप्त गैस सि लेंडर उपलब्ध नहीं कराए जाएंगे और वितरण प्र णाली में पारदर्शिता नहीं लाई जाएगी,तब तक यह समस्या समाप्त नहीं होगी। लोगों ने प्रशासन और गैस कंपनियों से कालाबाजारी पर कठोर कार्रवाई, सिफारिश संस्कृति पर रोक और आम उपभोक्ता ओं को प्राथमिकता देने की मांग की है।उपभोक्ता ओं का कहना है कि रसोई गैस आज हर परिवार की बुनियादी जरूरत बन चुकी है।ऐसे में वितरण व्यवस्था को सरल,पारदर्शी और जनहितकारी बना ना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

# विशेष प्रवर्तन अभियान में आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, 30 लीटर कच्ची शराब बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। आबकारी आयुक्त के आदेशानुसार चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत बुधवार को जिला आबकारी विभाग एवं पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाया। जिलाधिकारी सुल्तानपुर एवं उप आबकारी आयुक्त अयोध्या प्रभार के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी, उपजिलाधिकारी सदर एवं क्षेत्राधिकारी सदर के निर्देशन में आबकारी निरीक्षक रणविजय सिंह (क्षेत्र-1) व नेहा श्रीवास्तव (क्षेत्र-5) ने मय स्टाफ एवं कोतवाली नगर पुलिस टीम के साथ ग्राम बल्लीपुर एवं चुनहा थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान 02 अभियोग पंजी.त किए गए तथा करीब 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। साथ ही लगभग 1450 किलोग्राम लहन बरामद कर मौके पर ही नष्ट कराया गया। अभियान में साकेत राय प्रधान आबकारी सिपाही, अंकित शर्मा आबकारी सिपाही, इरफान आबकारी सिपाही सहित पुलिस बल मौजूद रहा। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में संचालित आबकारी दुकानों का निरीक्षण कर स्टक का भौतिक सत्यापन किया गया तथा गुप्त रूप से टेस्ट परचेज भी कराया गया। टीम द्वारा कबाड़ियों की दुकानों एवं ईंट भट्ठों की गहन जांच की गई। अधिकारियों ने ग्रामीणों को अवैध शराब के सेवन से होने वाली हानियों के प्रति जागरूक करते हुए अवैध शराब के कारोबार की सूचना तत्काल प्रशासन को देने की अपील की।

# मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने को पीलीभीत टाइगर रिजर्व में दो दिवसीय प्रशिक्षण, मुआवजा व बीमा योजनाओं की दी जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।मानव-वन्यजीव संघर्ष प्रबंधन, अनुग्रह राशि दावा प्रक्रियाओं एवं बीमा संबंधी जागरूकता-सह-क्षमता निर्माण को लेकर पीलीभीत टाइगर रिजर्व के वन शहीद कुंदन लाल सभागार में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बाघ मित्रों ने प्रतिभाग कर विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फील्ड डायरेक्टर पीलीभीत टाइगर रिजर्व पी.पी. सिंह ने कहा कि मानव-वन्यजीव संघर्ष आज वन्यजीव संरक्षण के सामने एक बड़ी चुनौती बन चुका है उन्होंने कहा कि वनकर्मी और बाघ मित्र मिलकर इस समस्या का प्रभावी समाधान कर सकते हैं बाघ मित्र वन विभाग के पूरक के रूप में कार्य कर रहे हैं और अपने समर्पण एवं मेहनत से इस अभियान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रहे हैं प्रभागीय वनाधिकारी, पीलीभीत टाइगर रिजर्व ने कहा कि विभाग का प्रयास होना चाहिए कि वन्यजीव घटनाओं से प्रभावित परिवारों को समय पर अनुग्रह राशि उपलब्ध कराई जाए साथ ही सरकार की अन्य योजनाओं के माध्यम से भी पीड़ित परिवारों को सहायता दिलाई जानी चाहिए वहीं सामाजिक वानिकी के प्रभागीय निदेशक श्री भारत कुमार डी.के. ने कहा कि वर्तमान में फसलों की कटाई होने के कारण खेत खाली पड़े हैं, जिससे वन्यजीवों को छिपने का स्थान नहीं मिल पा रहा है। इसके चलते कुत्तों द्वारा शाकाहारी वन्यजीवों को घायल किए जाने की घटनाएं बढ़ रही हैं उन्होंने वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए सभी को अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता बताई प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में पीलीभीत, माला, महोफ एवं बीसलपुर रेंज के वनकर्मियों, अधिकारियों एवं बाघ मित्रों ने भाग लिया इस दौरान मानव-वन्यजीव संघर्ष प्रबंधन में मुआवजे की भूमिका, दावा प्रक्रिया एवं पीड़ित परिवारों को समयबद्ध सहायता उपलब्ध कराने के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी श्री नरेश कुमार ने वन्यजीवों के कारण मनुष्य के घायल होने, मृत्यु, संपत्ति, पालतू पशुओं एवं कृषि फसलों के नुकसान से संबंधित मुआवजा प्रक्रियाओं पर विस्तृत जानकारी दी कार्यक्रम में डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया द्वारा फ्रंटलाइन स्टाफ को अनुग्रह सहायता राशि योजना की जानकारी भी दी गई योजना के तहत वन विभाग के औपचारिक अनुरोध एवं निर्धारित मानकों की पूर्ति होने पर ड्यूटी के दौरान मृत्यु अथवा स्थायी दिव्यांगता की स्थिति में वन विभाग के फ्रंटलाइन कर्मचारियों या उनके नामित परिजनों को तीन लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी इस अवसर पर उप प्रभागीय वनाधिकारी रूद्र प्रताप सिंह,रेंज अधिकारी विनीत कुमार, रोविन कुमार माला रेंजर रोविन सिंह, शेर सिंह सहित वन दरोगा,वनरक्षक एवं बड़ी संख्या में बाघ मित्र उपस्थित रहे हैं।

# स्वदेशी अपनाने से आत्मनिर्भर बनेगा भारत : डॉ. अशोक मिश्रा

**स्वदेशी जागरण मंच की बैठक में 'स्वदेशी' और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प पर जोर**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। स्वदेशी जागरण मंच द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से देशवासियों से पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने, विदेशी वस्तुओं के उपयोग से बचने तथा स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की अपील का स्वागत किया गया। इस संबंध में विचार विभाग प्रमुख डॉ. अशोक मिश्रा की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित हुई, जिसमें स्वदेशी, आत्मनिर्भरता और ऊर्जा सुरक्षा जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पेट्रोलियम उत्पादों की खपत कम करना केवल आर्थिक आवश्यकता नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्वावलंबन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री द्वारा नागरिकों से अनावश्यक वाहन उपयोग कम करने, विदेशी यात्रा में कटौती करने, ऑनलाइन बैठकों को बढ़ावा देने तथा स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग की अपील देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रेरणादायक पहल है। बैठक में कहा गया कि भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, इलेक्ट्रिक वाहन और परमाणु ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में तेजी से कार्य करने की आवश्यकता है। वक्ताओं ने कहा कि यदि देश स्वच्छ तकनीक और नवीकरणीय ऊर्जा उपकरणों के निर्माण में आत्मनिर्भर बनता है तो विदेशी निर्भरता में बड़ी कमी आएगी। इस अवसर पर धर्मेंद्र द्विवेदी, राजीव तिवारी, प्रीति मिश्रा एवं सुधा सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में देशवासियों से स्वदेशी उत्पादों को अपनाने तथा राष्ट्र निर्माण के अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की गई।

# बस स्टेशन स्थित मंदिर जाने में भक्त जनों को है जान का जोखिम



**मंदिर में जाने के लिए सुरक्षित वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था करे प्रशासन**

सुल्तानपुर। बस स्टेशन परिसर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता उत्पन्न हो गई है। कुछ दिन पूर्व एक अनियंत्रित बस ने परिसर की उत्तरी दीवार में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दीवार क्षतिग्रस्त होकर टूट गई और लटक कर बिजली के खंबे के सहारे टिकी हुई है जो कभी भी भरभरा कर गिर सकती है। विदित हो कि यही मार्ग बस स्टेशन परिसर में स्थित हनुमान जी के मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए आने वाले भक्तों के आवागमन का प्रमुख रास्ता है। गौरतलब है कि इस स्थान पर हमेशा दर्जनों बसों का जमावड़ा लगा रहता है, जिसके बीच से होकर श्रद्धालुओं को मंदिर तक पहुंचना पड़ता है। ऐसे में मंदिर जाने वाला यह रास्ता खतरे से खाली नहीं है और किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय समाजसेवियों और नागरिकों द्वारा लंबे समय से जिला प्रशासन से मांग की जाती रही है कि मंदिर की उत्तरी दीवार पर सुरक्षित प्रवेश द्वार (गेट) का निर्माण कराया जाए, ताकि श्रद्धालु बिना किसी जोखिम के मंदिर पहुंच सकें। विदित हो कि मंदिर के उत्तरी दिवाल से सटकर बढ़ैयाबीर मार्ग की खुली नाली बनी हुई है। विदित हो कि उधर से गुजरने वाले राहगीर जाने अनजाने में मंदिर की दिवाल पर लघुशंका करते हैं जिससे हनुमान जी के मंदिर की प्रतिष्ठा भी भंग होती है। ऐसे में मंदिर की उत्तरी दिवाल से प्रवेश मार्ग बनाया जाना और भी आवश्यक है। मानव अधिकार फोरम ने जिला प्रशासन से मांग की है कि समय रहते मंदिर तक पहुंचने के लिए सुरक्षित वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की जाए तथा बस स्टेशन परिसर में आवश्यक सुरक्षा उपाय तत्काल किए जाएं, ताकि किसी भी संभावित अनहोनी को रोका जा सके।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कर सकते हैं आवेदन



बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु जनपद को 1476 कन्याओं का विवाह सम्पन्न कराये जाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक व्यक्ति विभागीय वेबसाइट सीएमएसवीवाई डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना अन्तर्गत ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। गरीब परिवार की चयनित बेटियों का माह मई के शुभ मुहूर्त में विवाह सम्पन्न कराया जाना संभावित है। समाज कल्याण विभाग शादी करने वाली बेटियों के खाते में रु. 60,000 की धनराशि अन्तरित करेगा। यह जानकारी देते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय ने बताया कि रू. 03 लाख वार्षिक आय वाले शहरी व ग्रामीण परिवार आधार कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र, आवेदक का पहचान-पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता, पासपोर्ट साइज फोटो, दोनों पक्षों के परिवार रजिस्टर की नकल एवं मोबाइल नम्बर के साथ आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विवाह के समय लड़की की आयु 18 वर्ष व लड़के की आयु 21 वर्ष पूरी होनी चाहिए। योजना के तहत निराश्रित कन्या, विधवा महिला की पुत्री, दिव्यांगजन अभिभावक की पुत्री, दिव्यांग एवं विधवा को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी।

## बिलसण्डा में करोड़ों की कान्हा गौशाला अधूरी, गौवंश सड़कों पर :हिंदू महासभा ने दी आंदोलन की चेतावनी

पपीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। बिलसण्डा नगर पंचायत क्षेत्र में करोड़ों रुपये की लागत से बनी कान्हा गौशाला अब तक शुरू न होने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है हिंदू महासभा संगठन ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर गौशाला को तत्काल चालू कराने की मांग की है संगठन का आरोप है कि वर्ष 2020 में मुख्यमंत्री के निर्देशों के तहत स्वीकृत हुई कान्हा गौशाला का लगभग 90 प्रतिशत निर्माण कार्य वर्ष 2023 तक पूरा हो चुका है, लेकिन आज तक इसे संचालित नहीं किया गया ज्ञापन में कहा गया है कि नगर पंचायत क्षेत्र में बड़ी संख्या में गौवंश खुले में भटक रहे हैं खेतों में पहुंचकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी है संगठन ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के सख्त निर्देशों के बावजूद जिला प्रशासन गौवंश संरक्षण को लेकर गंभीर नहीं दिख रहा है बिलसण्डा ही नहीं, बल्कि पीलीभीत शहर में भी गौवंश कूड़ा खाने को मजबूर हैं हिंदू महासभा के पदाधिकारियों ने कहा कि करोड़ों रुपये खर्च कर बनाई गई कान्हा गौशाला को अधूरा छोड़कर खंडहर बनने दिया जा रहा है, जिससे सरकारी धन की बर्बादी हो रही है संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर गौशाला को चालू नहीं कराया गया तो ग्रामीणों के साथ जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी संगठन की ओर से अवनीश एकार ने जिलाधिकारी से शीघ्र गौशाला शुरू कराने की मांग की है, ताकि गौवंशों की सुरक्षा और किसानों की फसलों को नुकसान से बचाया जा सके।

## सपा सांसद के खलाफ, भाजपा आज करेगी विरोध प्रदर्शन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। समाजवादी पार्टी के सांसद अजेंद्र सिंह लोधी द्वारा दुनिया के सबसे बड़े लोकतन्त्र के नेता देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए अभद्र टिप्पणी की गई है।जिसके विरोध में भारतीय जनता पार्टी संगठन के आवाहन पर महिला शक्ति के द्वारा आज विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया हैं। आपको अधिक से अधिक संख्या में मातृशक्ति के साथ आज सुबह 11 बजे कचहरी स्थित तिकुनिया पार्क के समीप एकत्रित होना है।जहां मातृशक्ति द्वारा विपक्ष की इस करतूत का विरोध प्रदर्शन किया जाएगा उक्त जानकारी गोकुल प्रसाद मौर्य जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी पीलीभीत ने दी है।

## ललुआ पंडरिया क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ, जयभारत टीम ने पहले मुकाबले में दर्ज की जीत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र के गांव ललुआ पंडरिया में बुधवार को क्रिकेट प्रेमियों के उत्साह के बीच क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ किया गया उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और खेल प्रेमियों की मौजूदगी रही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी वार्ड नंबर 09 एवं भाजपा नेता रजनीश पाण्डेय तथा भाजपा नेता नवनीत मिश्रा पहुंचे दोनों अतिथियों ने फीता काटकर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें खेल भावना के साथ प्रतियोगिता खेलने के लिए प्रेरित किया टूर्नामेंट का पहला मुकाबला भगवन्तपुर टीम और जयभारत टीम के बीच खेला गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन अंत में जयभारत टीम ने जीत दर्ज कर उद्घाटन मैच अपने नाम कर लिया मैच के दौरान दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया इस अवसर पर आयोजकों द्वारा मुख्य अतिथि नवनीत मिश्रा और रजनीश पाण्डेय को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया आयोजन समिति की ओर से बताया गया कि टूर्नामेंट में क्षेत्र की कई टीमें भाग ले रही हैं और आगामी दिनों में रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे क्रिकेट टूर्नामेंट के सफल आयोजन में रमन पाण्डेय, सुमित शुक्ला और तरुण पाण्डेय की प्रमुख भूमिका रही। वहीं कमेटी सदस्यों में राजीव मिश्रा पप्पू दादा, भरत मिश्रा, विमलेश मिश्रा, राजकिशोर शुक्ला, विजय शंकर शुक्ला, अवनीश मिश्रा, मोहित मिश्रा, अतुल मिश्रा, धीरज यादव, प्रशांत मिश्रा, सौरभ पाण्डेय, विमल शुक्ला, अभय शुक्ला, वैभव मिश्रा, सार्थक यादव, अनुभव पाण्डेय, लक्की मिश्रा और ध्रुव अवस्थी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे है।

## कलीनगर तहसील में माल बाबू पुनीत की अचानक मौत से मचा हड़कंप

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कलीनगर तहसील में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब तहसील में कार्यरत माल बाबू पुनीत कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक तबीयत बिगड़ गई बताया जा रहा है कि ड्यूटी के दौरान अचानक उनकी हालत खराब होने लगी, जिससे तहसील कर्मचारियों और अधिकारियों में हड़कंप मच गया मौके पर मौजूद तहसील अधिकारियों और कर्मचारियों ने बिना देर किए तत्काल एंबुलेंस की व्यवस्था कर उन्हें उपचार के लिए पीलीभीत मेडिकल कॉलेज भिजवाया हालांकि, मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद पुनीत कुमार को मृत घोषित कर दिया अचानक हुई इस घटना से तहसील परिसर में शोक और स्तब्धता का माहौल है सहकर्मियों के अनुसार, पुनीत कुमार सामान्य रूप से ड्यूटी कर रहे थे, लेकिन अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने से सभी लोग घबरा गए फिलहाल मौत के कारणों को लेकर स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आ सकी है चिकित्सकों द्वारा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा घटना के बाद तहसील कर्मचारियों और स्थानीय लोगों में शोक की लहर दौड़ गई।

# महिला शिक्षक संघ की ब्लॉक अध्यक्ष बनीं सुगंध अग्रवाल, राजन मलिक महामंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।अखिल भारतीय महिला शिक्षक संघ जनपद पीलीभीत द्वारा पूरनपुर ब्लॉक में आयोजित 'नारी शक्ति वंदन एवं मातृ अभिनंदन' कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक कार्यकारिणी की घोषणा की गई। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुलोचना मौर्य के निर्देश पर जिला अध्यक्ष डॉ. अनीता तिवारी ने शिक्षिका सुगंध अग्रवाल को ब्लॉक अध्यक्ष और राजन मलिक को ब्लॉक महामंत्री पद के लिए सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मानसी सिंह और विशिष्ट अतिथि कल्पना गुप्ता रहीं। इस अवसर पर शकुंतला देवी और मीरा अग्रवाल को मातृ शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया। विदुषी महिलाओं ने नारी शक्ति वंदन और मातृ अभिनंदन विषय पर ओजस्वी वक्तव्य दिए, जिससे पूरा वातावरण गरिमामय और भावपूर्ण बना रहा।नव निर्वाचित पदाधिकारियों को ब्लॉक प्रमुख मानसी सिंह ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। जिला अध्यक्ष डॉ. अनीता तिवारी ने कहा कि संगठन महिला शिक्षकों को मंच देकर उनके नेतृत्व क्षमता को मजबूत कर रहा है। उन्होंने आशा जताई कि नई टीम शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम में जनपद महामंत्री आराधना कश्यप, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विभा मिश्रा, जिला मंत्री सुनीता कार्की, जिला उपाध्यक्ष जयकिरण सहित संघ की कई पदाधिकारी एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। सभी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया है।

# गौरीगंज में अमान्य विद्यालय पर प्रशासन ने लगवा दिया ताला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । विकास क्षेत्र गौरीगंज में बिना मान्यता संचालित विद्यालयों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत प्रशासन एवं शिक्षा विभाग ने संयुक्त कार्यवाही करते हुये राजबहादुर सिंह पब्लिक स्कूल तुलसीपुर गौरीगंज को बंद करा दिया। यह कार्यवाही खण्ड शिक्षा अधिकारी अर्जुन सिंह के निर्देशन में की गई जिसमें राजस्व विभाग एवं शिक्षा विभाग की टीम ने विद्यालय का निरीक्षण कर आवश्यक कदम उठाये।खण्ड शिक्षा अधिकारी अर्जुन सिंह ने बताया कि प्राप्त शिकायतों एवं जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि उक्त विद्यालय बिना वैध मान्यता के संचालित किया जा रहा था। मामले को गम्भीरता से लेते हुये नायब तहसीलदार अनुश्री त्रिपाठी एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी की ओर से विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण कराया गया। जांच में विद्यालय में एलकेजी से कक्षा आठ तक लगभग पचास छात्र छात्राएं अध्ययनरत पाये गये तथा मौके पर बत्तीस बच्चे उपस्थित मिले। निरीक्षण के दौरान विद्यालय प्रबंधन से मान्यता संबंधी अभिलेख प्रस्तुत करने को कहा गया लेकिन विद्यालय के पास आवश्यक मान्यता उपलब्ध नही पाई गई। इस पर विद्यालय संचालक प्रबंधन की ओर से लिखित रूप में यह स्वीकार किया गया कि विद्यालय वर्तमान में बिना मान्यता संचालित किया जा रहा था तथा मान्यता प्राप्त होने तक विद्यालय का संचालन नहीं किया जायेगा।खण्ड शिक्षा अधिकारी अर्जुन सिंह ने बताया कि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो इसके लिये विभाग ने तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की। विद्यालय में अध्ययनरत बत्तीस बच्चों का प्रवेश नजदीकी मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कराया गया है। इनमें प्राथमिक विद्यालय धारूशाह, कम्पोजिट विद्यालय तुलसीपुर, कम्पोजिट विद्यालय गौरीपुर, कम्पोजिट विद्यालय पूरे गौरन, एवं प्राथमिक विद्यालय ओरीपुर सुरौली सहित अन्य विद्यालय शामिल हैं। शेष बच्चों के प्रवेश की प्रक्रिया भी सुनिश्चित कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग की प्राथमिकता बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित शिक्षा उपलब्ध कराना है। बिना मान्यता संचालित विद्यालय बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने के समान हैं जिन्हें किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे विद्यालयों के विरुद्ध आगे भी अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्रशासनिक कार्रवाई के अंतर्गत संबंधित विद्यालय परिसर में ताला लगाकर विद्यालय को बंद करा दिया गया है। शिक्षा विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों का प्रवेश केवल मान्यता प्राप्त विद्यालयों में ही कराएं तथा विद्यालय की मान्यता की जानकारी अवश्य प्राप्त करें।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर 48 घंटे में दो अज्ञात शव मिलने से सनसनी, पहचान में जुटी पुलिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर दो दिनों के भीतर दो अज्ञात शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस दोनों मामलों की जांच में जुटी है और मृतकों की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में दोनों की मौत तेज रफ्तार वाहनों की टक्कर से होने की आशंका जताई जा रही है।

ताजा मामला अखंडनगर थाना क्षेत्र का है। मंगलवार रात कल्याणपुर गांव के पास पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के 171.900 किलोमीटर पर एक अज्ञात युवक का शव दुर्घटनाग्रस्त अवस्था में मिला। शव पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए। सूचना मिलने पर बुधवार सुबह करीब आठ बजे यूपीडा की एम्बुलेंस सेवा द्वारा शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अखंडनगर पहुंचाया गया। डक्टर की सूचना पर उपनिरीक्षक हैदर अली मौके पर पहुंचे और आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। इससे पहले मंगलवार को ही पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के 136.6 किलोमीटर पर चांदपुर अंडरपास पुल के पास एक अज्ञात व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ था। शव की स्थिति इतनी खराब थी कि यूपीडा के सुरक्षाकर्मी उसे रातभर मरा हुआ जानवर समझते रहे। सुबह मानव अंग दिखाई देने पर पुलिस को सूचना दी गई।

बताया जा रहा है कि शव देर रात से सड़क पर पड़ा था और उसके ऊपर से लगातार वाहन गुजरते रहे, जिससे शरीर के कई अंग अलग-अलग हो गए। मौके पर रीढ़ की हड्डी, हाथ तथा पैर के पंजे बिखरे मिले। सेमरी चौकी के उपनिरीक्षक सुबोधकांत त्यागी ने शव के अवशेष एकत्र कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस दोनों मामलों में एक्सप्रेस-वे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। साथ ही आमजन से अपील की गई है कि यदि किसी को मृतकों के संबंध में कोई जानकारी हो तो तत्काल पुलिस को सूचना दें, ताकि शवों की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जा सके। विद्युत पोल से टकराई बाइक, पति की मौत, पत्नी गंभीर

सुल्तानपुर। कूरेभार थाना क्षेत्र के फुलौना-हैदरगंज मार्ग पर बुधवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, जयसिंहपुर थाना क्षेत्र के करिया बझना नेगईपुर गांव निवासी राम रूप (53) अपनी पत्नी पुष्पा (50) के साथ बाइक से हैदरगंज से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे ममरखा गांव के पास पहुंचे, उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि राम रूप ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि उनकी पत्नी पुष्पा गंभीर रूप से घायल हो गईं।

# विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी, फर्जी वीजा-टिकट देने का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है पीड़ित ने पुलिस क्षेत्राधिकारी पूरनपुर को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है आरोप है कि ट्रैवल एजेंसी संचालकों ने अजरबैजान भेजने का झांसा देकर रुपये ले लिए, लेकिन बाद में फर्जी वीजा और टिकट थमा दिए थाना पूरनपुर क्षेत्र के ग्राम उदयकरनपुर निवासी बलजीत कुमार पुत्र स्व. छोटेलाल ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी जान-पहचान थाना माधौटांडा क्षेत्र के निग्रा बिहारीपुर रम्पुरा फकीरे निवासी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी तथा उसके सहयोगी जसविन्दर सिंह से थी दोनों पूरनपुर के सुपर मार्केट में ऌदशमेश ट्रैवल्सङ्क नाम से कार्यालय संचालित करते हैं और विदेश भेजने का कार्य करते हैं पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने अजरबैजान भेजने का भरोसा दिलाया और कुल 1 लाख 90 हजार रुपये खर्च बताया साथ ही आश्वासन दिया कि यदि विदेश नहीं भेज पाए तो पूरी रकम वापस कर दी जाएगी इस पर पीड़ित ने जिला सहकारी बैंक के दो चेकों के माध्यम से 1 लाख 50 हजार रुपये तथा 40 हजार रुपये नकद दिए आरोप है कि बाद में दिए गए वीजा और टिकट फर्जी निकले तथा आरोपी विदेश भेजने में असफल रहे रकम वापस मांगने पर आरोपियों ने कुछ समय बाद पैसा लौटाने का भरोसा दिया पीड़ित के मुताबिक ग्राम प्रधान उदयकरनपुर कुलविन्दर कौर के घर पंचायत भी हुई, जहां आरोपियों ने 1 लाख 60 हजार रुपये का चेक दिया और शेष रकम नकद देने की बात कही, लेकिन खाते में पर्याप्त धनराशि न होने के कारण चेक बाउंस हो गया पीड़ित का आरोप है कि अब आरोपी फोन नहीं उठा रहे हैं और न ही घर पर मिल रहे हैं उन्होंने खुद को दबंग प्रवृत्ति का बताते हुए पैसा हड़प लेने का आरोप लगाया है पीड़ित ने पुलिस से धोखाधड़ी और जालसाजी का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

## सम्पादकीय

# दूरगामी सोच

ऐसा नहीं है कि भारत विदेशी मुद्रा मामले में संकट में हो बल्कि वास्तविकता यह है कि 10 अप्रैल, 2026 के आंकड़ों की ही बात करें तो भारत का विदेशी मुद्रा भण्डार आज उच्चतम स्तर पर है। 700 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का विदेशी मुद्रा भण्डार भारत के पास है। एक अनुमान के अनुसार आगामी 11 माह से अधिक समय तक आयात मांग की पूर्ति इस राशि से आसानी से हो सकती है। विदेशी मुद्रा भण्डार से एफसीए यानी कि विदेशी मुद्रा संपत्ति, स्वर्ण भण्डार और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में आरक्षित राशि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। इसके सबके बावजूद भविष्य के संभावित संकट के हालातों से निपटने की आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी की जाती है तो यही दूरदृष्टि कहलाती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भविष्य के वैश्विक हालात साफ दिखाई दे रहे हैं। इसमें सुधार की संभावना निकट भविष्य में दिखाई भी नहीं दे रही है। ऐसे में उन्होंने देशवासियों से केवल एक वर्ष के लिए अनावश्यक खर्चों में कटौती का आग्रह किया है। इसमें ईंधन बचाना, सोना नहीं खरीदने, विदेशी यात्राओं व विदेशों में शादी नहीं करने, खाने के तेल के उपयोग में 10 प्रतिशत तक की कटौती व खेती में रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में 50 प्रतिशत तक की कटौती का सुझाव प्रमुख है। प्रधानमंत्री के देशवासियों से आग्रह को आलोचक भले मुद्दा बनाने का प्रयास करें पर वैश्विक हालात आज सबके सामने है। देशवासियों को मालूम है कि पेट्रोलियम उत्पादों इनमें कच्चे तेल से लेकर गैस आदि शामिल है, उसके लिए आयात पर निर्भरता अधिक है। देश में 979 अरब अमेरिकी डॉलर का सालाना आयात होता है जिसमें करीब 38 प्रतिशत आयात केवल पेट्रोलियम पदार्थों पर हो रहा है। सोना-चांदी और इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ फर्टिलाइजर के मामले में भी विदेशों पर निर्भरता अधिक है। करीब 10 प्रतिशत राशि सोने के आयात पर खर्च होती है। यदि समग्र रुप से देखा जाए तो प्रधानमंत्री मोदी ने तेलंगाना के सिकन्दराबाद से देशवासियों से जो आग्रह किया है वह ऐसा नहीं है जो किसी भी तरह से देशवासियों के लिए दुविधाजनक हो। वैश्विक संकट के चलते देश-दुनिया की इकोनॉमी पर पड़ने वाले संभावित असर को देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी की देशवासियों से दूरदृष्टियुक्त अपील से कोरोना काल की याद ताजा हो रही है तो पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री की तत्कालीन अन्न संकट के दौरान सप्ताह में एक दिन के उपवास के आग्रह की ओर चला जाता है। ईरान के साथ अमेरिका-इजराइल के सीज़फायर के आसार अभी दिखाई नहीं दे रहे हैं तो दूसरी ओर दोनों पक्षों की हठधर्मिता के कारण हार्मुज जलडमरुमध्य से परिवहन बाधित होने का परिणाम दुनिया के देशों के सामने है। दुनिया के देशों को यह समझ लेना होगा कि अमेरिका-ईरान युद्ध केवल दो या तीन देशों के बीच सीमित ना होकर इसके असर से आज कोई देश अछूता नहीं है। यह दो देशों की अहम की लड़ाई न होकर समूची मानवता को प्रभावित करने वाले हालात हैं। आज दुनिया के देशों की एक-दूसरे पर निर्भरता बढ़ी है। बिना किसी अन्य देश के सहयोग के कोई भी देश अपने स्तर पर अपने देशवासियों की आवश्यकताओं को पूरा करने की स्थिति में नहीं है। आर्थिक उदारीकरण के बाद से आज दुनिया एक विश्व ग्राम में परिवर्तित हो गयी है। एक बात यह भी साफ हो जानी चाहिए कि आज ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजराइल संकट का हल निकल भी आता है तब भी वैश्विक हालात सामान्य होने में लंबा समय लग जाएगा। युद्धरत देश यह समझने की कोशिश नहीं कर रहे कि उनके चलते दुनिया आज सालों पीछे जा रही है। विकास बाधित हो रहा है, आर्थिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं और हालात दिन-प्रतिदिन बिगड़ते जा रहे हैं। सबको मालूम है कि अमेरिका-ईरान युद्ध के चलते रास्ता अवरुद्ध होने के कारण आज कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का आयात प्रभावित है।

# नीट संकट: परीक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर सवाल

भारत की प्रतियोगी परीक्षा व्यवस्था केवल प्रवेश की प्रक्रिया नहीं बल्कि सामाजिक न्याय, अवसर और प्रतिभा-परीक्षण का आधार है। जब राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा यानी नीट जैसी राष्ट्रीय परीक्षा को लेकर अनियमितता, संदिग्धता या रद्दीकरण की स्थिति बनती है तो केवल एक परीक्षा प्रभावित नहीं होती बल्कि लाखों विद्यार्थियों का भरोसा, समय और मानसिक संतुलन भी टूटता है। परीक्षा किसी तकनीकी आयोजन भर का नाम नहीं है; यह उस भरोसे का प्रतीक है जिसमें राज्य यह सुनिश्चित करता है कि परिश्रम, योग्यता और तैयारी का उचित मूल्य मिलेगा। इसलिए परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता किसी भी लोकतांत्रिक शिक्षा-व्यवस्था की रीढ़ होती है।

नीट जैसे मामलों में सबसे चिंताजनक तथ्य केवल यह नहीं कि कोई एक घटना घट गई बल्कि यह है कि ऐसी घटनाएँ बार-बार क्यों सामने आती हैं। जब कोई राष्ट्रीय परीक्षा संदेह के घेरे में आती है, तो पूरा सार्वजनिक विश्वास डगमगाने लगता है। विद्यार्थी, अभिभावक, शिक्षक, कोचिंग संस्थान और प्रशासन, सभी एक ऐसे प्रश्न से जूझते हैं जिसका उत्तर केवल प्रेस विज्ञप्तियों से नहीं मिल सकता। प्रश्न यह है कि क्या हमारी परीक्षा-व्यवस्था वास्तव में इतनी मजबूत है कि वह पारदर्शिता, निष्पक्षता और सुरक्षा–तीनों मोर्चों पर एक साथ टिक सके? यदि नहीं तो समस्या केवल एक परीक्षा की नहीं बल्कि पूरे तंत्र की है।

परीक्षा-व्यवस्था का संकट अचानक पैदा नहीं होता। यह उन छोटी-छोटी कमजोरियों से बनता है जिन्हें समय रहते ठीक नहीं किया जाता। प्रश्नपत्र निर्माण की प्रक्रिया, गोपनीय सामग्री का संरक्षण, लॉजिस्टिक ट्रांसपोर्ट, परीक्षा केंद्रों की निगरानी, तकनीकी सत्यापन, पहचान-प्रक्रिया और उत्तर-पत्रों की हैंडलिंग–इन सभी स्तरों पर यदि एक भी कड़ी कमजोर हो जाए, तो पूरी व्यवस्था संदेह के घेरे में आ सकती है। आधुनिक समय में परीक्षा केवल कागज-कलम का आयोजन नहीं रह गयी है; वह सूचना, सुरक्षा और नियंत्रण के अत्यंत जटिल नेटवर्क से जुड़ी प्रणाली बन चुकी है। इसलिए किसी भी स्तर पर हुई लापरवाही का सीधा प्रभाव छात्रों के भविष्य पर पड़ता है।

यह भी समझना होगा कि परीक्षा-प्रणाली में भरोसा केवल पारदर्शिता से नहीं बनता बल्कि निरंतरता से बनता है। यदि विद्यार्थी को यह आश्वासन न हो कि उसकी मेहनत का मूल्य स्थिर और सुरक्षित है, तो उसकी तैयारी अनिश्चितता में बदल जाती है। एक ईमानदार छात्र परीक्षा केंद्र तक पहुँचने से पहले ही मन में कई प्रश्न लेकर आता है- क्या प्रश्नपत्र सुरक्षित रहेगा? क्या कोई अनुचित लाभ नहीं ले जाएगा? क्या पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष होगी? जब ऐसे प्रश्न सामान्य हो जाएँ, तब समझ लेना चाहिए कि संकट केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि नैतिक भी है। शिक्षा का मूल उद्देश्य अवसर की समानता है, और यदि वही कमजोर पड़ जाए, तो व्यवस्था अपने उद्देश्य से भटक जाती है।

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा जैसी परीक्षा में यह चिंता और अधिक गंभीर हो जाती है, क्योंकि यह केवल एक पेशेवर प्रवेश-परीक्षा नहीं, बल्कि लाखों परिवारों के सामाजिक-आर्थिक सपनों का केंद्र है। ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र, निम्न-मध्यम वर्ग के अभ्यर्थी और छोटे शहरों के युवा सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी योग्यता के बल पर आगे बढ़ने का सपना देखते हैं। लेकिन जब परीक्षा की शुचिता पर प्रश्न उठते हैं, तब सबसे अधिक नुकसान इन्हीं विद्यार्थियों का होता है। जिनके पास प्रभाव, संसाधन या नेटवर्क है, वे कई बार व्यवस्था की कमजोरियों से निकल जाते हैं; पर जिनके पास केवल मेहनत है, वे सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। इसलिए परीक्षा की पारदर्शिता केवल प्रशासनिक सुधार नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय का भी प्रश्न है। परीक्षा-व्यवस्था का संकट विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी गहरा असर डालता है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पहले ही अत्यधिक तनावपूर्ण होती है। छात्र लंबे समय तक कठोर अनुशासन, सीमित सामाजिक जीवन, पारिवारिक अपेक्षाओं और भविष्य की अनिश्चितता के बीच रहते हैं। जब ऐसी स्थिति में परीक्षा का भविष्य ही संदिग्ध हो जाए तो मानसिक दबाव कई गुना बढ़ जाता है। कुछ विद्यार्थी हताश हो जाते हैं, कुछ अपनी रणनीति बार-बार बदलते हैं,

**परीक्षा-व्यवस्था का संकट अचानक पैदा नहीं होता। यह उन छोटी-छोटी कमजोरियों से बनता है जिन्हें समय रहते ठीक नहीं किया जाता। प्रश्नपत्र निर्माण की प्रक्रिया, गोपनीय सामग्री का संरक्षण, लॉजिस्टिक ट्रांसपोर्ट, परीक्षा केंद्रों की निगरानी, तकनीकी सत्यापन, पहचान-प्रक्रिया और उत्तर-पत्रों की हैंडलिंग–इन सभी स्तरों पर यदि एक भी कड़ी कमजोर हो जाए, तो पूरी व्यवस्था संदेह के घेरे में आ सकती है। आधुनिक समय में परीक्षा केवल कागज-कलम का आयोजन नहीं रह गयी है; वह सूचना, सुरक्षा और नियंत्रण के अत्यंत जटिल नेटवर्क से जुड़ी प्रणाली बन चुकी है। इसलिए किसी भी स्तर पर हुई लापरवाही का सीधा प्रभाव छात्रों के भविष्य पर पड़ता है। यह भी समझना होगा कि परीक्षा-प्रणाली में भरोसा केवल पारदर्शिता से नहीं बनता बल्कि निरंतरता से बनता है। यदि विद्यार्थी को यह आश्वासन न हो कि उसकी मेहनत का मूल्य स्थिर और सुरक्षित है, तो उसकी तैयारी अनिश्चितता में बदल जाती है। एक ईमानदार छात्र परीक्षा केंद्र तक पहुँचने से पहले ही मन में कई प्रश्न लेकर आता है– क्या प्रश्नपत्र सुरक्षित रहेगा? क्या कोई अनुचित लाभ नहीं ले जाएगा? क्या पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष होगी? जब ऐसे प्रश्न सामान्य हो जाएँ, तब समझ लेना चाहिए कि संकट केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि नैतिक भी है। शिक्षा का मूल उद्देश्य अवसर की समानता है, और यदि वही कमजोर पड़ जाए, तो व्यवस्था अपने उद्देश्य से भटक जाती है।**

और कुछ गहरे अवसाद में भी चले जाते हैं। इसलिए परीक्षा-प्रशासन को यह समझना चाहिए कि वह केवल तिथियाँ घोषित करने या केंद्र स्थापित करने का काम नहीं कर रहा बल्कि युवाओं के भविष्य का भरोसा संभाल रहा है। डिजिटल युग ने परीक्षा-प्रशासन को सुविधाएँ भी दी हैं और नई चुनौतियाँ भी। ऑनलाइन पंजीकरण, डिजिटल पहचान, सीसीटीवी निगरानी, एनक्रिप्टेड डेटा और केंद्रीकृत नियंत्रण जैसी व्यवस्थाओं ने परीक्षा प्रणाली को आधुनिक बनाया है। लेकिन इसी के साथ तकनीकी जोखिम भी बढ़े हैं। डेटा लीक, सॉफ्टवेयर में छेड़छाड़, आंतरिक मिलीभगत, साइबर घुसपैठ और गलत सूचना का प्रसार–ये सभी नई चुनौतियाँ बनकर सामने आए हैं। इसलिए केवल तकनीक अपनाना पर्याप्त नहीं है; उसकी सुरक्षा, ऑडिट और जवाबदेही भी उतनी ही मजबूत होनी चाहिए। यदि तकनीक ही कमजोर हो जाए, तो पारदर्शिता का दावा खोखला साबित होगा। परीक्षा-व्यवस्था में सुधार के लिए सबसे पहले जवाबदेही तय करनी होगी। जब कोई परीक्षा विवाद में आती है, तो अक्सर ध्यान केवल घटना पर केंद्रित रहता है। लेकिन असली प्रश्न यह है कि उस घटना की अनुमति किसकी लापरवाही से मिली। परीक्षा-आयोजक संस्था, संबंधित मंत्रालय, सुरक्षा एजेंसियाँ, केंद्र-स्तरीय अधिकारी और स्थानीय प्रशासन- सभी की भूमिका की समीक्षा आवश्यक है। जवाबदेही का अर्थ केवल किसी एक अधिकारी को हटाना नहीं बल्कि पूरे ढाँचे का पुनर्मूल्यांकन करना है। यदि दोषी पकड़े नहीं जाते, प्रक्रिया की कमियाँ सार्वजनिक नहीं होतीं और सुधारात्मक कदम नहीं उठाए जाते, तो हर बार वही संकट दोहराया जाएगा। दूसरी आवश्यकता स्वतंत्र और समयबद्ध ऑडिट की है। प्रश्नपत्र निर्माण से लेकर परीक्षा-समापन तक हर चरण का सुरक्षित रिकॉर्ड होना चाहिए। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की स्थिति में तत्काल जांच संभव हो, इसके लिए ऐसा तंत्र चाहिए जो पारदर्शी भी हो और तेज भी। साथ ही परीक्षा-प्रबंधन में बहुस्तरीय निगरानी व्यवस्था विकसित करनी होगी, जहाँ कोई एक व्यक्ति या विभाग पूरी प्रक्रिया पर एकाधिकार न रखे। नियंत्रण का विकेंद्रीकरण और निगरानी का केंद्रीकरण- यही संतुलन सुरक्षित परीक्षा तंत्र की आधारशिला बन सकता है। तीसरी आवश्यकता विश्वसनीय संवाद व्यवस्था की है। सोशल मीडिया के दौर में अफवाहें बहुत तेजी से फैलती हैं। ऐसे में संस्थाओं को केवल सही सूचना ही नहीं बल्कि समय पर सूचना भी देनी चाहिए। अस्पष्टता संदेह को जन्म देती है। यदि छात्रों को यह स्पष्ट न हो कि अगला कदम क्या होगा, परिणाम कब आएगा या पुनर्परीक्षा होगी या नहीं, तो वे अनावश्यक तनाव में घिर जाते हैं। इसलिए परीक्षा-प्रशासन को अपने संवाद को औपचारिकता से निकालकर भरोसेमंद सार्वजनिक सेवा में बदलना होगा। चौथी और सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता कठोर और निश्चित दंड व्यवस्था की है। प्रश्नपत्र लीक, जालसाजी, सेंधमारी या आंतरिक सहयोग जैसी अनियमितताओं पर केवल नैतिक निंदा पर्याप्त नहीं है। जब तक अपराधियों को त्वरित और निश्चित दंड नहीं मिलेगा, तब तक व्यवस्था में सुधार अधूरा रहेगा। शिक्षा-क्षेत्र में दंड का उद्देश्य प्रतिशोध नहीं बल्कि निवारण होना चाहिए। व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए कि अनियमितता करने वाला यह समझ सके कि उसे लाभ नहीं बल्कि त्वरित क्षति मिलेगी। तभी ईमानदार विद्यार्थी को यह भरोसा मिलेगा कि उसकी मेहनत सुरक्षित है। भारत को अब ऐसी परीक्षा संस्कृति की आवश्यकता है जिसमें छात्र को शक नहीं, सुरक्षा का अनुभव हो; जिसमें प्रशासन केवल आदेश देने वाला नहीं बल्कि उत्तरदायी संरक्षक बने; और जिसमें पारदर्शिता केवल शब्दों में नहीं, बल्कि हर प्रक्रिया में दिखाई दे। यही वह मार्ग है जिससे शिक्षा-व्यवस्था पर लौटता विश्वास संभव हो सकता है। यदि सुधार अभी नहीं किए गए, तो हर नई परीक्षा पुराने संदेहों की पुनरावृत्ति बनती रहेगी। और जब भरोसा बार-बार टूटता है, तो केवल एक परीक्षा नहीं, बल्कि एक पीढ़ी का आत्मविश्वास भी आहत होता है। इसलिए नीट संकट को केवल एक घटना मानकर भूल जाना समाधान नहीं होगा। इसे एक चेतावनी की तरह समझना होगा। यह चेतावनी है कि यदि परीक्षा-व्यवस्था को तकनीकी चमक, औपचारिक घोषणाओं और तात्कालिक प्रतिक्रियाओं के भरोसे छोड़ दिया गया, तो भविष्य में संकट और गहरे होंगे। अब समय आ गया है कि परीक्षा-व्यवस्था को केवल नियंत्रण का नहीं, बल्कि न्याय, विश्वास और जवाबदेही का संस्थान बनाया जाए। यही सुधार आने वाली पीढ़ियों के लिए आवश्यक है और वर्तमान विद्यार्थियों के प्रति राज्य की नैतिक जिम्मेदारी भी।

डॉ. सत्यवान सौरभ

# संयम और मनोबल विश्वास की कुंजी

**संजीव ठाकुर**

असफलता को झेलने के लिए आत्मविश्वास की परम आवश्यकता होती हैसअसफलता ऐसा स्वाद है जिसे हर व्यक्ति ने जीवन में कभी ना कभी जरूर चखा होगा। असफल होने से निराश होने की आवश्यकता नहीं है। महापुरुषों ने कहा है कि असफलता यह दर्शाती है कि आपने प्रयास पूरे मन से नहीं किया है अतः असफलता के बाद सफलता के लक्ष्य को निर्धारित कर पूर्ण मनोयोग से कर्म की वेदी पर अपना शीश नवाना चाहिए। जीवन में असफलता किसी लक्ष्य को स्थापित करने का ही परिणाम है, इसीलिए इसे बड़े ही सौजन्यता से, सहज तरीके से आत्मसात करना चाहिए। सकारात्मक तरीके से आत्मविश्वास के साथ स्वीकार की गई असफलता मनुष्य को बड़े लक्ष्य की ओर प्रयास करने के लिए संकेत देती है। बिना असफलता के सफलता कोई भी आस्वाद नहीं देती है। असफलता के बाद ही सफलता के के लिए किए गए प्रयासों का महत्त्व मनुष्य को अपने जीवन में पता लगता है। शायर फैज अहमद फैज ने कहा है दिल ना उम्मीद तो नहीं नाकाम ही तो है, लंबी है गम की शाम मगर शाम ही तो है। असफलता सफलता की पहली सीढ़ी है और यह सामान्य मानवीय कृत्य भी है। असफल होने के कारणों का पता लगाकर सफलता के लिए प्रयास हमेशा हमें दोगुना कर देना चाहिए। यह भी जरूरी नहीं है कि एक बार सफल होने के बाद मनुष्य सदैव सफल ही होता रहे इसके लिए मनुष्य को लगातार चिंतनशील, आत्म विश्वासी, साहसी और सतर्क होना पड़ेगा। सफल होने के लिए हमें हमेशा हुनरवान होना होगा जिससे इसी हुनर से हमें सफलता का स्वाद चखने का मौका मिलेगा। यह सर्वविदित सच्चाई है कि हमें सफलता के लिये साहस और हुनर का उपयोग कर सदैव अग्रसर होते रहना होगा। सफलता एक लक्ष्य और उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सदैव सफलता की सीढ़ी चढ़कर हमें वहां पहुंचने की आवश्यकता है। आत्मविश्वास का अर्थ शक्ति और ऊर्ज़ा तो है और यह संपूर्ण रूप से हमारे प्रयासों हमारे संकल्प और साहब से जुड़ा हुआ प्रतिफल भी है। आज भारत विश्व का सबसे बड़ा युवा देश है। हमारे देश के लाखों, करोड़ों युवाओं का जीवन लक्ष्य हीन है वे बहुत सारी इच्छाएं और महत्वकांक्षी रखते तो हैं पर उसके पीछे कड़ी मेहनत पक्का इरादा नहीं रखने की भूल कर देते हैं और यही कारण है कि वे जीवन में इधर उधर भटक कर अत्यंत निराश होकर अपने जीवन को नशे और अन्य निराशाजनक मार्ग को अपना लेते हैं। प्रयास तथा कठिन परिश्रम की कमी ही युवा वर्ग की भटकाव की स्थिति की परिणति है। आज का युवा बिना सुनियोजित प्रयास के लक्ष्य की प्राप्ति की आकांक्षा रखने लगे हैं और असफल होने के बाद उसका मूल्यांकन ना कर असफल होकर किसी अन्य मार्ग को चुनने के लिए बाध्य हो जाते युवाओं की यह मानसिक स्थिति बड़ी आया हुआ है जो समाज के लिए निर्णायक साबित होती है और एक बड़ा युवा वर्ग गलत मार्ग की ओर प्रशस्त हो जाता है। ऐसे में युवाओं का जीवन बहुत ही कष्टदायक हो सकता है। युवा वर्ग को चाहिए कि लक्ष्य निर्धारित कर उसके लिए निरंतर कोशिश है और निरंतर श्रम करना चाहिए इसके बाद भी यदि असफलता मिलती है तो सम्यक मूल्यांकन कर असफलता के कारणों को दूर कर दुगनी रफ्तार से मेहनत कर उच्च लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। आज युवा आगे बढ़कर देश का जिम्मेदार नागरिक बनेगा ऐसे में युवाओं को सदैव लक्ष्य प्राप्ति और सफलता प्राप्ति के लिए निरंतर कठिन श्रम प्रयास संकल्प और अपनी जीवनी को नियमित रखना होगा जिससे घर, समाज और राष्ट्र की उन्नति भी होगी। उल्लेखनीय है की असफलता से ही सफलता की तमाम शिक्षा हमें प्राप्त होती है। विवेकानंद जी ने कहा है कि ब्रह्मांड की सारी शक्तियां हमारे ही भीतर ही है यह हम ही हैं जिन्होंने अपनी आंखों के सामने हाथ रखा है और रोते हुए कहते हैं कि अंधेरा है। मनुष्य के जीवन में आत्मविश्वास ही ऐसा गुण है जिससे हम संकल्पित होकर बड़े से बड़ा लक्ष्य प्राप्त कर जीवन में सफलता के झंडे गाड़ सकते हैं। विवेकानंद, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी लाल बहादुर शास्त्री, नरेंद्र मोदी और सबसे बड़े सफलता के और आत्मविश्वास के उदाहरण महात्मा गांधी ही हैं जिन्होंने आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प से देश को आजादी दिलाने का महान कार्य किया है। फिर ऐसा क्या है कि देश के युवा वर्ग की बड़ी जनसंख्या हाथ में हाथ धरे सफलता का बैठे-बैठे इंतजार करना चाहती है।

## सेहत मंत्र

# केले के छिलके की चाय पीजिये फिर देखिये स्वास्थ्य को होते हैं कितने लाभ

केला एक ऐसा फल है, जो विभिन्न प्रकार के पोषक तत्वों से युक्त होता है। अगर हम आपसे पूछें कि आप केले के छिलकों का क्या करते हैं तो आप यकीनन जवाब देंगे कि आप उन्हें डस्टबिन में फेंक देते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि केले की तरह ही उसके छिलके में भी बहुत अधिक पोषक तत्व पाए जाते हैं, जिन्हें आप यूं ही डस्टबिन में फेंक देते हैं। आमतौर पर केले का छिलका स्वाद में कड़वा होता है और इसलिए उन्हें खाना आपके लिए शायद कठिन हो। लेकिन अगर आप चाहें तो केले के छिलकों से चाय तैयार करके उसका सेवन कर सकते हैं। यह पीने में भी स्वादिष्ट होती है और इससे आपको वह सभी पोषक तत्व प्राप्त होते हैं, जिन्हें आप अब तक कूड़े में फेंक देते हैं। तो चलिए जानते हैं केले की चाय बनाने का तरीका और उससे मिलने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में- सबसे पहले तो आप चाय बनाने के लिए ऐसे छिलकों का इस्तेमाल करें, जो अत्यधिक पके हुए हों। दरअसल, जब आप पके केले के छिलकों का इस्तेमाल करते हैं तो उनका छिलका अपेक्षाकृत पतला और मीठा होता है। अब चाय बनाने के लिए आप गैस पर पानी रखकर उसमें छिलके डालकर दस मिनट के लिए उबालें। आप चाहें तो इसमें दालचीनी का एक टुकड़ा भी मिला सकते हैं। इससे आपकी चाय का स्वाद और गुणवत्ता दोनों बढ़ जाती है। अब आप गैस बंद करने के बाद हल्का ठंडा करके पीएं। केले की चाय पीने से आपके शरीर को बहुत ही अद्भुत फायदे होते हैं। खासतौर से यह कैंसर के रिस्क को काफी हद तक कम करने में मदद करता है। दरअसल, इसमें एंटीकिरिनोजेनिक, कंपाउड के साथ-साथ साइप्रोटेक्टिव और एंटीमेटेजेनिक गुण पाए जाते हैं जो कैंसर के रिस्क को कम करता है। इसके अतिरिक्त इसमें पाइफ्लेओलॉल्स और कैरोटीनोइड जैसे पाइटोकेमिकल्स भी पाए जाते हैं, यह ऐसे एंटीऑक्सिडेंट हैं जो कैंसर से लड़ने में आपकी मदद करते हैं।

## धर्म मंत्र

# तुरन्त फल की प्राप्ति चाहते हैं तो धारण करें 'टाइगर स्टोन'

ज्योतिष विज्ञान के मुताबिक किसी भी व्यक्ति के जीवन पर उसके कर्म के साथ राशि और उससे संबंधित ग्रहों का सीधा प्रभाव पड़ता है। ज्योतिष विज्ञान से हम बीता हुआ कल, वर्तमान और भविष्य की गणना आसानी से कर लेते हैं। ज्योतिष विज्ञान में रत्नों का भी महत्व बताया गया है। रत्न ज्योतिष के अनुसार 'टाइगर रत्न' सबसे अधिक प्रभावी व शीघ्र फल प्रदान करने वाला रत्न है। इस रत्न पर टाइगर के समान पिली एवं काली धारिया होने के कारण इसे ''टाइगर रत्न'' कहते है। जो व्यक्ति आत्मविश्वास की कमी के कारण बार-बार कार्यों से असफल हो रहा हो या दुखी जीवन व्यतीत कर रहा हो, उस व्यकित को टाइगर स्टोन आत्मविश्वास प्रदान करता है। इसे धारण करने से हर क्षेत्र में पूर्ण सफलता मिलती है व व्यक्ति साहसी बनता है। जिस व्यक्ति का विवाह नहीं हो रहा हो उसे शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि या गुरु पुष्य योग में टाइगर स्टोन धारण करने से शीघ्र विवाह के योग बनते है। यदि आप लगातार कर्जे में डूबते जा रहे हो तो शुक्रवार के दिन सिद्ध किया हुआ टाइगर स्टोन गले में लॉकेट के रूप में सफ़ेद धागे में धारण करें। जिन व्यक्तियों को नौकरी में समस्या आ रही या कार्यस्थल में परेशानी हो रही हो तो रविवार को सूर्य की रौशनी में टाइगर स्टोन धारण करने से लाभ होगा। इस आलेख में दी गई जानकारियों पर हम यह दावा नहीं करते कि ये पूर्णतया सत्य व सटीक हैं तथा इन्हें अपनाने से अपेक्षित परिणाम मिलेगा।

## पर्यटन




# गर्मियों में भी खूब लुभाता है नेवादा

नेवादा हर मौसम में पर्यटकों को लुभाता है। चाहें सर्दी हो या गर्मी, नेवादा के पास अपने यहां आने वालें के लिए पयार्प्त मनोरंजक और लुभावने संसाधन मौजूद हैं। जैसे-जैसे मौसम गमार्ता जा रहा है, लोग आदर्श ग्रीष्मकाल का दिवास्वप्न देखने लगते हैं, ऐसे में नेवादा उनके सपनों की उम्मीदें पूरी करने के लिए उपयुक्त स्थान हो सकता है। जो लोग अमेरिका घूमना पसंद करते हैं, वे नेवादा को नहीं चाहेंगे, ऐसा कैसे हो सकता है। इसका कारण भी है। नेवादा हर मौसम में लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है और इसके पास हर मौसम तथा हर तरह का मनोरंजन तथा आकर्षण चाहने वालों के लिए कुछ न कुछ है। गर्मियों में नेवादा में क्या करना है, यह हम आपको बताते हैं। ज्यादातर लोगों ने बर्निंग मैन के बारे में सुना है, शायद यह यहां का सबसे अद्भुत उत्सव का अनुभव है, लेकिन नेवादा में सिर्फ यही एक अनूठा उत्सव नहीं है। इस राज्य में सभी किस्म के कला-प्रशंसकों के लिए विकल्प हैं, जैसे लेक ताहोइ शेक्सपियर उत्सव, जिसमें जुलाई से अगस्त तक रात में कला-प्रस्तुतियां आयोजित होती हैं और इसमें लेक ताहोइ पृष्ठभूमि के रूप में इस्तेमाल की जाती है। इसके अलावा आप बिना कोई भावी योजना के, लोक कला प्रदर्शनियों में भी जा सकते हैं, जैसे सेवन मैजिक माउंटेन्स, लास वेगास के बाहर ही स्थित विशाल रंगीन शिलाएं, या लास्ट चर्च का अंतरराष्ट्रीय कार फॉरेस्ट, जहां सभी किस्म और आकार की सजी हुई कारें आकाश की तरफ मुंह करके रेगिस्तान में धंसी रहती हैं। चांदी के राज्य के रूप में सराबोर, नेवादा में सैकड़ों भुतिया नगर हैं, जहां सन 1800 के आखिर एवं 1900 ईसवी की शुरूआत के खनन नगर अब भी विद्यमान हैं। वैसे हैलोवीन के दौरान इन नगरों में घूमने का मजा अधिक रहता है, पर वसंत एवं ग्रीष्मकाल में यहां दिन में लंबी सैर करने से यात्री हरेक नगर के अतीत के बारे में जान सकते हैं और यहां के खंडहरों का भ्रमण कर सकते हैं। आप चाहें संभवतः मनुष्यों एवं डायनासोरों के भूतों के नगर बर्लिन की यात्रा करें, या फिर रियोलाइट में खूबसूरत जर्जर ढांचे देखें, आपको उनमें उस स्वर्णिम खनन युग की झलक जरूर मिलेगी।

# जनसहयोग से बने कृष्णनेश्वर महादेव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा, बाराबंकी। कुर्सी थाना परिसर में बुधवार को भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। कोतवाली स्टाफ एवं जनसहयोग से निर्मित कृष्णनेश्वर महादेव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा धार्मिक विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सम्पन्न हुई। पूरे थाना परिसर में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने हवन-पूजन कर भगवान कृष्णनेश्वर महादेव की आरती उतारी तथा मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न कराई। इस अवसर पर उन्होंने थाना परिसर में बने मिशन शक्ति केंद्र और नवनिर्मित आरक्षी बैरक का उद्घाटन भी किया।

समारोह के दौरान लोगों के बीच यह चर्चा रही कि मंदिर निर्माण की शुरुआत पूर्व कोतवाल अनिल कुमार सिंह के कार्यकाल में हुई थी। उन्होंने पूरे मनोयोग और समर्पण के साथ मंदिर निर्माण का कार्य कराया। उनके अनुरोध पर जनसामान्य ने भी दिल खोलकर सहयोग किया। क्षेत्रीय पत्रकारों ने भी सहयोग में सहभागी बनकर अपनी उदारता का परिचय दिया। वहीं मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा वर्तमान थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्णकांत सिंह के कार्यकाल में सम्पन्न हुई। हालांकि समारोह में मौजूद लोगों के बीच इस बात को लेकर चर्चा रही कि मंदिर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पूर्व कोतवाल अनिल कुमार सिंह को उद्घाटन अवसर पर सामान्य रूप से भी आमंत्रित नहीं किया गया, जिससे कुछ लोगों ने निराशा भी जताई। कार्यक्रम में एसडीएम फतेहपुर कार्तिकेय सिंह, क्षेत्राधिकारी जगतराम कन्नौजिया, रमाकांत बाजपेई उर्फ मुनवा काका, मुकेश सिंह, एसआई श्रीकांत शर्मा, अमित गुप्ता, उमेश यादव सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी, गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# पोते के साथ घर लौट रही आंगनबाड़ी कार्यकत्री की सड़क हादसे में मौत, बाल-बाल बचा पोता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फोटो 007

रामसनेही घाट बाराबंकी। क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में आंगनबाड़ी कार्यकत्री की मौत हो गई। घटना से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। बताया जा रहा है कि सूपामऊ ग्राम पंचायत की निवासिनी व आंगनबाड़ी कार्यकत्री मिथलेश कुमारी माता अलीजान अपने पोते के साथ घर वापस लौट रही थीं, तभी टिकरा किठैया नहर मार्ग पर मल्लू पुर के करीब एक ई रिक्शा ने टक्कर मार दी जिसके चलते मिथलेश सड़क पर सर के बल गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गईं। इस हादसे में मृतका का पोता शिवा बाल बाल बच गया आसपास मौजूद लोगों की मदद से उन्हें तत्काल निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि मिथलेश कुमारी काफी मिलनसार एवं जिम्मेदार स्वभाव की थीं तथा लंबे समय से आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रूप में सेवाएं दे रही थीं।घटना के बाद क्षेत्रीय लोगों का तांता लगा रहा।मिथलेश कुमारी आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पहले राजनीति में भी सक्रिय रही है एक बार क्षेत्र पंचायत सदस्य रह चुकी थी, मृतका के बेटे राज सिंह ने पोस्टमार्टम करवाने से इंकार कर दिया। मृतका के दोनों बेटे राजसिंह व शुभम सिंह अमेठी और हरदोई में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात है।



## भारतीय किसान क्रांति यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि मिश्रा का भव्य स्वागत

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद के मसौली चौराहे व शाहपुर टोल प्लाजा पर भारतीय किसान क्रांति यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि मिश्रा का भव्य स्वागत किया गया। वह बहराइच में आयोजित एक समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान मसौली चौराहे पर किसान नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार अभिनंदन किया। स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व ब्लॉक अध्यक्ष राहुल गुप्ता, मीडिया प्रभारी विशाल गुप्ता, ब्लॉक प्रभारी मोहम्मद शमीम मलिक, सिराज अहमद तथा मीडिया प्रभारी रहमान अली खान ने किया। कार्यक्रम में गाजे-बाजे, फूल-मालाओं और नारों के साथ लगभग 200 से अधिक किसान क्रांति यूनियन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत किया। वहीं शाहपुर टोल प्लाजा पर सिराज अहमद की अगुवाई में सैकड़ों युवा किसान कार्यकर्ताओं ने भी ऋषि मिश्रा का भव्य स्वागत किया। महिला ब्लॉक अध्यक्ष गुड़िया रावत ने राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वागतको फूल-मालाएं पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव तथा जिलाध्यक्ष राधेरमन वर्मा का भी किसान भाइयों द्वारा अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में महिला ब्लॉक अध्यक्ष गुड़िया रावत, ब्लॉक प्रभारी मोहम्मद शमीम मलिक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सलाउद्दीन अंसारी, उपाध्यक्ष अतीक अहमद, उस्मानपुर के दिग्गज नेता मोहम्मद राइस भवानी शंकर दीक्षित ब्लॉक सचिव राज नारायण, ब्लॉक प्रवक्ता मनोज यादव, ब्लॉक महामंत्री धर्मेंद्र यादव, गुड्डी, विमला देवी, लाल बच्चन यादव, मोहम्मद कफील, मीडिया प्रभारी विशाल गुप्ता और मीडिया प्रभारी रहमान खान सहित बड़ी संख्या में किसान नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भारतीय किसान क्रांति यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि मिश्रा का भव्य स्वागत

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद के मसौली चौराहे व शाहपुर टोल प्लाजा पर भारतीय किसान क्रांति यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि मिश्रा का भव्य स्वागत किया गया। वह बहराइच में आयोजित एक समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान मसौली चौराहे पर किसान नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार अभिनंदन किया। स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व ब्लॉक अध्यक्ष राहुल गुप्ता, मीडिया प्रभारी विशाल गुप्ता, ब्लॉक प्रभारी मोहम्मद शमीम मलिक, सिराज अहमद तथा मीडिया प्रभारी रहमान अली खान ने किया। कार्यक्रम में गाजे-बाजे, फूल-मालाओं और नारों के साथ लगभग 200 से अधिक किसान क्रांति यूनियन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत किया। वहीं शाहपुर टोल प्लाजा पर सिराज अहमद की अगुवाई में सैकड़ों युवा किसान कार्यकर्ताओं ने भी ऋषि मिश्रा का भव्य स्वागत किया। महिला ब्लॉक अध्यक्ष गुड़िया रावत ने राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वागतको फूल-मालाएं पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव तथा जिलाध्यक्ष राधेरमन वर्मा का भी किसान भाइयों द्वारा अभिनंदन किया गया।
कार्यक्रम में महिला ब्लॉक अध्यक्ष गुड़िया रावत, ब्लॉक प्रभारी मोहम्मद शमीम मलिक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सलाउद्दीन अंसारी, उपाध्यक्ष अतीक अहमद, उस्मानपुर के दिग्गज नेता मोहम्मद राइस भवानी शंकर दीक्षित ब्लॉक सचिव राज नारायण, ब्लॉक प्रवक्ता मनोज यादव, ब्लॉक महामंत्री धर्मेंद्र यादव, गुड्डी, विमला देवी, लाल बच्चन यादव, मोहम्मद कफील, मीडिया प्रभारी विशाल गुप्ता और मीडिया प्रभारी रहमान खान सहित बड़ी संख्या में किसान नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महादेवा कॉरिडोर कार्य प्रगति पर ध्वस्तीकरण कार्य जारी

### तहसील प्रशासन पर फिर उठी उंगली

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । महादेवा कॉरिडोर योजना का कार्य तेजी शुरू हुआ। अधिग्रहित शेष बचे मकानों व दुकान गिरने का काम तीन दिनों से जारी है। बुधवार के दिन जाने माने खुरपेची व्यक्तियों के भी मकान गिरना शुरू हो गए। तो वही मंदिर के दक्षिण निकास द्वारा के सामने बने धर्मशाला, दुष्यंत चौरसिया, मास्टर जय नारायण का भी मकान गिरा दिया गया। इस समय मकान और दुकान गिराने का कार्य अधिकारियों की उपस्थिति में जोर-शोर से चल रहा है। दूसरी ओर तहसील प्रशासन एक बार फिर सवालों में घिरा है। बताते हैं कि तहसील प्रशासन ने दोस्तीकरण का कार्य स्थानीय रसूख वाले व्यक्ति को सौपा है। जो की तहसील के एक बड़े अधिकारी का नजदीकी बताया जा रहा है। इसके पीछे मनसा यह है कि दोस्तीकरण की कमान संभालने वाला व्यक्ति स्वयं अवैध कब्जेदार है और उसके नाते रिश्तेदारों का भी कॉरिडोर परिक्षेत्र में कई स्थानों पर अवैध निर्माण है। अवैध निर्माण सुरक्षित के उद्देश्य से तहसील प्रशासन को किसी प्रकार लुभा कर ध्वस्तीकरण कार्य अपने हाथों में लिया है। हालांकि पुलिस प्रशासन मौके पर मौजूद है। क्योंकि शेष बचे मकान का गिरने का कार्य बहुत जल्दी ही पूर्ण हो जाएगा।क्योंकि अभी चंद्र दिनों में यहां पर अधिक मास का महीना शुरू होने वाला है। जो एक माह तक चलेगा। इस महीने में भगवान शिव जी का जलाभिषेक करने वाले अनेक जनपदों से काफी संख्या में शिव भक्तगण आते हैं। यहां पर मलमास के महीने में पूरे माह तक मेला चलता है। भक्तों से पूरा क्षेत्र भरा रहता है। मोटरसाइकिल ,जीप ,ट्रैक्टर ट्राली आदि वाहनों से लोग यहां पर आकर भगवान शिव जी का पूजन अर्चन करते हैं ।क्योंकि पुरुषोत्तम मास का बड़ा ही महत्व है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर युवक की मौत, कोहराम

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । सफदरगंज-बांसा मार्ग पर मंगलवार देर रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम टेरासानी निवासी विश्राम पुत्र राजाराम मंगलवार शाम सफदरगंज से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान बांसा-सफदरगंज मार्ग पर चक स्थित मंदिर के सामने किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद ग्रामीण तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

## आईटीआई गौरीगंज परिसर में आज लगेगा रोजगार मेला

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज में आईटीआई पास आउट प्रशिक्षार्थियों के लिये रोजगार एवं अप्रेन्टिस मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला आगामी चौदह मई को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज परिसर में आयोजित होगा जिसमें टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल लिमिटेड पंतनगर उत्तराखण्ड प्रतिभाग करेगी। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज के प्रधानाचार्य विवेक कुमार ने सर्वसाधारण को सूचित करते हुए बताया कि कम्पनी में रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप के इच्छुक आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। इसके लिए अभ्यर्थियों को अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों के साथ उनकी दो प्रमाणित छायाप्रति, बायोडाटा, आधार कार्ड, पैन कार्ड, चार पासपोर्ट साइज फोटो एवं बैंक डिटेल्स साथ लानी होगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी प्रातः ग्यारह बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज, अमेठी परिसर में उपस्थित होकर रोजगार अप्रेन्टिस मेले में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। इस मेले के माध्यम से प्रशिक्षार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## पुलिस ने तमंचा और कारतूस के साथ युवक को पकड़ा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बारह बोर के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध व अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के क्रम में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मोनू सरोज पुत्र स्व. गोवर्धन सरोज निवासी भनौली थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी उम्र करीब बाइस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में पकड़े गये युवक के कब्जे से एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बारह बोर बरामद हुई है। इस सम्बंध में थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# मुश्काबाद में डिप्थीरिया की दस्तक, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

## संक्रमित बच्चे के मिलने पर गांव पहुंची मेडिकल टीम, दवा वितरण के साथ शुरू हुआ जागरूकता अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। मुश्काबाद गांव में डिप्थीरिया (गला घोंटू) का एक मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है। बुधवार को स्वास्थ्य टीम ने गांव पहुंचकर संक्रमित बच्चे का परीक्षण किया तथा आसपास के लोगों को दवाएं वितरित कर एहतियात बरतने की सलाह दी।

जानकारी के अनुसार गांव के एक बच्चे में डिप्थीरिया संक्रमण की पुष्टि हुई है। मामले की सूचना मिलते ही मेडिकल ऑफिसर डॉ. देव प्रताप सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंची। टीम में फार्मासिस्ट अमित दुआ, बीसीपीएम शैलेष रावत, संगिनी और आशा कार्यकत्रियां शामिल रहीं।

स्वास्थ्य टीम ने गांव में मरीजों की जांच कर आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराईं और परिजनों को संक्रमण से बचाव के उपाय बताए। डॉ. देव प्रताप सिंह ने बताया कि डिप्थीरिया एक गंभीर बैक्टीरियल संक्रामक बीमारी है, जिसे आम भाषा में 'गला घोंटू' रोग कहा जाता है। उन्होंने कहा कि समय पर टीकाकरण, साफ-सफाई और संक्रमित व्यक्ति से दूरी बनाना इस बीमारी से बचाव के सबसे प्रभावी उपाय हैं।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से गांव में विशेष जागरूकता अभियान भी चलाया गया। आशा और संगिनी कार्यकत्रियों को घर-घर जाकर नए मरीजों की पहचान करने और लोगों को सतर्क करने के निर्देश दिए गए हैं। सीएचसी सिरौलीगौसपुर द्वारा गांव में निगरानी बढ़ा दी गई है तथा दवा और ओआरएस पैकेट भी वितरित किए गए हैं। डॉ. देव प्रताप सिंह ने लोगों से अपील की कि यदि किसी व्यक्ति को गले में खराश, तेज बुखार, गर्दन में सूजन या गले में किसी प्रकार की असामान्य समस्या दिखाई दे तो तुरंत आशा कार्यकत्री या नजदीकी सीएचसी से संपर्क करें। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार फिलहाल गांव की स्थिति नियंत्रण में है।

# महादेवा में लंपी स्किन डिजीज से पीड़ित सांड घूमने से दहशत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी। श्री लोधेश्वर महादेवा क्षेत्र में एक सांड लंबे समय से गंभीर त्वचा रोग से पीड़ित होकर घूम रहा है। उसके पूरे शरीर पर बड़े-बड़े दाने और गांठें उभर आई हैं, जिससे ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सांड संभवतः ल्ललंपी स्किन डिजीजङ्क से संक्रमित है, जो अन्य पशुओं में तेजी से फैलने वाला संक्रामक रोग माना जाता है।

ग्रामीणों के अनुसार कई बार सूचना देने के बावजूद पशु चिकित्सक मौके पर नहीं पहुंचे हैं। लोगों का आरोप है कि विभागीय लापरवाही के कारण संक्रमित सांड खुले में घूम रहा है, जिससे आसपास के मवेशियों में संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है।

यह क्षेत्र सूरतगंज विकासखंड में आता है। ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन, पशुपालन विभाग और वन विभाग से मांग की है कि बीमार सांड का तत्काल उपचार कराया जाए और उसे अलग रखकर अन्य पशुओं को सुरक्षित किया जाए।

विशेषज्ञों के अनुसार लंपी स्किन डिजीज में पशुओं के शरीर पर गांठें, बुखार, कमजोरी और त्वचा पर घाव जैसे लक्षण दिखाई देते हैं।

## पोषण सुधार पर डीएम सख्त, आंगनबाड़ी केंद्र जल्द शुरू करने के निर्देश

बाराबंकी। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनपद स्तरीय पोषण समिति एवं कन्वर्जेंस बैठक में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने कुपोषित और अति कुपोषित बच्चों के पोषण स्तर में सुधार के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने सैम और मैम श्रेणी के बच्चों की नियमित निगरानी तथा जरूरत पड़ने पर एनआरसी में भर्ती कराने को कहा। बैठक में पोषण ट्रैकर ऐप पर शत-प्रतिशत डेटा फीडिंग समय से पूर्ण करने और गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं व बच्चों की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। डीएम ने घर-घर जाकर पोषण परामर्श और अनुपूरक पोषण सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने फिनिशिंग स्तर पर पहुंचे 28 केंद्रों को जल्द संचालित करने तथा छत ढलाई स्तर पर बने 10 केंद्रों के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, एडीएम निरंकार सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# खबर छपते ही जागे जिम्मेदार, पंचायत भवनों में पहुंचने लगे आरओ वाटर कूलर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## बिना कार्य कराए भुगतान का मामला उजागर होने पर प्रधानों-सचिवों में मचा हड़कंप, जांच के आदेश

बाराबंकी, सिद्धौर। विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन के भुगतान और धरातल पर कार्य न होने के मामलों को लेकर प्रकाशित समाचार के बाद ग्राम पंचायतों में हड़कंप की स्थिति बन गई। खबर सामने आते ही कई पंचायतों में आनन-फानन में आरओ वाटर कूलर पंचायत भवनों तक पहुंचाए जाने लगे। हालांकि अधिकांश स्थानों पर अभी तक उन्हें स्थापित नहीं कराया जा सका है, जिससे पूरे मामले पर सवाल और गहरे हो गए हैं। बताया जाता है कि विकासखंड सिद्धौर की कई ग्राम पंचायतों में बिना कार्य पूर्ण कराए ही लाखों रुपये का भुगतान कर दिया गया था। मंगलवार को ल्लग्राम पंचायत में बिना काम के हो गया भुगतानङ्क शीर्षक से समाचार प्रकाशित होने के बाद जिम्मेदारों में अफरा-तफरी मच गई और पंचायतों में सामान पहुंचाने की जल्दबाजी शुरू हो गई। ग्राम पंचायत सेमरावा में 24 अप्रैल को आरओ वाटर कूलर लगाए जाने के नाम पर करीब 3.82 लाख रुपये का भुगतान किया गया था, जबकि गांव में एक भी वाटर कूलर स्थापित नहीं मिला। इसी प्रकार मीरापुर और सरायमीर ग्राम पंचायतों में भी आरओ वाटर कूलर तथा स्ट्रीट लाइट के नाम पर लाखों रुपये निकाले जाने का मामला सामने आया। वहीं बुधनई, बीबियापुर, थाना और कमालापुर सरईबेलहरी ग्राम पंचायतों में ह्यूम पाइप और वाटर कूलर के नाम पर भारी भुगतान किए जाने की शिकायतें ग्रामीणों द्वारा की गई थीं। समाचार प्रकाशित होने के कुछ ही घंटों बाद कई पंचायत भवनों में वाटर कूलर पहुंचा दिए गए। ग्रामीणों का आरोप है कि पहले भुगतान कर लिया गया और अब जांच से बचने के लिए कार्य दिखाने की कोशिश की जा रही है। लोगों का कहना है कि यदि समाचार प्रकाशित न होता तो शायद यह मामला दबा रह जाता। खंड विकास अधिकारी पूजा सिंह ने बताया कि कुछ ग्राम पंचायतों में वाटर कूलर पहुंचाए जाने की जानकारी मिली है। उन्होंने स्वीकार किया कि बिना कार्य कराए भुगतान किया जाना गंभीर मामला है। पूरे प्रकरण की जांच कराई जा रही है तथा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## बेटियों की सफलता का जश्न, मेधावी किशोरियां हुईं सम्मानित

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। वात्सल्य संस्था की सक्षम परियोजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत चकदहेपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में ल्लसक्सेस ऑफ गर्ल्स सेलिब्रेशनङ्क कार्यक्रम का आयोजन उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कक्षा 8 एवं 12 उत्तीर्ण करने वाली किशोरियों को सम्मानित कर बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करना था। इस दौरान कुल 10 मेधावी किशोरियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आशा बहू श्रीमती राधा वर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री कमला देवी, अध्यापक अमर सिंह वर्मा एवं अभिभावकों ने किशोरियों को ताज पहनाकर, टिफिन और डिक्शनरी भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। उपस्थित अतिथियों ने बेटियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ब्लॉक कोऑर्डिनेटर प्रेम शंकर ने कहा कि शिक्षा ही बेटियों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने सभी किशोरियों को आगे भी शिक्षा जारी रखने और निरंतर प्रगति करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर किशोरियों ने अपने माता-पिता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि परिवार के सहयोग और प्रोत्साहन से ही वे अपनी पढ़ाई पूरी कर सकीं। कार्यक्रम में अभिभावकों और ग्रामीणों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली, जिससे आयोजन का माहौल और भी प्रेरणादायक बन गया।

# लोधेश्वर इंडेन गैस पर वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी।ऑयल कम्पनी और आपूर्ति निरीक्षक की जांच में पाए गए स्टॉक मे अन्तर के कारण लोधेश्वर इंडेन गैस के विरूद्ध जिलाधिकारी के आदेश और अनुमति के क्रम में ईसी एक्ट 1995 की धारा 03/07 के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज करने के लिए थाना कोतवाली रामनगर में तहरीर दी गई।जांच रिपोर्ट के अनुसार एजेंसी के स्टॉक रिकॉर्ड और वास्तविक भौतिक सत्यापन में कई प्रकार के गैस सिलेंडरों की संख्या कम पाई गई। घरेलू 14.2 किलोग्राम गैस सिलेंडरों में सबसे अधिक अंतर सामने आया।

''जांच में सामने आए प्रमुख आंकड़े''

घरेलू गैस सिलेंडरों में भारी कमी

336 भरे हुए घरेलू गैस सिलेंडर रिकॉर्ड में दर्ज थे, जबकि गोदाम में केवल 258 सिलेंडर ही पाए गए। कुल 78 भरे हुए सिलेंडर कम पाए गए खाली सिलेंडरों में भी गड़बड़ी 246 खाली घरेलू सिलेंडरों के स्थान पर 216 सिलेंडर पाए गए।30 खाली सिलेंडर कम मिले।व्यावसायिक सिलेंडरों में भी अंतर 19 किलोग्राम व्यावसायिक गैस सिलेंडरों में 21 सिलेंडर कम पाए गए। 5 किलो और अन्य श्रेणियों में भी स्टॉक अंतर दर्ज किया गया।

## बहरेला नहर चौराहे के पास भीषण सड़क हादसा, मां-बेटे, जीजा साले समेत चार को अज्ञात वाहन ने रौंदा, एक की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेही घाट बाराबंकी। कोतवाली रामसनेही घाट क्षेत्र के बहरेला नहर चौराहे के करीब बुधवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी।प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक श्रीराम पुत्र मोतीलाल निवासी चक तारा थाना असंद्रा अपनी मां शंकरा देवी पत्नी मोतीलाल के साथ बाइक से नई सड़क की ओर जा रहे थे। वहीं दूसरी बाइक पर सोमनाथ पुत्र राम कुमार निवासी बीकापुर थाना दरियाबाद तथा दीपू पुत्र राम पाल निवासी बाबा का पुरवा थाना रामसनेही घाट सवार थे।बताया जा रहा है कि बहरेला नहर चौराहे के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइकों को टक्कर मार दी। हादसे में श्रीराम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शंकरा देवी, सोमनाथ और दीपू गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजवाया तथा मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है।

# आईपीएल : धर्मशाला में वीरवार को पंजाब के सामने होगी मुंबई इंडियंस

एजेंसी




धर्मशाला। एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में वीरवार को आईपीएल मुकाबले में पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच भिड़ंत होगी। धर्मशाला में आईपीएल सीजन का यह दूसरा मुकाबला खेला जाएगा। इससे पूर्व बीते 11 मई को पंजाब और दिल्ली के बीच मैच खेल गया था जिसमें मेजबान पंजाब को हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में अब वीरवार को पंजाब किंग्स इलेवन की टीम प्लेऑफ व पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियन्स के साथ मैच खेलेगी। धर्मशाला स्टेडियम में वीरवार को शाम साढ़े सात बजे पंजाब व मुंबई आमने-सामने होंगे। लगातार चार हार के बाद अब मेज़बान पंजाब किंग्स पर हर हाल में जीत दर्ज करने का दबाव होगा। सीजन में पहले सात मुकाबलों में से छह में जीत दर्ज करने के बाद लगातार मिल रही हार से अब पंजाब को प्लेऑफ में बने रहने के लिए पूरी जोर-आजमाईश करनी होगी। गौरतलब है कि मुंबई के स्टार खिलाड़ी हिट-मेन रोहित शर्मा, टी-20 के कैप्टन सूर्या कुमार यादव, जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पांडया व तिलक वर्मा सहित अन्य बड़े नाम होने के बावजूद टीम नौवें पायदान पर है, वह एलमिनेट भी हो चुकी है। धर्मशाला मुकाबले के लिए मुंबई के कैप्टन हार्दिक पांडया व सूर्या कुमार यादव धर्मशाला नहीं आए हैं। ऐसे में उक्त दोनों दिग्गज के बिना टीम मैदान में उतरेगी, एमआई की ओर से यंग ब्रिगेड को मौका दिए जाने की बातें चल रही हैं। सितारों से सजी हुई मुंबई इंडियन्स इस सीजन कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई है, और सबसे पहले प्लेऑफ की दौड़ से एलिमनेट हो चुकी है। ऐसे में अब मुंबई की टीम पंजाब किंग्स का खेल बिगाड़ भी सकती है। पंजाब ने शुरूआत से ही बेहतरीन खेल दिखाते हुए लगातार छह मैच जीते थे, जबकि अब धर्मशाला में लगातार चौथी हार भी हो चुकी है। ऐसे में पंजाब को प्लेऑफ में बने रहने के लिए अपने आगामी मैच जीतना जरूरी हो गया है। आईपीएल के 19वें सीजन में पंजाब अब भी लगातार चौथी हार के बाद चौथे स्थान पर है, जबकि मुंबई सीजन में मात्र तीन जीत व आठ हार के साथ नौवें स्थान पर है। ऐसे में धर्मशाला में होने वाला मुकाबला पंजाब के लिए अहम होगा। पंजाब जीत की लय में वापिस लौटना चाहेगी, वहीं मुंबई पांच बार की चैंपियन रह चुकी है, जोकि अपनी मान-मर्यादा के लिए भिड़ेगी। धर्मशाला में पंजाब मुंबई पर रहा है भार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच टक्कर हमेशा कांटे की रही है। 35 मुकाबलों में दोनों टीमें बराबरी पर हैं, यानी पंजाब व मुंबई ने 18-17 मैचों में जीत दर्ज की है।

वहीं, धर्मशाला में हिसाब दो-एक का है। धर्मशाला में आईपीएल में तीन बार पंजाब व मुंबई आमने-सामने हुए हैं, जिसमें पीबीकेएस ने दो बार जबकि एमआई के खाते में एक जीत आई है। हालांकि पिछले सीजन में पंजाब व मुंबई का धर्मशाला में होने वाला मैच अहमदाबाद शिफ्ट कर दिया गया था।

# आईसीसी टेस्ट रैंकिंग: जसप्रीत बुमराह नंबर-1 गेंदबाज बरकरार, यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल टॉप-10 में

एजेंसी



नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा बुधवार को जारी ताजा टेस्ट रैंकिंग में भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने गेंदबाजों की सूची में अपना नंबर-1 स्थान बरकरार रखा है। वहीं बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारत के युवा सितारे यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल टॉप-10 में शामिल हैं।

बल्लेबाजों की रैंकिंग में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट 880 रेटिंग अंकों के साथ पहले स्थान पर बने हुए हैं। भारत के यशस्वी जायसवाल 750 अंकों के साथ आठवें स्थान पर हैं, जबकि शुभमन गिल एक स्थान की छलांग लगाकर नौवें नंबर पर पहुंच गए हैं। गिल के खाते में 730 रेटिंग अंक हैं।

बल्लेबाजों की सूची में जो रूट के बाद इंग्लैंड के हैरी ब्रूक दूसरे, ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड तीसरे और स्टीव स्मिथ चौथे स्थान पर हैं।

गौरतलब है कि भारतीय टीम ने 2026 में अभी तक विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का कोई मुकाबला नहीं खेला है। टीम इंडिया ने आखिरी टेस्ट सीरीज नवंबर में घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली थी।

गेंदबाजों की रैंकिंग में जसप्रीत बुमराह 879 अंकों के साथ शीर्ष पर कायम हैं। भारतीय गेंदबाजों में उनके बाद मोहम्मद सिराज 12वें स्थान पर हैं। वहीं रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव क्रमशः 14वें और 15वें स्थान पर मौजूद हैं।

ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि न्यूजीलैंड के मैट हेनरी तीसरे स्थान पर काबिज हैं। ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस चौथे स्थान पर हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## आईपीएल 2026 : सीएसके ने चोटिल रामकृष्ण घोष की जगह मैकनील नरोन्हा को टीम में किया शामिल

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को बड़ा झटका लगा है। टीम के ऑलराउंडर रामकृष्ण घोष दाएं पैर में चोट के कारण पूरे सीजन से बाहर हो गए हैं। इसके बाद सीएसके ने उनके स्थान पर कर्नाटक के युवा ऑलराउंडर मैकनील नरोन्हा को टीम में शामिल किया है।
रामकृष्ण घोष को 3 मई को मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले गए मुकाबले के दौरान दाएं पैर में चोट लगी थी। मेडिकल जांच के बाद उन्हें बाकी सीजन से बाहर कर दिया गया। सीएसके ने मैकनील नरोन्हा को 30 लाख रुपये में रिप्लेसमेंट खिलाड़ी के रूप में अपनी टीम में शामिल किया है। मैकनील नरोन्हा हाल ही में शानदार घरेलू प्रदर्शन के कारण चर्चा में आए थे। उन्हें 2024-25 कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी में सर्वाधिक रन बनाने के लिए 'एमए चिदंबरम ट्रॉफी' से सम्मानित किया गया था। शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्हें कर्नाटक की सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टीम में भी जगह मिली, जहां उन्होंने राज्य के लिए तीन मुकाबले खेले। सीएसके को उम्मीद होगी कि युवा ऑलराउंडर मैकनील नरोन्हा टीम को संतुलन देने के साथ आगामी मुकाबलों में उपयोगी योगदान देंगे।

## पीतांबरा पीठ पहुंचे गौतम गंभीर, मां बगलामुखी की विशेष पूजा-अर्चना कर लिया आशीर्वाद

दतिया। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर मंगलवार देर रात मध्य प्रदेश के दतिया पहुंचे। उन्होंने यहां विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ पीतांबरा धाम में मां बगलामुखी के दर्शन कर विशेष पूजा-अर्चना की। उन्होंने मंदिर परिसर में धूमावती माई की आरती में हिस्सा लिया और देश व भारतीय क्रिकेट टीम की सफलता के लिए प्रार्थना की। गौतम गंभीर की श्री पीतांबरा पीठ में गहरी आस्था है। वह इससे पहले भी कई बार दतिया आ चुके हैं। उन्होंने टी-20 विश्व कप के दौरान भी मां पीतांबरा देवी के दरबार में पहुंचकर आशीर्वाद लिया था। गंभीर भारतीय क्रिकेट टीम की बड़ी प्रतियोगिताओं से पहले यहां आते रहे हैं, इसीलिए उनका यह दौरा भी चर्चा का विषय बन गया है। जैसे ही उनके मंदिर पहुंचने की खबर फैली, बड़ी संख्या में श्रद्धालु और क्रिकेट फैंस मंदिर परिसर में पहुंच गए। हर कोई अपने पसंदीदा क्रिकेटर और भारतीय टीम के मुख्य कोच की एक झलक पाने के लिए उत्साहित नजर आया। गंभीर जैसे ही पीतांबरा पीठ पहुंचे, परिसर के आसपास श्रद्धालुओं और क्रिकेट प्रशंसकों की भीड़ जुटने लगी। लोगों में उन्हें करीब से देखने और तस्वीरें लेने का काफी उत्साह दिखाई दिया। जिला प्रशासन और पुलिस ने मंदिर परिसर में विशेष सुरक्षा इंतजाम किए थे। मंदिर के मुख्य मार्गों और परिसर में पुलिस बल तैनात रहा, ताकि श्रद्धालुओं की आवाजाही को नियंत्रित किया जा सके। इन अतिरिक्त व्यवस्थाओं के चलते भीड़ के बावजूद दर्शन प्रक्रिया सुचारू रूप से चलती रही।

## आईपीएल 2026 : धीमी ओवर गति के कारण पैट कमिंस पर लगा 12 लाख रुपये का जुर्माना

नई दिल्ली । सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के कप्तान पैट कमिंस पर गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ मंगलवार को खेले गए मुकाबले में धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यह मुकाबला इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का 56वां मैच था, जो अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया। आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत न्यूनतम ओवर गति से जुड़े नियमों के उल्लंघन के कारण यह कार्रवाई की गई। चूंकि इस सीजन में यह सनराइजर्स हैदराबाद का पहला ओवर-रेट अपराध था, इसलिए कप्तान पैट कमिंस पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।
मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को गुजरात टाइटंस के हाथों 82 रन से शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 168 रन बनाए थे। जवाब में हैदराबाद की पूरी टीम 14.5 ओवर में सिर्फ 86 रन पर सिमट गई। गुजरात की शुरुआत खराब रही थी। कप्तान शुभमन गिल 5 रन और जोस बटलर 7 रन बनाकर जल्दी आउट हो गए थे। इसके बाद साई सुदर्शन ने 61 रन और वॉशिंगटन सुंदर ने 50 रन की अहम पारियां खेलकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। 169 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद की बल्लेबाजी पूरी तरह बिखर गई। मोहम्मद सिराज ने पहले ही ओवर में ट्रैविस हेड को शून्य पर आउट कर बड़ा झटका दिया। इसके बाद कगिसो रबाडा ने घातक गेंदबाजी करते हुए शीर्ष क्रम को तहस-नहस कर दिया। हैदराबाद की ओर से कप्तान पैट कमिंस ने सबसे ज्यादा 19 रन बनाए, लेकिन टीम को हार से नहीं बचा सके।
गुजरात की ओर से कगिसो रबाडा ने 28 रन देकर 3 विकेट लिए और उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। वहीं जेसन होल्डर और प्रसिद्ध कृष्णा ने भी शानदार गेंदबाजी करते हुए 3-3 विकेट झटके। इस जीत के साथ शुभमन गिल की कप्तानी वाली गुजरात टाइटंस अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर पहुंच गई है।

## आईपीएल 2026 : गुजरात टाइटंस की लगातार पांचवीं जीत, हैदराबाद को 82 रन से हराया

अहमदाबाद । गुजरात टाइटंस ने आईपीएल 2026 में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में गुजरात ने सनराइजर्स हैदराबाद को 82 रन से हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। इस जीत के साथ गुजरात के 16 अंक हो गए हैं।
टॉस जीतकर हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। हालांकि गुजरात की शुरुआत उम्मीद के मुताबिक नहीं रही। कप्तान शुभमन गिल और स्टार बल्लेबाज जोस बटलर पावरप्ले के भीतर ही पवेलियन लौट गए। शुरुआती छह ओवर में टीम केवल 34 रन ही बना सकी।
कठिन परिस्थितियों में साई सुदर्शन ने एक छोर संभाले रखा और संयमित बल्लेबाजी करते हुए टीम को संभाला। धीमी पिच और कसी हुई गेंदबाजी के बावजूद उन्होंने शानदार अर्धशतक जमाया। सुदर्शन ने 44 गेंदों में 61 रन बनाए और इस सीजन में लगातार तीसरा तथा कुल पांचवां अर्धशतक पूरा किया। इसी के साथ वह आईपीएल 2026 में 500 रन पूरे करने वाले पहले बल्लेबाज भी बन गए। अब वह ऑरेंज कैप की दौड़ में भी शीर्ष पर पहुंच गए हैं। उनके अलावा वाशिंगटन सुंदर ने भी बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 33 गेंदों पर 50 रन बनाए। गुजरात ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 168 रन बनाए।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम घोषित, एमिलियो गे, जेम्स रियू को मौका

एजेंसी

नई दिल्ली। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले महीने लॉर्ड्स में खेले जाने वाले पहले टेस्ट मैच के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में एमिलियो गे, जेम्स रियू और ओली रॉबिन्सन जैसे खिलाड़ियों को शामिल किया गया है, जबकि जैक क्रॉली को बाहर कर दिया गया है। यह पहली टेस्ट टीम है जिसमें इंग्लैंड के नए राष्ट्रीय चयनकर्ता मार्कस नॉर्थ की भूमिका रही है। ऑस्ट्रेलिया में एशेज सीरीज 4-1 से हारने वाली टीम की तुलना में इस बार इंग्लैंड की टेस्ट टीम में कई बड़े बदलाव देखने को मिले हैं।

सबसे चर्चित फैसला जैक क्रॉली को बाहर करना रहा। 'बैजबॉल' दौर के प्रमुख बल्लेबाजों में शामिल रहे क्रॉली का प्रदर्शन लगातार खराब रहा है। एशेज सीरीज में उनका औसत 27.30 रहा था, जबकि इस घरेलू सीजन में केंट के लिए खेलते हुए वह 10 पारियों में सिर्फ 44 रन का सर्वोच्च स्कोर बना सके। क्रॉली की जगह डरहम के एमिलियो गे को मौका मिला है, जिन्होंने इस सीजन में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 552 रन बनाए हैं। इसमें तीन शतक भी शामिल हैं। वहीं समरसेट के जेम्स रियू को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने भी घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर टीम को अतिरिक्त विकल्प देंगे।

इंग्लैंड के लिए एक और बड़ी वापसी तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन की हुई है। वह दो साल से अधिक समय बाद टेस्ट टीम में लौटे हैं। फिटनेस समस्याओं के कारण वह लंबे समय से टीम से बाहर थे, लेकिन ससेक्स की कप्तानी संभालने के बाद उनका प्रदर्शन बेहतर हुआ है। हाल ही में उन्होंने लीसेस्टरशायर के खिलाफ छह विकेट लेकर अपनी फिटनेस और फॉर्म साबित की।

टीम में लेग स्पिनर रेहान अहमद की भी वापसी हुई है। रेहान फिलहाल आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के साथ जुड़े हुए हैं। वहीं तेज गेंदबाज सन्नी बेकर और मैथ्यू फिशर को भी टीम में शामिल किया गया है।

जोफ्रा आर्चर पहले टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। इंग्लैंड के क्रिकेट निदेशक रॉब की ने कहा कि आर्चर अभी आईपीएल खेल रहे हैं और उन्हें लंबे समय बाद रेड-बॉल क्रिकेट के लिए तैयार किया जा रहा है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स भी चोट से वापसी कर चुके हैं और गेंदबाजी विकल्प के तौर पर उपलब्ध रहेंगे। वहीं गस एटकिंसन और जोश टंग तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करते नजर आ सकते हैं।

स्पिन विभाग में रेहान अहमद और शोएब बशीर के बीच मुकाबला रहेगा। बशीर को एशेज सीरीज में मौका नहीं मिला था, लेकिन घरेलू क्रिकेट में उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है।

इंग्लैंड के पुरुष क्रिकेट निदेशक रॉब की ने कहा, ल्लहमने ऐसी टीम चुनी है जिसमें अनुभवी खिलाड़ियों के साथ युवा प्रतिभाओं का शानदार संतुलन है। एमिलियो, जेम्स और सन्नी ने लगातार अच्छे प्रदर्शन के दम पर यह मौका हासिल किया है।

न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट 4 जून से लॉर्ड्स में खेला जाएगा। दूसरा टेस्ट 17 जून से द ओवल में और तीसरा टेस्ट 25 जून से ट्रेंट ब्रिज में शुरू होगा।

## एफआईएच नेशंस कप की तैयारी के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी भारतीय महिला हॉकी टीम

नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम आगामी एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप न्यूजीलैंड 2025-26 की तैयारियों के तहत ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी। हॉकी इंडिया ने बुधवार को उक्त घोषणा की। यह दौरा 21 मई से 3 जून 2026 तक आयोजित होगा, जबकि नेशंस कप का आयोजन 15 से 21 जून तक ऑकलैंड में होना है। ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान भारतीय टीम पर्थ हॉकी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मुकाबले खेलेगी। ये मैच 26, 27, 29 और 30 मई को खेले जाएंगे। पहले दो मुकाबले भारतीय समयानुसार शाम 5 बजे शुरू होंगे, जबकि आखिरी दो मैच सुबह 11 बजे खेले जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद भारतीय टीम न्यूजीलैंड रवाना होगी, जहां नेशंस कप से पहले अभ्यास मुकाबलों के जरिए अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देगी।

# हॉकी इंडिया ने नए शहरों तक बढ़ाया लेवल-1 कोचिंग कोर्स का दायरा, 600 से अधिक कोच हुए प्रमाणित

एजेंसी

नई दिल्ली । भारतीय हॉकी में जमीनी स्तर पर तकनीकी विकास को मजबूत करने और कोचिंग मानकों को बेहतर बनाने की दिशा में हॉकी इंडिया ने 'हॉकी इंडिया कोचिंग एजुकेशन पाथवे लेवल-1' कोचिंग कोर्स के नए शेड्यूल की घोषणा की है। इस बार कार्यक्रम का विस्तार नए शहरों तक किया गया है, जिससे देशभर में इसकी पहुंच और प्रभाव बढ़ेगा। हॉकी इंडिया के अनुसार यह कोर्स मई और जून 2026 के दौरान तमिलनाडु के कोयंबटूर और उत्तराखंड के हरिद्वार में विभिन्न बैचों में आयोजित किया जाएगा। कोर्स के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 13 मई से शुरू होकर 17 मई तक चलेगी। हॉकी इंडिया कोचिंग एजुकेशन पाथवे कार्यक्रम की शुरुआत से लेकर अब तक, यानी 2019 से 2026 के बीच, देशभर में 600 से अधिक कोच औपचारिक रूप से प्रमाणित किए जा चुके हैं। यह आंकड़ा भारतीय हॉकी में मजबूत घरेलू कोचिंग ढांचा तैयार करने की दिशा में महासंघ की पहल को दर्शाता है। यह कार्यक्रम कोचों को ग्रासरूट स्तर से लेकर हाई-परफॉर्मेंस और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक विकसित करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इसमें ऑनलाइन मॉड्यूल और प्रत्यक्ष प्रशिक्षण सत्रों का संयोजन रखा गया है, ताकि प्रतिभागियों को आधुनिक कोचिंग तकनीकों की बेहतर समझ मिल सके। भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी, जो स्वयं इस कार्यक्रम का हिस्सा रह चुकी हैं और एफआईएच अकादमी लेवल-3 प्रमाणित कोच हैं, ने इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा, ल्लएक खिलाड़ी से कोच बनने का सफर अलग होता है और इस कार्यक्रम ने उस बदलाव में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इससे आधुनिक कोचिंग तकनीकों, रणनीतिक योजना और खिलाड़ियों के प्रबंधन को समझने में काफी मदद मिली।

उन्होंने आगे कहा, ल्लघरेलू हॉकी ढांचे के लिए यह कार्यक्रम गेम-चेंजर साबित हो रहा है। इससे देशभर के कोच एक समान तकनीकी भाषा और सोच के साथ काम कर पा रहे हैं। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने कहा, ल्लविश्वस्तरीय खेल राष्ट्र बनने के लिए मजबूत घरेलू कोचिंग संरचना बेहद जरूरी है। 600 से अधिक प्रमाणित कोचों का आंकड़ा पार करना हमारे विजन को दर्शाता है। आधुनिक तकनीकों से लैस कोच तैयार कर हम युवा खिलाड़ियों को शुरुआती स्तर से ही बेहतर मार्गदर्शन उपलब्ध करा रहे हैं।

वहीं हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा कि तमिलनाडु और उत्तराखंड जैसे राज्यों में कार्यक्रम का विस्तार करना देश के हर हिस्से तक पहुंच बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने महिला उम्मीदवारों और पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को कोचिंग क्षेत्र में आगे लाने पर भी विशेष जोर दिया।

# थाईलैंड ओपन : सिंधु और श्रीकांत प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, आयुष शेट्टी बाहर

एजेंसी

नई दिल्ली । थाईलैंड ओपन 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु और किदांबी श्रीकांत ने शानदार जीत दर्ज करते हुए बुधवार को प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। वहीं युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी को पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने महिला एकल के पहले दौर में चीनी ताइपे की तुंग चिउ-तोंग को एकतरफा मुकाबले में 21-9, 21-12 से हराया। छठी वरीयता प्राप्त सिंधु ने यह मुकाबला सिर्फ 33 मिनट में अपने नाम किया। अब अगले दौर में उनका सामना डेनमार्क की अमाली शुल्ज से होगा। सिंधु 2024 सैयद मोदी इंटरनेशनल के बाद अपने पहले खिताब की तलाश में हैं।

पुरुष एकल में किदांबी श्रीकांत ने सिंगापुर के आठवीं वरीयता प्राप्त लोह कीन यू को 21-14, 21-15 से हराकर अंतिम-16 में प्रवेश किया। यह मुकाबला 2021 विश्व चैंपियनशिप फाइनल का रीमैच था। श्रीकांत, जिन्होंने 2013 में थाईलैंड ओपन का खिताब जीता था, अब अगले दौर में चीनी ताइपे के सु ली यांग से भिड़ेंगे। बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता आयुष शेट्टी को जापान के कोडाई नाराओका के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। पहले गेम गंवाने के बाद आयुष ने शानदार वापसी करते हुए दूसरा गेम जीतकर मुकाबले को निर्णायक गेम तक पहुंचाया। हालांकि तीसरे गेम में जापानी खिलाड़ी पूरी तरह हावी रहे और उन्होंने 21-13, 17-21, 21-4 से जीत दर्ज की। महिला एकल में युवा भारतीय खिलाड़ी उन्नति हुड्डा और अनमोल खरब भी हारकर बाहर हो गईं। उन्नति हुड्डा ने थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग के खिलाफ पहला गेम जीतकर शानदार शुरुआत की, लेकिन चौथी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने वापसी करते हुए 11-21, 21-17, 21-16 से मुकाबला जीत लिया।

# महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित, सोफी मालिनक्स फिट, डार्सी ब्राउन टीम से बाहर

एजेंसी

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। कप्तान सोफी मालिनक्स फिट होकर टूर्नामेंट में वापसी करेंगी, जबकि तेज गेंदबाज डार्सी ब्राउन को टीम से बाहर कर दिया गया है। उनकी जगह 19 वर्षीय बाएं हाथ की तेज गेंदबाज लूसी हैमिल्टन को मौका मिला है। वहीं ग्रेस हैरिस की भी टीम में वापसी हुई है। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने टीम में दो लेग स्पिनर अलाना किंग और जॉर्जिया वेयरहैम को शामिल किया है। इनके अलावा बाएं हाथ की स्पिनर सोफी मालिनक्स और ऑफ स्पिन ऑलराउंडर एश्ले गार्डनर भी टीम का हिस्सा हैं। राष्ट्रीय चयनकर्ता शॉन फ्लेग्लर ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के हवाले से कहा कि जरूरत पड़ने पर चारों स्पिनर एक साथ प्लेइंग इलेवन में खेल सकती हैं, लेकिन अलाना किंग फिलहाल स्पिन मददगार परिस्थितियों के लिए चौथे विकल्प के रूप में देखी जा रही हैं। उन्होंने कहा, ल्लसोफी हमारी कप्तान हैं और वह निश्चित रूप से खेलेंगी। महिला क्रिकेट में बाएं हाथ की स्पिन बेहद अहम मानी जाती है। जॉर्जिया लंबे समय से प्रमुख लेग स्पिनर रही हैं और अलाना ने भी शानदार प्रदर्शन किया है। लेकिन फिलहाल हमारी प्राथमिकता एश, सोफी और जॉर्जिया हैं। परिस्थितियां अनुकूल होने पर अलाना को मौका मिलेगा।

डार्सी ब्राउन का बाहर होना काफी चौंकाने वाला माना जा रहा है। उन्होंने 2023 महिला टी20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। भारत के खिलाफ सेमीफाइनल में उन्होंने 18 रन देकर 2 विकेट लिए थे, जबकि फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 25 रन देकर 1 विकेट हासिल किया था।

# हरे निशान पर खुला शेयर बाजार सेंसेक्स 138 अंक उछला

एजेंसी



नई दिल्ली । पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव का सीधा असर घरेलू शेयर बाजार पर पड़ा है। हालांकि, सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को शेयर बाजार हरे निशान पर खुला। फिलहाल, बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक में तेजी दिख रही है।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 137.64 अंक यानी 0.18 फीसदी की उछाल के साथ 74,696.88 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 66.25 अंक यानी 0.28 फीसदी की तेजी के साथ 23,445.80 के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पावर ग्रिड, टाइटन और एक्सिस बैंक के शेयर नुकसान में रहे। हालांकि, एशियन पेंट्स, अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर में तेजी दर्ज की गई। इसी तरह एशियाई शेयर बाजारों दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की 225, चीन का एसएसई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग सकारात्मक दायरे में कारोबार कर रहा है। वहीं, अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव करीब 106.6 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया है। उल्लेखनीय है कि घरेलू शेयर बाजार में कल लगातार चाथे कारोबारी सत्र में गिरावट देखने को मिली थी। सेंसेक्स 1,456 अंक गिरकर 74,559 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी भी 436 अंक की गिरावट के साथ 23,379 के स्तर पर बंद हुआ था। पिछले 4 दिन में सेंसेक्स करीब 3,500 अंक और निफ्टी लगभग 1,000 अंक गिरा है।

# सीबीएसई 12वीं की बोर्ड परीक्षा में पास फीसद घटा, छात्राओं ने मारी बाजी

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बुधवार को 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित कर दिया लेकिन इस बार 12वीं के वार्षिक परिणाम में पिछले साल की तुलना में गिरावट दर्ज की गयी है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष कुल पास प्रतिशत में 3.19 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी है। इस बार पंजीकृत 17.80 लाख छात्रों में से 17,68,968 छात्र परीक्षा में बैठे, जिनमें से 15,07,109 छात्र सफल रहे। इस वर्ष का कुल पास प्रतिशत 85.20 फीसदी रहा, जबकि वर्ष 2025 में यह आंकड़ा 88.39 प्रतिशत था। इस प्रकार पिछले साल के मुकाबले परिणामों में स्पष्ट गिरावट देखी गयी है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 12वीं के नतीजों में इस बार भी छात्राओं ने छात्रों के मुकाबले बाजी मारी है। इस वर्ष छात्राओं का कुल पास प्रतिशत 88.86 रहा, जबकि छात्रों का पास प्रतिशत 82.13 दर्ज किया गया। इस प्रकार, सफलता के मामले में लड़कियां लड़कों से 6.73 प्रतिशत आगे रही हैं। हालांकि, पिछले साल की तुलना में छात्राओं के प्रदर्शन में भी गिरावट आयी है, क्योंकि पिछली बार उनका पास प्रतिशत 91.64 था, लेकिन इसके बावजूद वे लड़कों से बेहतर स्थिति में बनी हुई हैं। वहीं ट्रांसजेंडर श्रेणी में शामिल छात्रों का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। अगर विद्यालयों की श्रेणी पर नजर डाले तो पास प्रतिशत के मामले में पिछले साल की तरह इस बार भी सरकारी विद्यालयों ने निजी विद्यालयों को पछाड़ दिया है। जहां निजी विद्यालयों का पास प्रतिशत मात्र 84.22 प्रतिशत रहा, वहीं सरकारी विद्यालयों ने 89.55 फीसदी की सफलता दर के साथ काफी बेहतर प्रदर्शन किया। इतना ही नहीं, निजी विद्यालय अन्य श्रेणियों जैसे सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालय (86.07 प्रतिशत)

**90 और 95 फीसद अंक पाने वाले छात्रों की संख्या में भी आई**

और यहां तक कि एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (85.55प्रतिशत) से भी पीछे रहे हैं। सरकारी स्कूलों ने निजी संस्थानों के मुकाबले अपनी श्रेष्ठता कायम रखी है। अगर संस्थानवार प्रदर्शन को देखें तो इस बार केंद्रीय विद्यालयों (केवी) का दबदबा रहा। विभिन्न संस्थानों के बीच केंद्रीय विद्यालयों का प्रदर्शन सबसे शानदार रहा। केवी के 98.55 प्रतिशत छात्र सफल हुए, जबकि जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) 98.47 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहा। क्षेत्रीय प्रदर्शन के मामले में त्रिवेंद्रम क्षेत्र ने एक बार फिर बाजी मारी है और 95.62 पास प्रतिशत के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया है। वहीं चेन्नई (93.84 प्रतिशत ) दूसरे और बेंगलुरु (93.19 प्रतिशत) तीसरे स्थान पर रहा। इस सूची में सबसे निचले पायदान पर प्रयागराज (72.43 प्रतिशत) और पटना (74.45 प्रतिशत) रहे। सीबीएसई ने बताया कि इस बार मूल्यांकन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की गयी थीं। सीबीएसई के अनुसार, इस साल कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा के लिए कुल 17,80,365 छात्रों ने पंजीकरण कराया था। परीक्षा का सफल आयोजन देशभर के 7,573 केंद्रों पर किया गया, जिसमें बोर्ड ने कुल 120 विषयों की परीक्षा ली। यह परीक्षाएं 17 फरवरी 2026 से शुरू होकर 10 अप्रैल 2026 तक चली थीं।

बोर्ड ने इस वर्ष परीक्षा केंद्रों और स्कूलों की भागीदारी में बढ़ोतरी की थी। वर्ष 2026 में कुल 19,967 स्कूलों और 7,573 परीक्षा केंद्रों को इस प्रक्रिया में शामिल किया गया। इसकी तुलना में वर्ष 2025 में 19,299 स्कूल और 7,330 परीक्षा केंद्र सक्रिय थे।

# एन रंगासामी ने पुडुचेरी के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली

एजेंसी

पुडुचेरी। पुडुचेरी में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का नेतृत्व कर रहे एन आर कांग्रेस के संस्थापक-अध्यक्ष एन रंगासामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। लगातार दूसरी बार गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे श्री रंगासामी के साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक विधायक ने भी कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। केन्द्र शासित प्रदेश के उपराज्यपाल एन कैलाशनाथन ने यहाँ लोक भवन में आयोजित साधारण शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री सहित नए मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। श्री रंगासामी के साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक दल के नेता और पूर्व गृह मंत्री ए नमशिवायम और एन आर कांग्रेस के विधायक मल्लाडी कृष्ण राव ने भी मंत्री के रूप में शपथ ली। यह पांचवीं बार था जब श्री रंगासामी ने मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, केंद्रीय मंत्री और भाजपा के पुडुचेरी पर्यवेक्षक मनसुख मंडाविया, भाजपा चुनाव प्रभारी निर्मल कुमार सुराना, अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) और लक्षिया जननायक काची सहित गठबंधन सहयोगियों के नेता और क्षेत्रीय प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। आज कार्यभार संभालने वाली नई कैबिनेट का आने वाले दिनों में और अधिक मंत्रियों को शामिल करके विस्तार किया जाएगा। कुल 30 सीटों में से एआईएनआरसी के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 18 सीटें जीतीं, जिसमें अकेले एन आर कांग्रेस ने 12 सीटें, भाजपा ने चार और अन्नाद्रमुक तथा लक्षिया जननायक काची ने एक-एक सीट जीती, जबकि विपक्षी कांग्रेस- द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) गठबंधन ने छह सीटें जीतीं, जिनमें द्रमुक ने पांच और कांग्रेस ने एक सीट हासिल की। शेष छह सीटों पर टीवीके और उसके सहयोगियों तथा निर्दलीयों ने जीत दर्ज की। नौ अप्रैल के चुनावों में श्री रंगासामी ने दो सीटों से जीत हासिल की - अपने गढ़ थट्टनचावडी से, जहाँ उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और अपने प्रतिद्वंद्वी वी वैथिलिंगम को हराया, जो लोकसभा सांसद भी हैं, तथा मंगलम निर्वाचन क्षेत्र से भी उन्होंने जीत दर्ज की। अब मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद वह जल्द ही इनमें से एक सीट से इस्तीफा दे देंगे। श्री रंगासामी अतीत में अपनी मूल पार्टी कांग्रेस में रहने के दौरान भी मुख्यमंत्री के रूप में कार्य कर चुके हैं। वर्ष 2008 में जब वह कांग्रेस शासन का नेतृत्व कर रहे थे, तब उनके और श्री वैथिलिंगम के बीच मतभेद उभर आए थे।

# पेपर लीक मामले की जांच के लिए सीबीआई पहुंची एनटीए मुख्यालय

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को 'नीट-यूजी 2026 पेपर लीक' मामले में अपनी जांच तेज कर दी है। इसी कड़ी में एजेंसी के अधिकारियों की एक टीम परीक्षा प्रक्रिया से संबंधित विवरण जुटाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी स्थित राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के मुख्यालय पहुंची।

सूत्रों के अनुसार, पांच सदस्यीय सीबीआई टीम ने एनटीए मुख्यालय का दौरा किया और तीन मई को आयोजित मेडिकल प्रवेश परीक्षा से जुड़े कथित लीक और अनियमितताओं की चल रही जांच के हिस्से के रूप में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा की।

एजेंसी परीक्षा के संचालन, आंतरिक संवाद, लॉजिस्टिक्स, डिजिटल डेटा और गोपनीय परीक्षा सामग्री के प्रबंधन से जुड़े विस्तृत रिकॉर्ड मांग रही है। शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग की लिखित शिकायत पर सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज करने के एक दिन बाद सीबीआई ने यह कदम उठाया है।

देशभर के 22 लाख से अधिक उम्मीदवारों के लिए आयोजित नीट-यूजी 2026 परीक्षा को उन आरोपों के बाद रद्द कर दिया गया था, जिनमें कहा गया था कि परीक्षा से पहले प्रसारित एक 'गेस पेपर' वास्तविक पेपर के कई प्रश्नों से काफी हद तक मेल खाता था।

सीबीआई पहले ही विशेष जांच दल गठित कर चुकी है और लीक के स्रोत का पता लगाने तथा इस मामले में शामिल व्यापक नेटवर्क की पहचान करने के लिए कई राज्यों में अधिकारियों को भेजा है।

# नंदीग्राम सीट छोड़ेंगे सीएम शुभेंदु अधिकारी, बोले वहां के लोगों को अपनी कमी कभी नहीं खलने दूंगा

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को घोषणा की कि वह नंदीग्राम विधानसभा सीट छोड़ देंगे और भवानीपुर सीट से विधायक बने रहेंगे। हाल ही में सम्पन्न विधानसभा चुनाव में उन्होंने भवानीपुर और नंदीग्राम दोनों सीटों पर जीत दर्ज की थी। बुधवार को उन्होंने भवानीपुर से विधायक के रूप में विधानसभा में शपथ भी ली।

विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि नंदीग्राम सीट पर अब उपचुनाव कराया जाएगा और वहां से कोई अन्य प्रतिनिधि विधायक चुना जाएगा। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि अगले पांच वर्षों तक नंदीग्राम के लोगों को उनकी अनुपस्थिति महसूस नहीं होने दी



जाएगी। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि नंदीग्राम के विकास के लिए उन्होंने जो भी वादे किए हैं, उन्हें राज्य के अन्य हिस्सों की तरह पूरा किया जाएगा। उन्होंने वर्ष 2009 से 2016 के बीच नंदीग्राम से तृणमूल कांग्रेस विधायक रहीं फिरोजा बीबी का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय वह स्वयं विधायक नहीं थे, फिर भी क्षेत्र के विकास में पूरा सहयोग दिया था। उन्होंने कहा कि इस बार भी वह नंदीग्राम के लिए उसी तरह काम करते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि, हालिया विधानसभा चुनाव में शुभेंदु अधिकारी ने भवानीपुर सीट पर तृणमूल कांग्रेस प्रमुख व पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को 15,105 मतों से पराजित किया था। वहीं, नंदीग्राम सीट पर उन्होंने तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार पवित्र कर को 9,665 मतों के अंतर से हराया।

इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सादगी और ईंधन बचत संबंधी अपील पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने अपने काफिले में वाहनों की संख्या कम करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि केवल अत्यावश्यक सुरक्षा वाहन ही काफिले में रखे जाएंगे।

## बाहुबली पूर्व विधायक समेत चार को हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जिले की एक विशेष अदालत ने 46 वर्ष पुराने हत्या के मामले में बाहुबली पूर्व विधायक विजय मिश्रा समेत चार आरोपियों को कठोर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट के न्यायाधीश योगेश कुमार तृतीय ने बुधवार को विजय मिश्रा, जीत नारायण, संतराम मिश्रा और बलराम मिश्रा को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत कठोर आजीवन कारावास तथा एक-एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। इसके अलावा अदालत ने सभी आरोपियों को आईपीसी की धारा 307 के तहत 10-10 वर्ष के कारावास और 50-50 हजार रुपये जुर्माने से भी दंडित किया। अदालत ने चारों आरोपियों को एक दिन पहले ही दोषी करार दिया था। इसके बाद जमानत पर चल रहे तीनों अन्य आरोपियों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया था। वहीं विजय मिश्रा पहले से आगरा जेल में बंद हैं। अभियोजन पक्ष के अनुसार 11 फरवरी 1980 को प्रयागराज कचहरी परिसर में 35 वर्षीय प्रकाश नारायण पांडेय की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में मृतक के बड़े भाई श्याम नारायण पांडेय ने कर्नलगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। सजा सुनाए जाने से पहले बाहुबली पूर्व विधायक विजय मिश्रा को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अदालत परिसर लाया गया। फैसले को देखते हुए कचहरी परिसर और एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था।

## अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनेगा नागपुर हवाई अड्डा

नयी दिल्ली। केंद्रीय सरकार ने बुधवार को नागपुर एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में विकसित करने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसे सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के तहत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के तौर पर विकसित किया जायेगा। मंत्रिमंडल ने नागपुर हवाई अड्डे के लिए मिहान इंडिया लिमिटेड (एमआईएल) को दी गयी लीज की अवधि 06 अगस्त 2039 से आगे 30 साल और बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

# पेज एक का शेष

## मोबाइल ऐप पर अश्लील...

जा सके और 2021 के आईटी नियमों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जा सके। अदालत ने जनहित याचिका पर केंद्र सरकार, गूगल एलएलसी, एप्पल और सीईआरटी-इन को भी नोटिस जारी किया और इन मंचों से की गई कार्रवाई पर रिपोर्ट मांगी। याचिकाकर्ता के वकील, एडवोकेट तन्मय मेहता ने इस बात पर प्रकाश डाला कि आपत्तिजनक मोबाइल एप्लिकेशन बच्चों के लिए आसानी से उपलब्ध थे और उनके संचालन के माध्यम से लाखों डॉलर कमाए जा रहे थे। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा ने कहा कि इस खतरे पर अंकुश लगाना होगा और ऑनलाइन मंच से अधिक जवाबदेही की मांग की। याचिकाकर्ता ने जनहित याचिका में कहा कि कई मोबाइल एप्लिकेशन उपयोगकर्ताओं को आकर्षित करने और बनाए रखने के इरादे से सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 और भारतीय न्याय संहिता के विभिन्न प्रावधानों का घोर उल्लंघन कर रही थी।

## सप्ताह में एक दिन सार्वजनिक...

परिषद की स्टैंडिंग कमेटियों की बैठकें यथासंभव हाइब्रिड मोड में आयोजित की जाएं। मुख्यमंत्री ने सचिवालय और निदेशालय स्तर पर एयरकंडीशनर एवं लिफ्ट के आवश्यकता-आधारित उपयोग के निर्देश देते हुए एसी का तापमान 24 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रखने तथा प्राकृतिक प्रकाश के अधिकतम उपयोग को प्रोत्साहित करने की बात कही। उन्होंने सार्वजनिक परिवहन, रेल यात्रा और कारपूलिंग को बढ़ावा देने के साथ 50 से अधिक कर्मचारियों वाले संस्थानों में सप्ताह में कम से कम दो दिन 'वर्क फ्रॉम होम' व्यवस्था अपनाने पर भी बल दिया। ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरणीय संतुलन को शासन की प्राथमिकता बताते हुए मुख्यमंत्री ने सौर ऊर्जा के व्यापक उपयोग तथा जनजागरूकता अभियानों को रिहायशी कॉलोनियों, विद्यालयों और महाविद्यालयों तक विस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित करने के लिए नई नीति तैयार करने की आवश्यकता पर बल देते हुए स्वच्छ एवं ऊर्जा-कुशल परिवहन प्रणाली को बढ़ावा देने की बात कही। मुख्यमंत्री ने सामाजिक आयोजनों में भी मितव्ययिता और स्थानीय अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन देने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शादी-विवाह एवं अन्य समारोहों के लिए घरेलू स्थलों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, ताकि अनावश्यक व्यय पर रोक लगे और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिले। 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को व्यवहार में उतारने पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्री उपहार स्वरूप उन्हीं वस्तुओं का उपयोग करें, जिनका निर्माण उत्तर प्रदेश में होता है। उन्होंने कहा कि 'एक जिला-एक उत्पाद' योजना के तहत प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण स्थानीय उत्पादों की समृद्ध श्रृंखला उपलब्ध है, जिन्हें प्राथमिकता दी जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने एलपीजी सिलेंडर के स्थान पर पीएनजी कनेक्शन को प्राथमिकता देने के निर्देश देते हुए कहा कि इसके लिए आवश्यक नीतिगत बदलाव तत्काल किए जाएं। उन्होंने कॉमर्शियल एलपीजी उपयोगकर्ताओं को भी पीएनजी से जोड़ने की जरूरत बताई। मुख्यमंत्री ने आयातित वस्तुओं के न्यूनतम उपयोग पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने तिलहन उत्पादन, प्राकृतिक खेती और रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई। उन्होंने खाद्य तेल की खपत कम करने तथा इसके प्रति जनजागरुकता बढ़ाने की बात कही। साथ ही, सोने के अनावश्यक आयात को हतोत्साहित करने और वर्षा जल संरक्षण को जनांदोलन का रूप देने की अपील भी की। बैठक की शुरुआत में मुख्यमंत्री ने मंत्रिमंडल में शामिल नए मंत्रियों का औपचारिक परिचय कराया। उन्होंने कहा कि शासन के सभी अंगों में जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही सबसे अधिक होती है और जनता प्रतिदिन नेताओं एवं मंत्रियों के कार्यों का मूल्यांकन करती है। उन्होंने कहा कि एक जनप्रतिनिधि का आचरण ही जनता के लिए सबसे बड़ा संदेश बनता है। नवनियुक्त मंत्रियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बड़ा दायित्व है और आगामी विधानसभा चुनावों के दृष्टिगत समय भी अपेक्षाकृत कम है। ऐसे में सभी मंत्रियों को कम समय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करना होगा। उन्होंने नए मंत्रियों को वरिष्ठ एवं अनुभवी मंत्रियों से संवाद बनाए रखते हुए सीखने और प्रभावी कार्यशैली विकसित करने की सलाह दी। साथ ही निर्देश दिया कि कैबिनेट मंत्री विभागीय नीतिगत विषयों में अपने सहयोगी राज्य मंत्रियों का अभिमत अवश्य लें।

## अखिलेश के छोटे...

भाजपा सांसद साक्षी महाराज, समाजवादी पार्टी की सांसद व अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव, शिव पाल सिंह यादव, कांग्रेस विधायक दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता सिंह, सपा सांसद धर्मेंद्र यादव, विधान परिषद सदस्य लाल बिहारी यादव, विधायक रविदास मेहरोत्रा समेत बडी संख्या में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, विधायक, सांसद और पदाधिकारी प्रतीक यादव के आवास पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रतीक के आवास पर पहुंच कर अंतिम दर्शन करने श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा हुआ है। प्रतीक का अंतिम संस्कार गुरुवार दोपहर 12.30 बजे पिपराघाट लखनऊ में किया जायेगा। प्रतीक यादव की मौत को लेकर लखनऊ के मध्य क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के विधायक रविदास मेहरोत्रा ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम करने की वजह पूछने पर डॉक्टरों ने बताया कि मौत संदिग्ध होने पर पीएम किया जाता है, इसलिए प्रतीक यादव के शव का पीएम किया जा रहा हे, तो जाहिर सी बात है कि कुछ संदिग्ध है, इसलिए जांच जरूरी है लेकिन प्रतीक के परिजन किसी प्रकार की टिप्पणी नहीं कर रहे हैं। हालांकि कुछ दिन पूर्व प्रतीक लखनऊ के एक निजी अस्पताल में फ़ेफड़े संबंधी उपचार के लिए भर्ती हुए थे और फिर घर आ गये। विवाह के बाद प्रतीक यादव और अपर्णा के रिश्तों में पहले जैसी गर्माहट नहीं थी। बल्कि बीच बीच में तल्खी होने की खबरें आती रहीं। इस साल कुछ ऐसी भी खबरें सोशल मीडिया में आयी जिनमें प्रतीक यादव ने इंस्टाग्राम पर अपर्णा को लेकर कुछ मनमुटाव वाली बातें कही थी। एक के बाद एक पोस्ट से रिश्तों में अधिक कडुवाहट आयी लेकिन बाद में इस मामले का पटाक्षेप हो गया। प्रतीक से विवाह के बाद अपर्णा ने समाजवादी पार्टी की राजनीति शुरु की। उन्होंने 2017 में लखनऊ की कैंट विधानसभा से साइकिल चुनाव चिह्न पर चुनाव भी लड़ा, लेकिन भाजपा की रीता बहुगुणा जोशी से वे हार गयीं थीद्य इसके बाद वर्ष 2022 के चुनाव से पहले उन्होंने भाजपा की ओर रुख किया और भाजपा में शामिल हो गयींद्य वर्तमान में अपर्णा उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष हैंद्य वहीं प्रतीक राजनीतिक तौर पर सक्रिय नहीं थे, लेकिन सपा प्रमुख अखिलेश यादव के समर्थन में ही रहते थे। कभी भी उन्हें सपा के विरोध में बयान देते नहीं सुना गया और न ही ऐसे किसी कार्यक्रम में गये जहां अखिलेश यादव के विरोधी बातें होती हों। सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के जीवित रहते ही पार्टी पर वर्चस्व को लेकर खींचतान शुरु हो गयी थी। इसमें अखिलेश यादव एक तरफ तो मुलायम सिंह दूसरी तरफ थे। परिवार भी बंटा हुआ था, लेकिन प्रतीक और अखिलेश यादव के बीच कभी तल्ख बातचीत नहीं हुई । पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद भी अखिलेश यादव और प्रतीक यादव ने परिवार की गरिमा हमेशा बनाये रखी और दोनों एक दूसरे के साथ बने रहे। प्रतीक यादव देश के दिग्गज राजनीतिक परिवार से जरूर थे, लेकिन उन्होंने कभी सियासत में दिलचस्पी नहीं दिखायी । एक बार जब मुलायम सिंह यादव ने आजमगढ़ और मैनपुरी दोनों संसदीय सीट से चुनाव जीता था, तब कयास लगाए जा रहे थे कि प्रतीक किसी एक सीट से चुनाव लड़ सकते हैं लेकिन उन्होंने सियासत में जाना उचित नहीं समझा और राजनीति से हटकर व्यवसाय को अपनाया। उन्होंने राजधानी लखनऊ में सबसे बड़ा द फिटनेट प्लेनेट नाम से जिम खोला और रियल स्टेट में निवेश किया। डद्ब पशुप्रेमी थे और पत्नी अपर्णा के साथ गौशाला जाकर नियमित रूप से गौसेवा करते थे। जीव आश्रय नाम से एक संस्था भी चलाते थे। पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे प्रतीक यादव ने अपर्णा विष्ट से पहले दोस्ती फिर प्यार और इसके बाद विवाह किया था। प्रतीक और अपर्णा दोनों स्कूली दिनों के दोस्त थे। अपर्णा के पिता अरविंद सिंह विष्ट एक प्रमुख मीडिया हाउस में काम कर चुके हैं और उत्तर प्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त भी रह चुके हैं। दोनों परिवारों की रजामंदी से दिसंबर 2011 में सैफई में प्रतीक और अपर्णा का विवाह हुआ और उस विवाह में देश के तमाम प्रमख हस्तियां शामिल हुईं थी।

## नीट-यूजी 2026...

की मांग की है। याचिका अधिवक्ता तान्या दुबे के जरिए दाखिल की गई है। याचिका में फ़ेडरेशन ने अदालत से यह भी मांग की है कि वह न्यायिक रूप से नियुक्त एक उच्च-स्तरीय समिति की कड़ी देखरेख में नीट यूजी 2026 का आयोजित करने का आदेश दिया जाए।

## ट्रंप को 10 फीसदी...

है और वैश्विक व्यापार प्रभावित हो सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार अदालत का अंतिम फैसला अमेरिकी व्यापार नीति, वैश्विक सप्लाई चेन और अंतरराष्ट्रीय कारोबार पर बड़ा असर डाल सकता है। चीन, यूरोप और एशियाई देशों के निर्यातक भी इस मामले पर करीबी नजर बनाए हुए हैं। अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा एजेंसी ने पिछले महीने ऑनलाइन पोर्टल शुरू होने के बाद से आयातकों को 35.5 अरब डॉलर के शुल्क रिफंड को मंजूरी दे दी है। यह रिफंड अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले के बाद दिया जा रहा है, जिसमें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रमुख व्यापार नीति को रद्द कर दिया गया था। नए अदालती दस्तावेज के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद आयातों से वसूले गए शुल्क वापस करने की प्रक्रिया तेज की गई है। इसके लिए शुरू किए गए ऑनलाइन पोर्टल के जरिए कंपनियां रिफंड दावे दाखिल कर रही हैं।

## धान के भाव में 72, अरहर...

लिए खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि केंद्रीय बजट 2018-19 में एमएसपी को अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत के कम से कम 1.5 गुना पर निर्धारित करने की घोषणा के अनुरूप है। किसानों को उत्पादन लागत पर मिलने वाला अपेक्षित लाभ मूंग (61 प्रतिशत) में सबसे अधिक (इसके बाद बाजरा (56 प्रतिशत), मक्का (56 प्रतिशत) और अरहर (54 प्रतिशत) में होगा। शेष फसलों के लिए, किसानों को उत्पादन लागत पर मिलने वाला लाभ 50 प्रतिशत रहने का अनुमान है। सामान्य धान और ग्रेड-ए के धान में 72 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गयी है। केंद्र सरकार के इस फैसले से धान का नया समर्थन मूल्य 2441 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है जबकि ग्रेड ए धान के लिए किसान को 2461रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जाएगा। इसके अलावा बाजरा के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 125 रुपये प्रति क्विंटल का इजाफा किया गया जिससे इसकी एमएसपी बढ़कर 2900 रुपये प्रति क्विंवटल हो गयी है।अनाजों में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी रागी में 319 रुपये प्रति क्विंटल तो सबसे कम मक्का में केवल 10 रुपये प्रति क्विंटल ही बढ़ाये गए हैं। दलहन में अरहर के भाव में सबसे ज्यादा 450 रुपये प्रति क्विंवटल तो मूंग के भाव में केवल 12 रुपये का इजाफा किया गया है। अरहर की एमएसपी पिछले साल 8000 रुपये प्रति क्विंवटल घोषित की गयी थी। अब इसमें 450 रुपये की बढ़ोतरी के बाद इसकी नयी एमएसपी 8450 रुपये प्रति क्विंवटल हो गयी है। इसी तरह उड़द की एमएसपी में 400 रुपये बढ़ाये गए हैं। इससे इसका न्यूनतम समर्थन मूल्य 7800 रुपये प्रति क्विंवटल से तेज होकर 8200 रुपयेप्रति क्विंवटल हो गया है। लागत के अनुपात में देखें तो मूंग के किसान को उसकी लागत से 5438 रुपये प्रति क्विंवटल से 61 प्रतिशत अधिक का फायदा होगा। इसी तरह अरहर के किसान को 54 प्रतिशत का तो उड़द किसान को 51 प्रतिशत का फायदा होगा। कपास के मध्यम रेशे में 557 रुपये तो लंबे रेशे में भी 557 रुपये का इजाफा किया गया है। इससे मध्यम रेशे की एमएसपी 8267 रुपये प्रति क्विंवटल और लंबे रेशे की एमएसपी 8667 रुपये क्विंटल हो गयी है। तिलहनी फसलों में सूरजमुखी के भाव में 622 रुपये प्रति क्विंवटल की बढ़ोतरी की गयी है जिससे इसकी नयी एमएसपी पिछले साल की 7721 से बढ़कर 8343 रुपये प्रति क्विंवटल हो गयी है। मूंगफली के दामों में 254 रुपये प्रति क्विंवटल बढ़ोतरी हुयी है इससे इसकी नयी एमएसपी 7263 से बढकर 7517 रुपये प्रति क्विंवटल हो गयी है। सोयाबीन (पीला) के भाव में 380 रुपये की वृद्धि की है। इससे यह 5328 से बढकर 5708 रुपये प्रति क्विंवटल पर खरीदी जायेगी। इसके अलावा तिल का भाव 500 रुपये तेज कर दिया गया है। इससे यह 9846 से बढकर 10346 की नयी एमएसपी पर आ गया है। नाइजर सीड या रामतिल का भाव भी 515 रुपये बढाया गया है। इससे यह 9537 रुपये से तेज होकर 10052 रुपये प्रति क्विंवटल पर खरीदा जायेगा। इन सभी तिलहनों में किसान को लागत का ठीक 50 प्रतिशत ही अधिक मिलेगा। श्री वैष्णव ने बताया कि 2014-15 से 2025-26 की अवधि के दौरान धान की खरीद 8418 लाख टन थी, जबकि 2004-05 से 2013-14 की अवधि के दौरान धान की खरीद 4590 लाख टन थी। इसके अलावा 2014-15 से 2025-26 की अवधि के दौरान, 14 खरीफ फसलों की खरीद 8746 लाख टन थी, जबकि 2004-05 से 2013-14 की अवधि के दौरान, खरीद 4679 लाख टन थी। वर्ष 2014-15 से 2025-26 की अवधि के दौरान, 14 खरीफ फसलों की खेती करने वाले किसानों को भुगतान की गई एमएसपी राशि 18.99 लाख करोड़ रुपये थी, जबकि 2004-05 से 2013-14 की अवधि के दौरान किसानों को भुगतान की गई एमएसपी राशि 4.75 लाख करोड़ रुपये थी।

## कोयला गैसीकरण...

करने के लिए प्रस्ताव मुहर लगाई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कोयला गैसीकरण योजना के लिए 37,500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इसके तहत करीब तीन लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि इसके तहत 7.5 करोड़ टन कोयले के गैसीकरण से जुड़ी परियोजनाएं लगाई जाएंगी। भारत में करीब 40.1 करोड़ टन का ज्ञात कोयला भंडार है। यह हमारी अगले 200 साल की जरूरतों के लिए पर्याप्त है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने कहा कि मौजूदा भू राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए आत्मनिर्भर बनने के लिए इस तरह के फैसले जरूरी हैं। इसी संदर्भ में सरकार ने कोयले से गैस बनाने को लेकर बड़ा निर्णय लिया गया है। सरकार का लक्ष्य वर्ष 2030 तक 10 करोड़ टन की कोयला गैसीकरण क्षमता हासिल करना है। दरअसल, कोयला गैसीकरण एक प्रक्रिया है, इसमें ठोस ईंधन को कृत्रिम गैस (सिनगैस) में बदला जाता है। इस गैस का उपयोग वैकल्पिक ईंधन के रूप में होता है और इससे कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। सिनगैस से विभिन्न रसायनों का भी उत्पादन संभव है। वहीं, ऊर्जा जरुरतों को पूरा करने के लिए आयात भी कम होगा। देश की ऊर्जा जरूरतों में कोयले की अहम भूमिका है। कोयला की देश के कुल ऊर्जा मिश्रण में 55 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है। कोयले के मामले में भारत दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता देश है। गैसीकरण प्रौद्योगिकी देश के विशाल कोयला भंडार के स्वच्छ और कुशल उपयोग का अवसर मिलेगा।

## हिज्बुल का...

था। भारत विरोधी मादक पदार्थों से संबंधित आतंकी साजिश को आगे बढ़ाने के लिए शेरा ने एक आतंकी गिरोह बनाया था और पंजाब स्थित अपने सहयोगियों का एक नेटवर्क चलाता था, जो बड़ी मात्रा में हेरोइन की तस्करी, बिक्री से प्राप्त धनराशि की वसूली और वितरकों तथा आतंकी गुर्गों को धन हस्तांतरण में शामिल थे। उसके पाकिस्तान स्थित हिज्बुल मुजाहिदीन के आतंकी गुर्गों के साथ घनिष्ठ संबंध थे। यह मामला मूल रूप से पंजाब पुलिस द्वारा हिलाल अहमद शेरगोजरी नामक एक हिज्बुल मुजाहिदीन ओवरग्राउंड कार्यकर्ता की गिरफ्तारी के बाद दर्ज किया गया था। पुलिस ने हिलाल के पास से 29 लाख रुपये की मादक पदार्थ की बिक्री से प्राप्त राशि भी बरामद की थी। हिलाल, मृतक आतंकवादी कमांडर रियाज अहमद नाइकू का करीबी सहयोगी था। इस मामले की जांच में आतंकी गिरोह के पंजाब स्थित विभिन्न सदस्यों से मादक पदार्थों और आतंकवाद से जुड़े कृत्यों की 32 लाख रुपये की अतिरिक्त रकम बरामद हुई। एनआईए ने मामला अपने हाथ में लेने के बाद इस मॉड्यूल को खत्म करने और शेरा के प्रत्यर्पण को सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रयास शुरू किए। इस मामले में जांच जारी है।

# संसद सुरक्षा चूक मामले के चार आरोपितों की न्यायिक हिरासत 19 मई तक बढ़ी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने संसद सुरक्षा में चूक के चार आरोपितों की न्यायिक हिरासत 19 मई तक बढ़ा दी है। एडिशनल सेशंस जज अमित बंसल ने मामले की अगली सुनवाई 19 मई को करने का आदेश दिया।

दिल्ली पुलिस की ओर से कहा गया कि आरोपितों नीलम आजाद और अमोल धनराज के खिलाफ आरोप तय करने पर दलीलें रखने के लिए मुख्य वकील अखंड प्रताप सिंह उपलब्ध नहीं हैं। दिल्ली पुलिस ने अपनी दलीलें रखने के लिए समय देने की मांग की, जिसके बाद कोर्ट ने 19 मई को दलीलें रखने का आदेश दिया। कोर्ट ने चार आरोपितों की न्यायिक हिरासत भी 19 मई तक बढ़ाने का आदेश दिया। आरोपित नीलम आजाद और अमोल धनराज की ओर से आरोप तय करने पर 4 मई को लिखित दलीलें दाखिल की गई थी।



बुधवार को सुनवाई के दौरान इस मामले के सभी आरोपित कोर्ट में पेश हुए। इस मामले में 13 मार्च को दिल्ली उच्च न्यायालय ने संसद सुरक्षा चूक की आरोपित नीलम आजाद की जमानत की शर्तों में बदलाव करते हुए उसे अपने गृह जिले हरियाणा के जींद में रहने की इजाजत दे दी थी। उच्च न्यायालय ने जमानत की शर्तों में बदलाव करते हुए हर महीने की 15 तारीख को संबंधित जांच अधिकारी को रिपोर्ट करने का आदेश दिया था। इस मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय ने 2 जुलाई 2025 को इस मामले के दो आरोपितों नीलम आजाद और महेश कुमावत को जमानत दी थी। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में 15 जुलाई 2024 को पूरक चार्जशीट दाखिल की थी। दिल्ली पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 186, 353, 153, 452, 201, 34, 120बी और यूएपीए की धारा 13, 16, 18 के तहत चार्जशीट दाखिल की थी। दिल्ली पुलिस ने 7 जून 2024 को पहली चार्जशीट दाखिल की थी। दिल्ली पुलिस ने जिन आरोपितों के खिलाफ यूएपीए की धाराओं के तहत चार्जशीट दाखिल की है उनमें मनोरंजन डी, ललित झा, अमोल शिंदे, महेश कुमावत, सागर शर्मा और नीलम आजाद शामिल हैं। दिल्ली पुलिस की ओर से दाखिल पहली चार्जशीट करीब एक हजार पन्नों की है।

घटना 13 दिसंबर 2023 की है, जब संसद की विजिटर गैलरी से दो आरोपित चैंबर में कूदे। कुछ ही देर में एक आरोपित ने डेस्क के ऊपर चलते हुए अपने जूतों से कुछ निकाला और अचानक पीले रंग का धुआं निकलने लगा। इस घटना के बाद सदन में अफरातफरी मच गई। हंगामे और धुएं के बीच कुछ सांसदों ने इन युवकों को पकड़ लिया और इनकी पिटाई भी की। कुछ देर के बाद संसद के सुरक्षाकर्मियों ने दोनों युवकों को कब्जे में ले लिया। संसद के बाहर भी दो लोग पकड़े गए जो नारेबाजी कर रहे थे और पीले रंग का धुआं छोड़ रहे थे।

# दिल्ली में पंजाबी सांस्कृतिक सम्मेलन 2026 कार्यक्रम का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) में बुधवार को यूनाइटेड नेशन वेलफ़ेयर फाउंडेशन (यूएनडब्ल्यूएफ) की ओर से ''पंजाबी सांस्कृतिक सम्मेलन 2026ङ्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह समारोह यूएनडब्ल्यूएफ ने पंजाबी अकादमी एवं उर्दू अकादमी, कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग, दिल्ली के सहयोग से आयोजित किया। इसका उद्देश्य सांस्कृतिक एकता, भाईचारे एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना रहा। मुख्य अतिथि के रूप में कृष्णा नगर के विधायक और दिल्ली होम्योपैथिक बोर्ड एवं ईस्ट दिल्ली डेवलपमेंट कमेटी के अध्यक्ष डॉ. अनिल गोयल ने कहा, ल्लपंजाब की संस्कृति केवल एक प्रदेश की पहचान नहीं बल्कि पूरे देश की शान है। ऐसे सांस्कृतिक आयोजन समाज को जोड़ने, युवाओं को अपनी जड़ों से परिचित कराने और भाईचारे को मजबूत करने का कार्य करते हैं। वहीं, डॉ. अमरिंदर सिंह मलिहा




एवं डॉ. कनिष्क यादव ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। यूनाइटेड नेशन वेलफ़ेयर फाउंडेशन की अध्यक्ष एडवोकेट डॉ. प्रियंका अरोड़ा ने कहा कि दिल्ली सरकार की पंजाबी अकादमी एवं उर्दू अकादमी के सहयोग से ही इस सांस्कृतिक आयोजन को इतनी भव्यता एवं सफलता के साथ सम्पन्न किया जा सका। हमारा उद्देश्य केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करना नहीं, बल्कि समाज में प्रेम, एकता और मानवीय मूल्यों को मजबूत करना है।

# नीट पेपर लीक पर युवा कांग्रेस विरोध प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। युवा कांग्रेस ने राष्ट्रीय पात्रतासह प्रवेश परीक्षा (नीट) पेपर लीक मामले को लेकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफ़े और संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के गठन की मांग की। नई दिल्ली में युवा कांग्रेस मुख्यालय के बाहर हुए इस प्रदर्शन में जुटे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर काबू किया।

विरोध प्रदर्शन के दौरान दिल्ली युवा कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय लाकड़ा ने कहा कि केंद्र सरकार देश में पेपर लीक रोकने में नाकाम हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जब से राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) बनी है, तब से लगातार पेपर लीक की घटनाएं हो रही हैं। अदालतों ने भी इस पर संज्ञान लिया है। पहले विश्वविद्यालय और राज्य सरकारें परीक्षाएं कराती थीं, लेकिन अब एनटीए के भाजपा सरकार ने ऐसा भ्रष्ट तंत्र बना दिया है, जिसमें





गरीब छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। अक्षय लाकड़ा ने कहा कि नीट पेपर लीक में ऐसे लोगों के नाम सामने आए हैं, जो खुद कोचिंग संस्थान चलाते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि पिछले दस साल में 89 पेपर लीक हुए, जिनमें चार बार नीट का पेपर लीक हुआ और 48 बार परीक्षाएं दोबारा करानी पड़ीं। पर किसी भी आरोपित को कठोर दंड नहीं दिया जा सका। यह घटनाएं शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। इस मौके पर भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और दिल्ली सह प्रभारी हैवरान कंसाना तथा राष्ट्रीय सचिव एहसान अहमद भी मौजूद रहे।

# सबरीमाला मामले में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी: हिंदू धर्म जीवन जीने का तरीका, आस्था के लिए मंदिर जाना अनिवार्य नहीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। सबरीमाला मंदिर मामले पर सुनवाई के 15वें दिन बुधवार को उच्चतम न्यायालय ने कहा कि हिन्दू धर्म जीवन जीने का एक तरीका है और इसमें आस्था रखने वालों के लिए मंदिर जाना अनिवार्य नहीं है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय संविधान बेंच ने कहा कि अगर कोई अपने घर या झोपड़ी में दीपक जलाता है तो वही उसकी आस्था और धर्म को साबित करने के लिए पर्याप्त है। बुधवार को सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील डॉ जी मोहन गोपाल ने कहा कि धार्मिक समुदायों के भीतर से ही सामाजिक न्याय की मांग उठ रही है। उन्होंने कहा कि हिन्दू धर्म को एक धार्मिक श्रेणी के रुप में परिभाषित किया गया था। उसके बाद 1966 में कहा गया कि हिन्दू वह है जो सभी धार्मिक और दार्शनिक मामलों में वेदों की सर्वोच्चता स्वीकार करता है। गोपाल ने



सवाल पूछा कि अब मेरे मन में वेदों के प्रति सर्वोच्च सम्मान और आस्था है लेकिन क्या यह सच है कि आज हर व्यक्ति जिसे हिन्दू माना गया है वो वेदों की सर्वोच्च सत्ता को सभी आध्यात्मिक और दार्शनिक मामलों में स्वीकार करता है। इस पर जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा कि इसी वजह से हिन्दू धर्म को जीवन जीने का एक तरीका कहा जाता है। एक हिन्दू के लिए यह जरुरी नहीं है कि वो मंदिर जाए या हिन्दू बने रहने के लिए कोई अनुष्ठान करे। उन्होंने कहा कि किसी को भी कर्मकांडी होने की जरुरत नहीं है और न ही कोई किसी की आस्था के बीच में आ सकता है। 12 मई को उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि समाज सुधार के नाम पर संविधान के अनुच्छेद 25(1) के तहत धर्म की स्वतंत्रता का हनन नहीं होना चाहिए। 6 मई को सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने उस तरीके पर सवाल उठाया था जिसमें सुधारवादियों के एक समूह ने उच्चतम न्यायालय के 1962 के उस फैसले को चुनौती दी थी जिसमें दाऊदी बोहरा समुदाय में प्रचलित बहिष्कार की परंपरा को सही ठहराया गया था। कोर्ट ने कहा था कि उस फैसले की समीक्षा के लिए पुनर्विचार याचिका या क्यूरेटिव याचिका दायर की जा सकती है, अनुच्छेद 32 के तहत दायर याचिका कानूनसम्मत नहीं है।

उच्चतम न्यायालय ने 28 अप्रैल को कहा था कि किसी धार्मिक संस्था के प्रबंधन के अधिकार का मतलब ये नहीं है कि उसके संचालन का कोई ढांचा न हो और प्रबंधन को लेकर अराजकता की स्थिति नहीं हो सकती है। कोर्ट ने कहा था कि ऐसी संस्थाओं के कामकाज के लिए एक व्यवस्था होनी चाहिए। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली इस बेंच में जस्टिस बीवी नागरत्ना, जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, जस्टिस अरविंद कुमार, जस्टिस एजे मसीह, जस्टिस पीबी वराले, जस्टिस आर महादेवन और जस्टिस जॉयमाल्या बागची शामिल हैं।

उच्चतम न्यायालय ने 28 सितंबर 2018 को 4-1 के बहुमत से फैसला सुनाया था। कोर्ट ने कहा था कि महिलाओं के साथ काफी समय से भेदभाव होता रहा है। महिला पुरुष से कमतर नहीं है। एक तरफ हम महिलाओं को देवी स्वरुप मानते हैं। दूसरी तरफ हम उनसे भेदभाव करते हैं। कोर्ट ने कहा था कि बायोलॉजिकल और फिजियोलॉजिकल वजहों से महिलाओं के धार्मिक विश्वास की स्वतंत्रता को खत्म नहीं किया जा सकता है।

## अशासकीय विद्यालयों के शिक्षकों का लंबित वेतन जल्द जारी करने के निर्देश

देहरादून। प्रदेश के सहायता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों और कर्मचारियों को तीन माह से वेतन नहीं मिलने के मामले में डॉ. धन सिंह रावत ने विभागीय अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने लंबित वेतन शीघ्र जारी करने तथा भविष्य में ऐसी लापरवाही न होने देने के निर्देश दिए। बुधवार को विद्यालयी शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सभी लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए, ताकि शिक्षकों और कर्मचारियों को आर्थिक परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षकों एवं कर्मचारियों के हितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है। मंत्री ने कहा कि शिक्षक समाज राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और सरकार उनके सम्मान व सुविधाओं के प्रति प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अशासकीय विद्यालयों में वेतन भुगतान में आ रही बाधाओं को जल्द दूर कर नियमित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

## डीएम ललित मोहन रयाल ने पैदल पहुंचकर दिया ईंधन बचाओ का संदेश

नैनीताल। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने बढ़ती ईंधन खपत को लेकर जनजागरूकता का संदेश देते हुए अपने आवास से कार्यालय तक पैदल पहुंचकर ल्लईंधन बचाओ अभियानङ्क को आगे बढ़ाया। उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन से भी अपील की कि जहां संभव हो, वहां सार्वजनिक परिवहन एवं ईंधन रहित विकल्पों का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन अधिकारियों और कर्मचारियों के आवास कार्यालय के निकट हैं, वे पैदल या अन्य वैकल्पिक साधनों का उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इससे न केवल ईंधन की बचत होगी, बल्कि स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा और पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान मिलेगा। उन्होंने जनपदवासियों, सरकारी कर्मचारियों एवं सार्वजनिक प्रतिष्ठानों से सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता देने की अपील करते हुए कहा कि इससे प्रदूषण में कमी आएगी तथा यातायात व्यवस्था भी सुचारु बनी रहेगी।

# बैंकर्स और विभागीय अधिकारी समन्वय के साथ करें कार्य : मुख्य विकास अधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पौड़ी गढ़वाल। कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को आयोजित जिला स्तरीय सलाहकार एवं समीक्षा समिति (डीएलआरसी/डीसीसी) की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अशोक जोशी ने विभिन्न बैंकर्स एवं विभागीय अधिकारियों के साथ वित्तीय समावेशन, स्वरोजगार एवं ऋण संबंधी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने लंबित ऋण प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण तथा योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समयबद्ध ढंग से पहुंचाने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना तथा पर्यटन विभाग से




संचालित स्वरोजगार योजनाओं में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बैंक शाखा प्रबंधकों को निर्देशित किया कि लंबित आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें तथा जिन प्रकरणों में अभिलेख अधूरे हैं, उन्हें शीघ्र पूर्ण कराया जाए। उन्होंने सभी बैंक शाखाओं को वित्तीय साक्षरता शिविर नियमित रूप से आयोजित करने के निर्देश देते हुए कहा कि साइबर अपराध से बचाव, डिजिटल बैंकिंग, यूपीआई लेनदेन, ऑनलाइन धोखाधड़ी से सुरक्षा तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी ग्रामीण क्षेत्रों तक प्रभावी रूप से पहुंचायी जाए, ताकि आमजन डिजिटल सेवाओं का सुरक्षित एवं अधिकाधिक उपयोग कर सकें। किसान क्रेडिट कार्ड योजना (केसीसी) की समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने लक्ष्य के अनुरूप कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए जनपद में 25 हजार किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों को प्राथमिकता के आधार पर केसीसी से जोड़ने के निर्देश भी दिए।

# बीएचईएल प्रबंधन के खिलाफ श्रमिकों का प्रदर्शन, जल्द जेसीएम बैठक बुलाने की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। बीएचईएल मजदूर कल्याण परिषद (इंटक) के बैनर तले श्रमिकों ने बुधवार को सीएफएफपी गेट पर एकत्र होकर बीएचईएल कॉरपोरेट प्रबंधन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। श्रमिकों ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्लांट परफॉर्मेंस पेमेंट (पीपीपी) के भुगतान तथा श्रमिकों की विभिन्न लंबित मांगों के समाधान हेतु शीघ्र दो दिवसीय जेसीएम बैठक बुलाने की मांग उठाई। सभा का संचालन संगठन अध्यक्ष मुकुल राज एवं उपाध्यक्ष प्रशांत दीप गुप्ता ने किया।

संगठन के महामंत्री एवं केंद्रीय नेता राजवीर सिंह ने कहा कि बीएचईएल का इस वर्ष टर्नओवर 34,629 करोड़ रुपये और कर पूर्व लाभ 2116 करोड़ रुपये रहा है, जो पिछले वर्ष की तुलना में काफी अधिक है। इसके बावजूद श्रमिकों के पीपीपी भुगतान को लेकर अब तक जेसीएम की तिथि घोषित नहीं की गई है, जिससे कर्मचारियों में रोष है।

प्रदर्शनकारियों ने लैपटॉप वितरण, नई इंसेंटिव स्कीम में सुधार, केंद्रीय विद्यालय सेक्टर-4 में प्रवेश बहाली, ओवरटाइम भुगतान, बेहतर चिकित्सा सुविधाएं तथा मेडिकल डिपेंडेंसी सीमा बढ़ाने सहित कई मांगें उठाईं। सभा की अध्यक्षता राजेंद्र चौहान ने की। इस दौरान राकेश चौहान, अमित सिंह, रविंद्र चौहान, धर्मेंद्र मिश्रा, मनोज यादव, कपिल पुंडीर, इम्तियाज अहमद आदि श्रमिक उपस्थित रहे।

# समस्याओं के समाधान करने के लिए बैठक कर सुझाव कोर्ट में पेश करने के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने नगरपालिका नैनीताल की ओर से स्थानीय टैक्सी यूनियन को लेक ब्रिज चुंगी का पास जारी न करने के मामले में दायर याचिका पर सुनवाई के बाद राज्य सरकार और नगरपालिका से इन समस्याओं के समाधान करने के लिए बैठक कर सुझाव कोर्ट में पेश करने को कहा है।

बुधवार को मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता एवं न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ के समक्ष प्रोफ़ेसर अजय रावत सहित यूनियन की याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई हुई। मामले के अनुसार याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया था कि 12 सितंबर 2023 को कोर्ट ने आदेश पारित कर कहा था कि इसमें एसएसपी, जिला अधिकारी व यूनियन के अध्यक्ष के साथ बैठक कर अपने सुझाव कोर्ट मे पेश




करे, लेकिन अभी तक उस आदेश की अनुपालन रिपोर्ट कोर्ट मे पेश नहीं की गई और न ही सुझाव कमेटी गठित की गई। कोर्ट ने कहा कि वे जिला अधिकारी, एसएसपी नैनीताल, व्यापार मंडल के अध्यक्ष, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष और अधिवक्ता के साथ इनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए बैठक करें और लिए गए निर्णय को कोर्ट में पेश करें। कोर्ट ने अधिवक्ताओं के द्वारा उठाए गए एक सवाल पर कहा कि टैक्सी यूनियन मनमाना किराया वसूल रहे हैं। उस पर भी कोर्ट ने कहा कि इस पर भी विचार किया जाए, उसकी भी एक किराया लिस्ट तय कराई जाए या हर स्टैंड पर चस्पा की जाए। अधिवक्ता ने कहा गया कि वे हल्द्वानी जा रहे थे उनसे टैक्सी वाहन स्वामी के द्वारा कहा गया कि सीजन का समय चल रहा है, चलना है तो पूरी टैक्सी बुक करो वह भी 1800 में, एक सवारी ले जाने मे असमर्थ हूँ इसलिए इनके रेट निर्धारित किया जाए।

मामले के अनुसार तल्लीताल टैक्सी यूनियन ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि नगरपालिका के द्वारा 2017 के बाद कि टैक्सियों को नगर में प्रवेश करने के लिए पास जारी नही किया जा रहा है। उनसे शहर में प्रवेश के लिए 200 रुपये लेकब्रिज चुंगी पर लिए जा रहे है। वहीं नगरपालिका के द्वारा शहर से बाहर की टैक्सियों के पास जारी किए जा रहे है। याचिका में यूनियन की तरफ से कहा गया कि वे स्थानीय निवासी है। उनको पास जारी नही किए जा रहे जो उनके साथ एक सौतेला व्यवहार अपनाया जा रहा है।

# हरिद्वार में नॉनवेज की सप्लाई किए जाने के खिलाफ अखंड परशुराम अखाड़े का प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। श्री अखंड परशुराम अखाड़े के कार्यकर्ताओं ने रैपिडो पर प्रतिबंधित क्षेत्र में नॉनवेज की डिलीवरी किए जाने का आरोप लगाते परशुराम चौक पर प्रदर्शन किया और कंपनी पर कार्यवाही की मांग की। इस प्रदर्शन से पूर्व आज ही नगर निगम की ओर से उक्त कंपनी को चेतावनी पत्र जारी किया गया।

श्री अखंड परशुराम अखाड़े के अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक ने कहा कि रैपिडो द्वारा नॉनवेज की डिलीवरी कर धर्मनगरी की परंपरांओं का उल्लंघन किया जा रहा है। जिसे कतई सहन नहीं किया जाएगा। पंडित अधीर कौशिक ने कहा कि स्वतंत्रता से पूर्व ही नगर पालिका बायलॉज के माध्यम से हरिद्वार में मांस मदिरा की बिक्री को प्रतिबंधित किया गया है। लेकिन रैपिडो द्वारा नियमों का उल्लंघन कर हरिद्वार में नॉनवेज की



डिलीवरी की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन और नगर निगम को इसका संज्ञान लेकर कंपनी पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। केवल चेतावनी पत्र जारी करना पर्याप्त नहीं है। भागवताचार्य पंडित पवन कृष्ण शास्त्री ने कहा कि हरिद्वार और मां गंगा से करोड़ों लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। आस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में यशपाल शर्मा, विष्णु प्रसाद शास्त्री, सचिन, कुलदीप चौहान, सुरेंद्र देव, प्रवीण शर्मा, स्वामी कार्तिकेय आदि शामिल रहे।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063